mukhyadhara.daily@gmail.com +91 9142412511

हिन्दी दैनिक

राष्ट्रीय मुख्यधारा

अख़बार भी, आन्दोलन भी

www.rashtriyamukhyadhara.com

RNI : JHAHIN/2014/54374

बोकारो, शुक्रवार
03.05.2024
पृष्ठः 12, मूल्य 2/-
वर्ष : 11, अंक : 89

राष्ट्र, राष्ट्रहित और राष्ट्रवाद को सदैव समर्पित : देश से बढ़ कर कुछ भी नहीं !

कांग्रेस धर्म के आधार पर आरक्षण ना देने समेत तीन गारंटी देश को लिखित में दे : पीएम मोदी

राष्ट्रीय मुख्यधारा। आणंद

चुनावी दौरे के दूसरे दिन आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्य गुजरात के आणंद में विजय विश्वास जन सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस समेत विपक्ष पर कड़े प्रहार किए। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस धर्म के आधार पर आरक्षण ना देने समेत तीन गारंटियां लिखित में देश को दे। सरदार पटेल की जन्म भूमि पर उन्हें याद करते हुए पीएम मोदी ने विश्वास जताया कि आणंद और खेडा चुनाव में सारे रिकार्ड ध्वस्त कर देंगे। कांग्रेस पर प्रहार करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि उसके शासन में देश और गरीबों के साथ काफी अन्याय हुआ। म पर संविधान बदलने का आरोप लगाने वाले स्वयं संविधान बदलना चाहते हैं। सरदार पटेल की भूमि से मोदी ने कांग्रेस से देश को तीन लिखित गारंटियां देने को कहा। पहली, कांग्रेस संविधान बदलकर धर्म के आधार पर मुस्लिमों को आरक्षण नहीं देगी। दूसरी एससी, एसटी, ओबीसी को मिलने वाले आरक्षण में कोई फेबदल नहीं करेगी ना ही उसे खत्म करेगी और तीसरी जिस राज्य में कांग्रेस या उसके

आतंकियों का निर्यातक पाकिस्तान आज आंटे के आयात के लिए दर दर भटक रहा है : प्रधानमंत्री

सहयोगी दल की सरकार है वह वोट बैंक की राजनीति नहीं करेगी। कांग्रेस ने एसएसी, एसटी और ओबीसी को अंधेर में रख है। कांग्रेस ने पिछड़े आयोग के लिए सभी प्रस्ताव को नामंजूर कर दिया है। एससी, एसटी और ओबीसी आज भाजपा की बड़ी ताकत है 'आधी रोटी खायेंगे, इंदिरा को लायेंगे' के नारे लगाने वाले कांग्रेस को छोड़कर मोदी के साथ आ चुके हैं। आज भाजपा में सबसे ज्यादा एसटी, एससी और ओबीसी के सांसद और विधायक हैं। मंत्रिमंडल में भी इन्हीं समाज के 60 प्रतिशत मंत्री हैं। मोदी ने कहा कि कांग्रेस की सबसे बड़े वोट बैंक अल्पसंख्यक है, खासकर मुसलमान हैं। कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति करती है और वह संविधान बदलना चाहती है। कांग्रेस अपनी खास वोट बैंक को आरक्षण देने चाहती है। एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण मुसलमानों को देना चाहती है। पीएम मदी ने कहा कि इंडिया गठबंधन की एक और पोल उसके ही एक नेता ने खुल कर रख दी है। इस नेता ने 'वोट जिहाद' का आह्वान किया है। अब तक लव जिहाद और लैंड जिहाद सुना था, लेकिन अब वोट जिहाद का नारा लगने लगा है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन का इरादा बहुत खतरनाक है, जिससे हमें सतर्क रहना होगा। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि पहले पाकिस्तान की देश में चर्चा होती थी। आज पाकिस्तान के आतंकवाद का टायर पंक्चर हो चुका है। जो देश कभी आतंकियों का निर्यात करता था वह आज आंटे के आयात के लिए दर दर भटक रहा है। जिस पाकिस्तान के हाथ में कभी बम-गोले हुआ करते थे उसके हाथ में आज भीख कटोरा है।

आरक्षण में कटौती कर मुस्लिमों को देना चाहती है कांग्रेस : पीएम मोदी

बनासकांठा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार से दो दिन के गुजरात दौरे पर हैं। पहले दिन वे शाम 4.30 बजे बनासकांठा के डीसा शहर पहुंचे, जहां विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, आज कांग्रेस कहती है कि बीजेपी 400 सीटें इसलिए मांग रही है, जिससे कि आरक्षण खत्म कर सके। जबकि ही धर्म के आधार पर कांग्रेस ही एसटी, एससी, ओबीसी और पिछड़े वर्ग को मिले आरक्षण में कटौती कर मुस्लिमों को आरक्षण देना चाहती है। पीएम ने कहा कि ये लोग कर्नाटक में यह प्रयोग कर चुके हैं। कर्नाटक में रातों-रात सभी मुस्लिमों को ओबीसी घोषित कर उन्हें 5 प्रतिशत आरक्षण दे दिया। ये लोग ऐसा पूरे देश में करना चाहते हैं। जब तक बीजेपी है, जब तक मोदी है, एसटी एससी, ओबीसी और सामान्य वर्ग के लोगों को जो आरक्षण मिला है, वह कोई नहीं छीन सकता। पीएम ने आगे कहा कि मैं शहजादे और उनके गाजे-बाजे की जमात को चुनौती देता हूं कि अगर उनमें हिम्मत है तो वे कभी भी धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं देंगे। ऐसी घोषणा सभी के सामने आकर कर दें।

मुहब्बत की दुकान में बने रहे फेक वीडियो : फेक वीडियो को लेकर उन्होंने कहा, पहले चरण में इंडी गठबंधन पस्त हुआ और दूसरे चरण में ध्वस्त हो गया। ये लोग मुहब्बत की दुकान चलाने निकले थे। लेकिन दुकान में फेक वीडियो बनाने का काम शुरु कर दिया। इन लोगों ने इतने साल देश पर राज किया। इनके इतने सारे प्रधानमंत्री रहे। फिर भी आज इनकी लोगों को सामने जाने की हिम्मत नहीं है।

मई का पहला सप्ताह लोगों को कर रहा कूल-कूल, गर्मी से मिली राहत

आसमान में बादल छाने के साथ ही बारिश की भी संभावना

राष्ट्रीय मुख्यधारा। नई दिल्ली

गर्मी ने अप्रैल माह में लोगों को खूब तपाया। गर्मी से परेशान लोगों को मई माह के शुरआत में कुछ राहत हुई है। दिल्ली यूपी समेत कुछ राज्यों में मई का पहला वीक गर्मी से राहत देने वाला है। मौसम विभाग के अनुसार मई के शुरुआत में दिल्ली के लोगों को ज्यादा गर्मी नहीं झेलनी पड़ेगी। इसके साथ ही आसमान में बादल छाने के साथ ही बारिश भी हो सकती है । दिल्ली में गर्मी से राहत का दौर बुधवार से शुरू हो गया है। आज भी दिल्ली गर्मी से तपिश कम है। दिल्ली का अधिकतम तापमान 37 रहने का अनुमान है। मौसम विभाग का कहना है दिल्ली में 4 से 7 मई तक बादल छाए रहेंगे साथ ही बारिश भी होने की संभावना है जिससे दिल्ली का न्यूनतम तापमान 20 से 25 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। वहीं हिमाचल प्रदेश, जम्मू- कश्मीर और उत्तराखंड के कई इलाकों में कुछ दिनों से बारिश हो रही है। ऊंचाइयों वाले क्षेत्रों में बर्फ गिर रही है। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों पर पड़ रहा है। जिसके कारण दिल्ली सहित अन्य मैदानी इलाकों में गर्मी से राहत मिली है। बता दें कि चार मई से पहाड़ों इलाकों में बारिश हो सकती है जिससे मौसम में ठंडक बनी रहेगी। यूपी की बात करें तो यहां भले ही अभी भीषण गर्मी है लेकिन आने वाले दिनों में यहां बारिश होने की संभावना है। लखनऊ में बुधवार को लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली। मौसम वैज्ञानिक एम दानिश के मुताबिक, आज और कल दिन रात के तापमान में बदलाव के आसार नहीं हैं। इसके बाद पांच से सात मई के बीच बारिश की संभावना है। मई के पहले सप्ताह में भले ही गर्मी से राहत मिल जाए लेकिन बचे मई के आने वाले दिनों में भीषण गर्मी लोगों को परेशान करने वाली है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बुधवार को कहा कि दिल्ली समेत उत्तर भारत के ज्यादातर हिस्सों में मई में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से ज्यादा रह सकता है और लू भी चल सकती है। आईएमडी प्रमुख मृत्युजंय महापात्र ने बताया कि पूर्वी मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ के कुछ भागों, आंतरिक ओडिशा, पश्चिम बंगाल में गंगा के मैदानी इलाकों, झारखंड और बिहार समेत अन्य इलाकों में लगभग दो से चार दिन लू चल सकती है जो सामान्य से अधिक है।

खास ख़बर

कोविड-19 वैक्सीन प्रमाणपत्र से क्यों हटी पीएम मोदी की तस्वीर

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि को हटाकर कोविड 19 टीकाकरण के लिए कोविन प्रमाणपत्रों में एक उल्लेखनीय बदलाव किया है। अधिकारियों ने कहा कि चुनाव आयोग की आदर्श आचार संहिता के कारण पीएम की छवि हटा दी गई। पहले इन प्रमाणपत्रों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर के साथ-साथ कोरोना वायरस पर विजय पाने के लिए भारत के सामूहिक संकल्प की पुष्टि करने वाला एक उद्धरण भी शामिल था जिसमें लिखा था, एक साथ मिलकर, भारत कोविड-19 को हरा देगा। प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर और नाम अब इन प्रमाणपत्रों से हटा दिया गया है। जिसके बाद कई यूजर्स ने अनुमान लगाया कि वैक्सीन सर्टिफिकेट में बदलाव कोविशील्ड के साइड इफेक्ट्स की वजह से किया गया, जिसे एस्ट्राजेनेका के साथ एक लाइसेंसिंग समझौते के तहत सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) द्वारा निर्मित किया गया था। भारत में कई लोगों ने अपने टीकाकरण प्रमाणपत्रों की जांच की है। सोशल मीडिया पर यूजर्स लगातार इसकी चर्चा कर रहे हैं कि अब कोविन प्रमाणपत्रों में पीएम मोदी की तस्वीर नहीं है। इस मामले पर कई यूजर्स ने ट्वीट भी किए हैं।

सिसोदिया ने जमानत के लिए लगाई याचिका, कोर्ट ने की मंजूर सुनवाई कल

नई दिल्ली। कथित आबकारी नीति घोटाले में जेल में बंद दिल्ली से पूर्व डिप्टी सीएम और आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया ने सीबीआई और ईडी द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार और धन शोधन के मामलों में जमानत के लिए गुरुवार को दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया और एक याचिका दायर कर तत्काल सुनवाई का आग्रह किया है। अदालत याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करने के लिए सहमत हो गई। सिसोदिया की ओर वकील रजत भारद्वाज और मोहम्मद इरशाद ने कहा अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता एक विधायक है। उन्होंने अदालत से जमानत की मांग करने वाली दोनों याचिकाओं को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का आग्रह किया। तत्काल सुनवाई के लिए कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ के समक्ष याचिका का उल्लेख किया गया। अदालत याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करने के लिए सहमत हो गई। सिसोदिया ने निचली अदालत के 30 अप्रैल के आदेश को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। निचली अदालत में दो मामलों में उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। निचली अदालत ने 2021-22 की आबकारी नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं के संबंध में सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार और धन-शोधन मामलों में सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर दी है।

भ्रष्टाचारियों का कुनबा बना इंडी गठबंधन आधे बेल पर व आधे जेल में : जेपी नड्डा

राष्ट्रीय मुख्यधारा। पटना/अररिया

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को अररिया में कांग्रेस, राजद और इंडी गठबंधन पर करारा प्रहार किया। नड्डा ने राजद का मतलब रिश्वतखोर, जंगलराज व दलदल बताया। उन्होंने इंडी गठबंधन पर तंज कसते हुए कहा कि यह गठबंधन भ्रष्टाचारियों का कुनबा है। इसमें आधे बेल पर और आधे जेल में हैं। ये लोग हर तरह का हथकंडा अपनाते हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा यहां एक चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। जेपी नड्डा ने इंडी गठबंधन को राम विरोधी और देश विरोधी बताया। उन्होंने कहा कि इन लोगों को राम मंदिर के परेशानी थी। मोदी के प्रयास से राम मंदिर बनवाया गया। नरेन्द्र मोदी देश की सेवा दस साल से कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य गरीब कल्याण और सुशासन है तो दूसरी आरे राजद और कांग्रेस है, यह परिवार कुशासन की ओर ले जाएगा। उन्होंने कहा कि कोरोना के वक्त अमेरिका भी समझ नहीं पाया कि लॉकडाउन लगाए या हटाएं, लेकिन मोदी ने कड़ाई से लॉकडाउन का पालन कराया। जेपी नड्डा ने कहा कि लालू यादव कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मटन बनाना सिखा रहे हैं। ये कैसी जुगलबंदी है। लालू यादव ने कभी भ्रष्टाचार और परिवारवाद के खिलाफ हुए जेपी आंदोलन में हिस्सा लिया। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस-राजद वाले कोरोना वैक्सीन को लेकर सवाल उठा रहे थे। ये लोग लोगों को गुमराह करते रहे और खुद चुपचाप जाकर वैक्सीन लगवा रहे थे। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने देश के आम जनों की सेवा की है। अररिया में गजब का उत्साह और ऊर्जा देखने को मिल रही है। ये मुझे आश्वस्त कर रहा है कि आपने प्रदीप सिंह को तीसरी बार सांसद बनाने का फैसला कर लिया है। इस मौके पर भाजपा उम्मीदवार प्रदीप सिंह ने कहा कि वह दो बार से सांसद हूं। अररिया में 400 पुल, 1000 किमी रोड बनवाया है।

मोदी ने अंतरराष्ट्रीय जगत में भारत का मस्तक ऊंचा किया : राजनाथ सिंह

पटना/सारण। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को एक चुनावी जनसभा में कहा कि भाजपा सरकार में देश का प्रभाव बढ़ा है। अंतरराष्ट्रीय जगत में भारत का मस्तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऊंचा किया है। आज दुनिया के लोग भारत की बातों को बड़े गौर से सुनते हैं। राजनाथ सिंह ने सारण से भाजपा उम्मीदवार राजीव प्रताप रूड़ी के समर्थन में आयोजित जनसभा में कहा कि पहले कांग्रेस की सरकारों को आपने देखा है। केवल जम्मू-कश्मीर ही नहीं बल्कि देश के किसी ना किसी राज्य में आतंकी घटनाएं होती रहती थीं, लेकिन आज भाजपा सरकार में आतंकी घटनाएं बंद हैं, जम्मू-कश्मीर में कभी छिटपुट ऐसी घटना भले सामने आ जाए। उन्होंने मोदी सरकार के कदम की सराहना की और कहा कि आपको रक्षा मंत्री होने के नाते आश्वस्त करता हूं कि देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। आज देश के पास वो ताकत है कि भारत सीमा के इस पार भी मार सकता है और जरूरत पड़ी तो सीमा के उस पार जाकर भी मार सकता है। ये हमारी ताकत है। राजनाथ सिंह ने कहा कि राजीव प्रताप रूड़ी ने अपने क्षेत्र में जमकर सेवा की है। रूड़ी अपने क्षेत्र में ज्यादा काम करते हैं। रूड़ी को सबका भरपूर समर्थन मिलना चाहिए। रूड़ी बहुत कुशल पायलट हैं, अपने प्रतिद्वंदी को हवा में ही उड़ा देंगे। यही नहीं जहां भी एनडीए के उम्मीदवार हैं वहां उनको समर्थ दीजिए। उन्होंने कहा कि रूड़ी सिर्फ सांसद नहीं एक बड़ी हस्ती भी हैं।

पूर्व डीजीपी करुणा सागर ने थामा कांग्रेस का हाथ

पटना। राष्ट्रीय जनता दल से अनबन के चलते तमिलनाडु के पूर्व डीजीपी करुणा सागर ने पत्नी समेत कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। सागर कोई और नहीं बल्कि वही शख्स हैं जिन्होंने देश का पहला ग्रीन कॉरिडोर शुरु किया। एक समय में लालू के बेहद करीबी माने जाने वाले सागर ने अब उनसे दूरी बना ली है और बुधवार को कांग्रेस का हाथ थाम लिया है। बिहार के जहानाबाद जिले के मूल निवासी करुणा सागर भूमिहार जाति से आते हैं। देश के सम्मानित आईपीएस अधिकारियों में उनका शुमार होता है। करुणा सागर राजद से नाता तोड़कर कांग्रेस में ऐसे वक्त में शामिल हुए जबकि दोनों ही पार्टियां इंडिया एलायंस का हिस्सा हैं और एक साथ

लोकसभा चुनाव में उतरी हुई हैं। इसलिए उनके दल बदल से किसी को कोई खासा नुक्सान होने वाला नहीं है। यहां कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करे के बाद करुणा सागर ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के साथ ही बिहार कांग्रेस के प्रभारी मोहन प्रकाश के प्रति आभार व्यक्त किया है।

भारत-इंडोनेशिया क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर 03 मई को नई दिल्ली में करेंगे वार्ता

नई दिल्ली। भारत और इंडोनेशिया के बीच सातवीं संयुक्त रक्षा सहयोग समिति (जेडीसीसी) की बैठक 03 मई को नई दिल्ली में होगी। बैठक की सह अध्यक्षता रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने और इंडोनेशिया के रक्षा महासचिव एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डोनी एर्मावान टौफैंटो करेंगे। दोनों पक्ष साझा हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचार रखेंगे। 2018 में भारत-इंडोनेशिया मित्रता को व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाया गया था। इस मित्रता ने रक्षा उद्योग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी आदि के क्षेत्र में नए सहयोग की अनुमति देने के लिए द्विपक्षीय संबंधों का दायरा बढ़ाया है। इनमें रक्षा सेवाओं के बीच व्यापक संपर्क, सैन्य आदान-प्रदान, उच्च-स्तरीय दौरे, क्षमता निर्माण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम, संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना में सहयोग, जहाज यात्राएं और द्विपक्षीय अभ्यास शामिल हैं। भारत और इंडोनेशिया के बीच 2001 में हस्ताक्षरित रक्षा सहयोग समझौते में सहयोग के संभावित क्षेत्रों और साझा हित के मामलों का पता लगाने एवं उन्हें चिन्हित करने, स्वीकृत सहकारी गतिविधियों को शुरू करने, समन्वय करने, निगरानी करने और उन्हें नियंत्रित करने के लिए जेडीसीसी की स्थापना की गई थी।

जज शनिवार-रविवार को भी काम करते हैं उन्हें छुट्टी नहीं मिलती

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि जो लोग यह सोचते हैं कि हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के जजों को लंबी छुट्टी मिलती है लेकिन वह यह नहीं जानते कि जजों को शनिवार और रविवार को भी काम करना पड़ता है। सुप्रीम कोर्ट में पश्चिम बंगाल से संबंधित एक मामले की सुनवाई चल रही थी तो सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि गुरुवार को सुनवाई की जाए और यह भी कहा कि दोनों पक्ष गर्मी की छुट्टी से पहले अपनी दलील पूरी करें। पश्चिम बंगाल सरकार ने कहा है कि सीबीआई राज्य की इजाजत के बगैर मामले की जांच कर रही है। सुप्रीम कोर्ट पश्चिम बंगाल सरकार की अर्जी पर आगे सुनवाई करेगा। इस मामले में हाई कोर्ट के फैसले को राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे रखी है। इसी दौरान छुट्टी का मसला उठा।

स्वनियामक इकाई WJSA का पुनर्गठन... प्रोफेसर संजय द्विवेदी को बनाया गया चेयरमैन...

- लेखक रिटायर्ड आईपीएस ध्रुव नारायण गुप्त, रिटायर्ड आईएएस ओम प्रकाश यादव बने पूर्व उच्चाधिकारी मानद सदस्य
- उदय चंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार सदस्य तो पटना हाई कोर्ट के विधिवेत्ता किंकर कुमार बने मानद विधिक सदस्य

राष्ट्रीय मुख्यधारा।पटना/दिल्ली

देश की सबसे बड़ी वेब पत्रकारों के संगठन वेब जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया की भारत सरकार के सूचना प्रसारण मंत्रालय से निबंधित स्व नियामक इकाई वेब जर्नलिस्ट्स स्टैंडर्ड अथॉरिटी (डबल्यूजेएसए) का पुनर्गठन करते हुए प्रो संजय द्विवेदी पूर्व महानिदेशक भारतीय जनसंचार संस्थान, नई दिल्ली और पूर्व कुलपति माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय, भोपाल को चेयरमैन मनोनीत किया है। बिहार के सेवानिवृत्त आईपीएस कथाकार, कवि एवं लेखक ध्रुव नारायण गुप्त को सेवानिवृत्त पुलिस उच्चाधिकारी मानद सदस्य और सेवानिवृत्त आईएएस ओम प्रकाश यादव को सेवानिवृत्त प्रशासनिक उच्चाधिकारी मानद सदस्य मनोनीत किया गया है।

केंद्र सरकार के सूचना प्रसारण मंत्रालय द्वारा अपने न्यूज़ पोर्टल सदस्यों के साथ आईटी इंटरमेडिएरी गाइड लाईन्स व डिजिटल मीडिया एथिक्स कोड 2021 की धारा 12 के तहत निबंधित सात सदस्यीय इस एसआरबी में देश के वरिष्ठ पत्रकार उदय चन्द्र सिंह को वरिष्ठ पत्रकार मानद सदस्य और पटना उच्च न्यायालय के अधिवक्ता किंकर कुमार को मानद विधिक सदस्य की जिम्मेदारी दी गयी है। पूर्व की भांति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार आनन्द कौशल और राष्ट्रीय महासचिव पत्रकार अधिवक्ता रंगकर्मी डॉ अमित रंजन को कार्यालयी सदस्य मनोनीत किया गया है। यह पुनर्गठन संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा किया गया है।

पटना में स्व नियामक इकाई डबल्यूजेएसए की घोषणा करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष आनन्द कौशल ने सभी महानुभावों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि देश की सबसे बड़ी नियामक इकाई डबल्यूजेएसए इन महानुभावों के साथ वेब पत्रकारिता में पत्रकारिता के उच्च आदर्शों को स्थापित करेगी बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की वेब पत्रकारिता को नये आयाम प्रदान करेगी।

राष्ट्रीय महासचिव डॉ अमित रंजन ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर स्वतः सिद्ध पत्रकारिता के अध्यापक ही जब स्व नियामक इकाई के चेयरमैन हैं तब सामाजिक, प्रशासनिक, पुलिसिंग, पत्रकारिता और विधि से जुड़े महानुभावों से सज्जित यह इकाई देश विदेश में वेब पत्रकारिता को वैश्विक पहचान दिलाएगी।

संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ माधो सिंह, डॉ लीना, संजीव आहूजा, राष्ट्रीय महासचिव अमिताभ ओझा, राष्ट्रीय सचिव मधूप मणि पिक्कू, चंदन कुमार, विवेक कुमार, सूरज कुमार, संयुक्त सचिव मिथिलेश मिश्रा, शैलेंद्र झा, नलिनी भारद्वाज, चंदन राज, कोषाध्यक्ष मंजेश कुमार, सह कोषाध्यक्ष मनोकामना सिंह, कार्यालय सचिव अकबर इमाम, सह कार्यालय सचिव राम बालक राय, सह सचिव संगठन अभिषेक कुमार सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता मुरली मनोहर श्रीवास्तव, राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य, बिहार प्रदेश अध्यक्ष बाल कृष्ण, उपाध्यक्ष केशव सिंह, आलोक कुमार डब्ल्यू, महासचिव अनूप नारायण सिंह, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष पंकज प्रसून सहित बिहार और दिल्ली चैप्टर के सभी पदधारक और संगठन के सभी सदस्यों ने नयी स्व नियामक इकाई को बधाई प्रेषित करते हुए स्वागत किया है।

गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई फिर बनाने जा रहे रिकॉर्ड

राष्ट्रीय मुख्यधारा। नई दिल्ली

- होंगे दुनिया के पहले नॉन-फाउंडर टेक एग्जीक्यूटिव

गूगल की पेरेंट कंपनी अल्फाबेट के भारतीय मूल के सीईओ सुंदर पिचाई एक दुर्लभ उपलब्धि हासिल करने के करीब पहुंच गए हैं। उनकी नेटवर्थ एक अरब डॉलर पहुंचने वाली है। पिचाई बिलिनेयर लिस्ट में शामिल होने वाले दुनिया के पहले नॉन-फाउंडर टेक एग्जीक्यूटिव होंगे। पिचाई साल 2015 में गूगल के सीईओ बने थे। उसके बाद से कंपनी के स्टॉक में 400 प्रतिशत से अधिक तेजी आई है। एसएंडपी और नसदाक की तुलना में इस शेयर का प्रदर्शन काफी बेहतर रहा है। शुक्रवार को कंपनी ने अपनी पहली तिमाही के नतीजों की घोषणा की। इस दौरान कंपनी की इनकम उम्मीदों से बेहतर रही है। इससे कंपनी का शेयर नए रेकॉर्ड पर पहुंच गया। क्लाउड कंप्यूटिंग यूनिट में एआई ड्रिवन ग्रोथ से कंपनी की इनकम बढ़ी है। कंपनी ने अपने इतिहास में पहली बार लाभांश भी दिया है। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के मुताबिक पिचाई की नेटवर्थ एक अरब डॉलर के करीब पहुंच गई है। कंपनी के शेयरों में तेजी और शानदार स्टॉक अवॉर्ड के दम पर पिचाई दुनिया में सबसे ज्यादा वेतन पाने वाले एग्जीक्यूटिव्स में शामिल हैं। 51 साल के पिचाई को साल 2015 में गूगल के को-फाउंडर लैरी पेज ने गूगल का सीईओ बनाया था। तब पेज कंपनी की नवगठित होल्डिंग कंपनी अल्फाबेट के सीईओ बने थे। साल 2019 लैरी पेज और को-फाउंडर सर्गेई ब्रिन ने खुद को डे-टु-डे कामों से अलग करने का फैसला किया था। तब पिचाई को अल्फाबेट के सीईओ की पोस्ट भी मिल गई। पेज और ब्रिन दुनिया के टॉप 10 अमीरों में शामिल हैं। पेज 146 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के छठे बड़े रईस हैं जबकि ब्रिन 139 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ इस लिस्ट में सातवें नंबर पर हैं।पिचाई अमेरिका में सबसे ज्यादा सैलरी पाने वाले सीईओ हैं। उन्हें साल 2022 में 22.6 करोड़ डॉलर की सैलरी मिली। अगर भारतीय रुपयों में देखें तो यह 18,84,39,13,900 रुपये बैठती है। यानी पिचाई को पिछले साल रोजाना 5,16,27,161 रुपये मिले थे। पिचाई ने इस मुकाम पर पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत की है। बेहद साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाले पिचाई का बचपन संघर्षों में गुजरा।

संक्षिप्त समाचार

हेमंत सोरेन सहित अन्य आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ाई गई

रांची। बड़गाई अंचल की जमीन घोटाले मामले के आरोपित जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, निलंबित उप राजस्वकर्मी भानु प्रताप प्रसाद और फर्जी दस्तावेज तैयार करने के मास्टरमाइंड मोहम्मद सद्दाम की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में हुई। गुरुवार को कोर्ट ने तीनों की न्यायिक हिरासत की अवधि 16 मई तक के लिए बढ़ा दी है। मामले में अगली पेशी 16 मई को होगी। मामले को लेकर ईडी ने ईसीआईआर 6/2023 दर्ज किया है। मामले में भानु प्रताप प्रसाद, हेमंत सोरेन सहित पांच के खिलाफ ईडी आरोप पत्र भी दाखिल कर चुकी है । ईडी ने हेमंत सोरेन को 31 जनवरी की रात गिरफ्तार किया गया था। मामले में ईडी ने अफसर अली, अंतू तिर्की, प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह और इरशाद को भी गिरफ्तार कर रिमांड पर पूछताछ के बाद जेल भेज दिया है।

कांग्रेस उम्मीदवार यशस्विनी छह को करेंगी नामांकन

रांची। रांची लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार यशस्विनी सहाय छह मई को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। इस दौरान मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पार्टी विधायक दल नेता आलमगीर आलम, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय और कई मंत्री और विधायक शामिल होंगे।

प्रधानमंत्री मोदी तीन मई से दो दिवसीय दौरे पर आयेंगे झारखंड

रांची। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन मई को दो दिवसीय झारखंड दौरे पर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री तीन मई को चाईबासा में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद वह राजभवन जाने के दौरान रांची में रोड शो भी करेंगे। फिर राजभवन में रात्रि विश्राम के बाद अगले दिन चार मई को पलामू और लोहरदगा में उनकी चुनावी सभा निर्धारित है। इस दौरान सुरक्षा में किसी तरह की कोई चूक ना हो, इसको लेकर रांची पुलिस ने सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया है। प्रधानमंत्री का रोड शो जिस रास्ते से गुजरेगा, उसके दोनों तरफ बैरिकेडिंग भी की जा रही है। रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री की सुरक्षा में जिला पुलिस और केंद्रीय बल के जवान तैनात रहेंगे।

सरकारी स्कूलों में पाठ्य सामग्री वितरण पर रोक नहीं : के रवि कुमार

रांची। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से झारखंड में अब तक 72 करोड़ 37 लाख रुपये के सामान व नकदी जब्त किये गए हैं। एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने बताया कि सरकारी और सरकारी मान्यता प्राप्त स्कूलों में पाठ्य सामग्री वितरण में आदर्श आचार संहिता बाधक नहीं है, बशर्ते पाठ्य सामग्री पर किसी राजनीतिक व्यक्ति की तस्वीर नहीं हो। उन्होंने बताया कि सरकारी स्कूलों में बच्चों के सुगम पठन-पाठन के लिए भारत निर्वाचन आयोग का निर्देश है कि शिक्षा विभाग द्वारा पाठ्य पुस्तक, नोट बुक, स्कूल बैग, कंप्यूटर लैब की स्थापना, टैब की खरीदारी और उसके वितरण के लिए टेंडर कर खरीदारी करने में कोई बाधा नहीं है। वह गुरुवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि गाण्डेय विधानसभा उपचुनाव में अब तक सात उम्मीदवारों ने नामांकन का पर्चा भरा है। वहीं लोकसभा चुनाव फेज 5 के लिए अब तक कुल 42 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। उनमें चतरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से 20, कोडरमा से 11 और हजारीबाग से 11 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरा है। लोकसभा चुनाव फेज 6 के लिए अब तक कुल 26 नामांकन पत्र दाखिल किये जा चुके हैं। उनमें गिरिडीह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से पांच, धनबाद से आठ, रांची से छह और जमशेदपुर से सात नामांकन पत्र दाखिल किये गये हैं।

बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण को लेकर हाई कोर्ट में हुई सुनवाई

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में राज्य में नर्सिंग होम एवं हॉस्पिटल से निकलने वाले बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण को लेकर झारखंड ह्यूमन राइट कॉन्फेडेरेशन की जनहित याचिका की गुरुवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने मौखिक कहा कि झारखंड में बायोमेडिकल कचरा का ठीक से निष्पादन नहीं होने से नर्सिंग होम एवं अस्पतालों से निकलने वाले बायो मेडिकल कचरा सड़कों पर बिखरे दिखते हैं, जिससे मनुष्य के साथ-साथ पशुओं के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसलिए सरकार या संबंधित अथॉरिटी को बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण को लेकर सजग रहने की जरूरत है। कोर्ट ने मामले में डायरेक्टर इन चीफ, हेल्थ डिपार्मेंट को शपथ पत्र दाखिल कर यह बताने को कहा है कि झारखंड में संचालित कितने नर्सिंग होम एवं हॉस्पिटल निबंधित है, इनमें से कितने नर्सिंग होम अपने बायो मेडिकल कचरे के निष्पादन को लेकर बायो मेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट से जुड़े हैं। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 9 जुलाई निर्धारित की है।इससे पूर्व राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से कोर्ट को बताया गया कि झारखंड में अभी पांच जगहों लोहरदगा ,रामगढ़, पाकुड़, धनबाद एवं आदित्यपुर में बायोमेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट चल रहे हैं। जबकि जबकि देवघर में अभी बायोमेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट बन रहा है।

झारखंड हाई कोर्ट ने दोहरे हत्याकांड में सजायफ्ता लोकेश चौधरी को नहीं दी जमानत

रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने लालपुर निवासी हेमंत अग्रवाल और महेंद्र अग्रवाल की हत्या मामले में सजायफ्ता लोकेश चौधरी की जमानत याचिका गुरुवार को खारिज कर दी। इस हत्याकांड में अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने जून, 2023 में लोकेश चौधरी, सुनील सिंह, धर्मेंद्र कुमार तिवारी को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। लोकेश ने निचली अदालत की सजा को हाई कोर्ट में चुनौती दी है। लोकेश चौधरी ने लालपुर निवासी हेमंत अग्रवाल और महेंद्र अग्रवाल को अशोक नगर स्थित एक न्यूज कार्यालय में 6 मार्च, 2019 को बुलाया था। विवाद होने पर उनकी हत्या गोली मार कर की गयी थी। मामले को लेकर अरगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। हत्याकांड के मुख्य आरोपित लोकेश कुमार चौधरी घटना को अंजाम देने के बाद से फरार रहा था। उसने दिसंबर, 2020 में कोर्ट में सरेंडर किया था।

रांची संसदीय क्षेत्र से चार उम्मीदवारों ने दाखिल किया नामांकन

रांची। रांची संसदीय क्षेत्र के लिए अधिसूचना जारी होने के चौथे दिन गुरुवार को अब तक कुल छह उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है। गुरुवार को चार उम्मीदवारों ने नामांकन किया। समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय में अभ्यर्थियों की ओर से नामांकन पत्र दाखिल किया गया। नामांकन करनेवाले उम्मीदवारों में भाजपा से संजय सेठ, निर्दलीय से अरशद अयूब, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) से पंकज कुमार रवि, लोक अधिकार पार्टी (झा) से हरिनाथ साहू शामिल है। इससे पहले 29 अप्रैल को एसयूसीआई के उम्मीदवार मिंटू पासवान और 30 अप्रैल को अम्बेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया के उम्मीदवार रामहरि गोप ने अपना नामांकन दाखिल किया था।

सनातन धर्म के सम्मान के लिए भाजपा को चुनें और संजय सेठ को जिताएं: पुष्कर सिंह धामी

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

रांची लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार व सांसद संजय सेठ ने गुरुवार को अपना नामांकनपत्र दाखिल कर दिया। रांची में सेठ के समर्थकों पर फूलों की वर्षा की गई। नामांकन से पहले भाजपा नेताओं ने एक जनसभा को भी संबोधित किया। गुरुवार को नामांकन से पहले मोरहाबादी मैदान में हजारों समर्थक जुटे। यहां से रैली के रूप में भीड़ समाहरणालय पहुंची। रैली के दौरान जेसीबी से उनके समर्थकों पर फूलों की बारिश की गई। संजय सेठ के समर्थन में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो और नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी सहित शामिल हुए। नामांकन से पहले रांची के मोरहाबादी में संजय सेठ के पक्ष में एक चुनावी सभा आयोजित की गई। इस मौके पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि विकसित भारत के लिए, मजबूत नेतृत्व के लिए, भ्रष्टाचार के अंत के लिए और सनातन धर्म के सम्मान के लिए भाजपा को चुनें और 25 मई को भाई संजय सेठ को प्रचंड मतों से विजयी बनाएं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का गैंग तुष्टिकरण का जहर घोल रही है। यह आपका अधिकार छीनकर एक विशेष समुदाय को देना चाहती है। हमें भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण और परिवारवाद की सोच को सत्ता में आने से रोकना है। धामी ने कहा कि केन्द्र में 10 साल के कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश का गौरव पूरे विश्व में बढ़ाया है। मोदी की कई योजनाएं गारंटी के रूप में जनता तक पहुंच रही हैं। अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनने का सौभाग्य भी नरेन्द्र मोदी के शासनकाल में हुआ। उन्होंने कहा कि एक तरफ भाजपा विकास के लक्ष्य पर काम कर रही है, दूसरी तरफ घोटालेबाज और भ्रष्टाचारियों की फौज है।

कांग्रेस तुष्टिकरण करने वाले दलों की जनक : अमर बाउरी

नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि अगर भाजपा नहीं होती, अटल बिहारी वाजपेई नहीं होते तो आज झारखंड राज्य का निर्माण नहीं हुआ होता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तुष्टिकरण करने वाले दलों की जनक है। जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यूसीसी लागू करने की बात करते हैं तो विरोधियों में हड़कंप मच जाता है। हेमंत सरकार पर हमला करते हुए बाउरी ने कहा कि राज्य की जनता ने उन्हें पांच साल का मौका दिया था, लेकिन भ्रष्टाचार के कारण चार साल में ही उन्हें जेल की हवा खानी पड़ी। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि भाजपा की सरकार चुनें और इंडी गठबंधन की सरकार को उखाड़ फेंके।

इंडी गठबंधन का बाराती पूरी तरह तैयार है, लेकिन दूल्हा ही नहीं मिल रहा : सुदेश महतो

जनसभा में आजसू के सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि रांची लोकसभा सीट पर पिछले लोकसभा चुनाव से बेहतर परिणाम आएगा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि इंडी गठबंधन में बाराती पूरी तरह तैयार हैं, लेकिन दूल्हा ही नहीं मिल रहा। यह तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले लोग हैं। सुदेश ने कहा कि यह परिपाटी चली आ रही है कि गांधी परिवार में जन्म लेने वाला प्रधानमंत्री ही बनेगा। झारखंड प्रदेश में भी ऐसा ही चल रहा है।

मोदी की गारंटी ही काम की गारंटी: संजय सेठ

संजय सेठ ने कहा कि देश की तकदीर और तस्वीर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बदली है। मोदी की गारंटी ही काम की गारंटी है। झारखंड की जनता ने भी गारंटी दे दी है कि वह सभी 14 सीटें एनडीए को देगी। सेठ ने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने देश में इतना विकास कर दिया है, जिससे इंडी गठबंधन के लोग डर गए हैं। उनको ईडी, सीबीआई, चुनाव आयोग पर विश्वास ही नहीं है।

आईपीएस पंकज कंबोज का साइबर अपराधी ने बनाया फर्जी फेसबुक एकाउंट

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

साइबर अपराधी ने आईपीएस पंकज कंबोज का फर्जी फेसबुक एकाउंट बनाया है। इसको लेकर पंकज कंबोज ने लोगों से अपील की है कि किसी ने मेरे नाम और फोटोग्राफ का उपयोग करके एक फर्जी प्रोफ़ाइल बनाई है। कृपया फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें और कृपया किसी भी प्रकार के रुपये का लेनदेन में शामिल न हों। मैं आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए मामले की रिपोर्ट उचित अधिकारियों को कर रहा हूं। उल्लेखनीय है कि फेसबुक और व्हाट्सऐप एकाउंट से फोटो चोरी कर साइबर अपराधी फेक प्रोफाइल बनाते हैं। इस फर्जी प्रोफाइल के जरिये वो यूजर के परिचितों से पैसों की मांग करते हैं।

रांची में कार-बाइक की टक्कर, होमगार्ड , पत्नी और दो बच्चों की मौत, परिवार के आखिरी चिराग की हालत नाजुक

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

झारखंड की राजधानी रांची में कार-बाइक की टक्कर में होमगार्ड जवान पंकज कुमार , उसकी पत्नी और दो बच्चों की मौत हो गई। हादसे में घायल इस परिवार के आखिरी चिराग की हालत नाजुक है। यह हादसा बुधवार रात खलारी थानान्तर्गत भेलवाटांड़ में हुआ है। सड़क हादसे में हताहत इस परिवार के पांचों सदस्य बाइक पर थे। खलारी डीएसपी राम नारायण चौधरी ने इसकी पुष्टि की है। डीएसपी चौधरी ने बताया कि पंकज चतरा जिले में तैनात थे। हादसे में पंकज, उसकी पत्नी गुड़िया देवी, पुत्र राजदीप और बेटी सलोनी की मौत हो गई। इस हादसे में उनके पुत्र दीपराज का इलाज रांची के रिम्स अस्पताल में चल रहा है। होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के अनुसार, हादसे का शिकार हुए होमगार्ड जवान के घायल बेटे की स्थिति भी बेहद खराब है। पंकज कुमार चतरा के टंडवा सीडीपीओ के यहां ड्यूटी पर तैनात थे। बुधवार देररात टंडवा से ही रांची लौट रहे थे। तभी यह हादसा हुआ।

लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए जागरुकता अभियान का बनें हिस्सा: के. रवि कुमार

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

लोकतंत्र के महापर्व के रूप में चल रहे लोकसभा चुनाव के लिए लोगों को मतदान करने के लिए प्रशासन विभिन्न स्तर पर जागरुकता अभियान भी चल रहा है। इसी क्रम में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से 7 मई को अपराह्न 6 बजे से 8 बजे तक मैं भी इलेक्शन एंबेसडर को सोशल मीडिया कैम्पेन चलाया जाएगा। इसमें राज्य के सभी स्कूल व कॉलेज के बच्चे, इंफ्लुएंसर, सेलेब्रिटी समेत सभी लोग अवश्य भाग लेंगे। उक्त विचार गुरुवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने राज्य के सभी सीबीएसई एवं आईसीएसई स्कूल के प्रधानाध्यापकों के साथ गूगल मीट के माध्यम से निर्वाचन सदन में आयोजित बैठक में कहीं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के महापर्व को उत्साहपूर्ण ढंग से मनाने के लिए अपने कार्यों के डिजिटल कंटेंट को सोशल मीडिया पर अवश्य अपलोड करें। उन्होंने कहा कि स्कूल एवं कॉलेजों के बच्चों ने मतदाताओं के बीच मतदान की अहमियत को बताने के लिए स्वीप कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लिया। यह हमारे फ्यूचर और फर्स्ट टाइम वोटर के रूप में निर्वाचन में अपनी महती भूमिका निभा रहें हैं। बच्चों ने स्कूल एवं कॉलेजों में स्वीप सम्बंधी कई गतिविधियां कराई जा रही हैं। इन बच्चों द्वारा क्विज कंपीटिशन, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन, पत्र लेखन आदि कई रोचक एवं मनोरंजक गतिविधियों द्वारा अपने अभिभावकों, आस-पास के मतदाताओं के बीच जागरूकता फैलाने का कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि 7 मई को होने वाले सोशल मीडिया कैम्पेन में स्कूल प्रबंधन इन सभी गतिविधियों के डिजिटल कंटेंट को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर #मैं भी इलेक्शन एंबेसडर हैशटैग के साथ अपलोड करें। साथ ही मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखण्ड एवं भारत निर्वाचन आयोग के सोशल मीडिया अकाउंट को अवश्य टैग करें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि मतदाताओं को निर्वाचन के महत्व को बताते हुए उन्हें मतदान में अपनी भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित करना निर्वाचन आयोग की प्राथमिकता है। इसके साथ साथ मतदाताओं को नैतिक मतदान के लिए भी जागरूक करना एक महत्वपूर्ण कार्य है। स्कूल के बच्चों को 'मैं भी इलेक्शन अम्बेसडर 'जैसे कार्यक्रमों से जोड़कर लोकतंत्र के एक जागरूक मतदाता के रूप में हम उन्हें तैयार कर सकेंगे। साथ ही भविष्य में होने वाले मतदान में उनकी भागीदारी भी निश्चित कर सकेंगे। ऑनलाइन माध्यम से आयोजित बैठक में निर्वाचन सदन से अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी संजय कुमार सहित राज्य के सभी सीबीएसई एवं आईसीएसई स्कूलों के प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

राज्य सरकार का जवाब सटीक नहीं आया तो स्वास्थ्य सचिव को होना होगा हाजिर: हाई कोर्ट

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

झारखंड हाई कोर्ट में गुरुवार को राज्य में पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर को लेकर कोर्ट के स्वतः संज्ञान लेने पर सुनवाई हुई। कोर्ट में राज्य सरकार ने बताया कि शपथ पत्र तैयार है लेकिन दायर नहीं किया जा सका है। सरकार ने मौखिक रूप से झारखंड में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं कम्युनिटी हेल्थ सेंटर का आंकड़ा प्रस्तुत किया। साथ ही कोर्ट को अधिकांश प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं कम्युनिटी हेल्थ सेंटर में सांप काटने की दवा उपलब्धता शून्य बताई। सुनवाई के दौरान कोर्ट को मौखिक रूप से बताया गया कि देश में पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर की तुलना में झारखंड में बच्चों की मृत्यु दर करीब दो प्रतिशत कम है। इस पर कोर्ट ने कहा कि झारखंड में बच्चों की मृत्यु दर में देश की तुलना में बहुत ज्यादा अंतर नहीं है। झारखंड सरकार को बच्चों की मृत्यु दर का यह आंकड़ा शून्य पर लाने का प्रयास करना होगा। सरकार के आंकड़ों पर असंतुष्टि जताते हुए कोर्ट ने कहा कि अगली सुनवाई में राज्य सरकार का अगर सटीक शपथ पत्र नहीं आता है तो स्वास्थ्य सचिव को कोर्ट में हाजिर होना होगा। कोर्ट ने अगली सुनवाई 6 मई को राज्य सरकार को शपथपत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए कहा कि राज्य के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं कम्युनिटी हेल्थ सेंटर में कितने विशेषज्ञ चिकित्सक हैं, इसकी भी जानकारी दें। दरअसल, पिछले सुनवाई में कोर्ट ने सरकार को शपथ पत्र दाखिल कर यह बताने को कहा था कि झारखंड में कितने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और कम्युनिटी हेल्थ सेंटर हैं। यहां कितने पद स्वीकृत है और कितने पद अभी खाली पड़े हैं। इन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और कम्युनिटी हेल्थ सेंटर पर दवाओं की क्या व्यवस्था है, इनके भवन कितने साल पुराने और भवन अभी किस स्थिति में है। इसके अलावा कोर्ट ने राज्य सरकार से यह भी पूछा था कि झारखंड के सुदूर ग्रामीण इलाकों में सांप के काटने से होने वाली मौत को रोकने के लिए प्राइमरी हेल्थ सेंटर, कम्युनिटी हेल्थ सेंटर में सांप काटने की दवा की क्या व्यवस्था है। रांची से प्रकाशित एक दैनिक अखबार में पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर को लेकर प्रकाशित खबर के आधार पर हाई कोर्ट ने मामले में स्वतः संज्ञान लिया था।

स्वहित के लिए नहीं बल्कि समाज के उत्थान के लिए कार्य करें : राज्यपाल

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से गुरुवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के प्रशिक्षु पदाधिकारियों ने राज भवन में भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि वे स्वहित के लिए नहीं बल्कि सदा समाज के उत्थान के लिए कार्य करें। समाज में व्याप्त विभिन्न समस्याओं के निदान करने के लिए सक्रिय रहें। लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, पोषण आदि बुनियादी सुविधाओं की सुलभता से उपलब्ध कराने के लिए तत्पर रहें। राज्यपाल ने कहा कि जीवन में नियमों का पालन करते हुए सही मार्ग को अपनाएं और राज्य के विकास में योगदान दें।

चेकिंग के नाम पर ट्रैफिक जवान का वसूली करते वीडियो वायरल

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

रांची में वाहन चेकिंग के नाम पर वसूली करने का मामला गुरुवार को प्रकाश में आया है। ट्रैफिक पुलिस के अस्थाई पोस्ट पर पुलिसकर्मी के जरिये वाहन चालक से पैसे का डिमांड करते हुए वीडियो वायरल हुआ है। वायरल वीडियो में पुलिस के जरिये एक चालक से चार से पांच हजार रूपए डिमांड करते हुए नजर आ रहा है। ट्रैफिक पुलिस का एक जवान खुलेआम वसूली कर रहा है, इसके लिए वह अस्थाई रूप से शहीद चौक के पास टेंट भी बना रखा है। शहीद चौक पर बने अस्थाई टेंट में रोजाना हजारों की वसूली होती है, पहले चालक को पकड़ा जाता है। फिर टेंट के अंदर लाया जाता है फिर उसे बताया जाता है कि जुर्माना की राशि अत्यधिक है। इसके बाद जुर्माना की जगह वसूली की जाती है। इस संबंध में ट्रैफिक एसपी से बात करने पर उन्होंने कहा कि इस तरह की कोई मामले की जानकारी नहीं है। अगर ऐसा है तो वीडियो की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने लोकसभा चुनाव को लेकर की समीक्षा बैठक, दिये निर्देश

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में गुरुवार को लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक हुई। बैठक में संगठनवार चुनावी अभियान,बूथों की स्थिति, बीएलए की नियुक्ति की स्थिति,गारंटी कार्ड के वितरण की स्थिति की समीक्षा की गई। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने बैठक में शामिल नेताओं को कई दिशा-निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि झारखंड के प्रथम चरण का चुनाव अत्यंत नजदीक है और हमें चुनावी अभियान को और गति देने की आवश्यकता है। झारखंड में चुनावी आगाज तीन अनुसूचित जनजाति और एक अनुसूचित जाति लोकसभा क्षेत्र में मतदान से होने जा रहा है और मोदी सरकार के दस वर्षों के शासनकाल में समाज का यही तबका सबसे ज्यादा प्रभावित रहा है। इसके सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए मोदी सरकार के जरिये एक दशक के शासनकाल में कोई उल्लेखनीय प्रयास नहीं किया गया, हमें इनके बीच सारे तथ्यों को सामने रखकर मोदी की नीतियों की सच्चाई बतानी होगी।

साथ यह भी बताना होगा कि उनके सामाजिक उत्थान के लिए हमारी महागठबंधन सरकार ने सरना धर्म कोड का बिल सदन से पारित कराकर केंद्र सरकार को भेजा है लेकिन प्रधानमंत्री मोदी उस बिल को लंबे समय से लटकाये हुए हैं। केंद्र सरकार ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में वन भूमि की जमीनों को पूंजीपति घरानों को देने का काम किया है। इस पर स्वाभाविक तौर पर पहला हक आदिवासी समुदाय का होता है। उन्होंने कहा कि झारखंड में भी पूर्व की रघुवर सरकार ने विकास करने के नाम पर आदिवासी,पिछड़ों,किसानों के साथ छल ही किया है। रोजगार देने के नाम पर पूरी तरह से जीरो अंक पाने वाली केंद्र सरकार के नक्शे कदम पर चल कर पूर्व की झारखंड भाजपा सरकार ने अपने आका की वाहवाही लूटने का काम किया था।

संक्षिप्त समाचार

बीएसएल में आईएसओ 50001: 2018 ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली का सर्वेलेंस ऑडिट

बोकारो। बोकारो स्टील में तीनदिवसीय ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली के सर्वेलेंस ऑडिट आईएसओ 50001: 2018 कार्यक्रम का आयोजन गुलशन कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (ऊर्जा प्रबंधन विभाग) की अध्यक्षता में गुरुवार को आयोजित किया गया। मेसर्स टीयूवी के बाहरी लेखा परीक्षक श्री कौशिक चक्रवर्ती (टीम लीडर) और विकास गुप्ता (सदस्य) के द्वारा सर्वेलेंस ऑडिट किया जा रहा है। अनुपमा तिवारी, महाप्रबंधक (बिज़नेस एक्सीलेंस) ने लेखा परीक्षकों का स्वागत किया। गुलशन कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (ऊर्जा प्रबंधन विभाग) ने ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली तथा सर्वेलेंस ऑडिट के महत्व के बारे में बताया। आईएसओ 50001: 2018 ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली के अंतर्गत बोकारो स्टील प्लांट के सी ओ & सी सी, सिंटर प्लांट, ब्लास्ट फर्नेस, हॉट स्ट्रिप मिल, ऊर्जा प्रबंधन विभाग, डी एन डब्ल्यू, आई एंड ए, ई टी एल, सामग्री प्रबंधन और मानव संसाधन विभाग का सर्वेलेंस ऑडिट किया जा रहा है। ऑडिट कार्यक्रम, ऊर्जा प्रबंधन विभाग और बिज़नेस एक्सीलेंस विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से संचालित और समन्वित किया जा रहा है।

सड़क दुर्घटना में थोक सब्जी विक्रेता की मौत

बोकारो थर्मल। बोकारो थर्मल सब्जी मार्केट स्थित हरी सब्जियों के थोक विक्रेता 32 वर्षीय अफजल हुसैन की सड़क दुर्घटना में मौत रांची के बूटी मोड़ के समीप में बुधवार की रात्रि हो गयी। घटना के संबंध में बताया जाता है कि अफजल हुसैन बुधवार को बोकारो थर्मल से ओरमांझी थोक मात्रा में तरबूज लाने गया हुआ था। ओरमांझी से एक पिकअप वैन तरबूज बोकारो थर्मल और एक वैन बंगाल भेजकर वह रांची बाइक से जा रहा था कि बूटी मोड़ के पहले एक वाहन की चपेट में आकर दुर्घटनाग्रस्त होकर उसकी मौत हो गयी। अफजल के पिता अख्तर हुसैन भी सब्जी के थोक विक्रेता थे और वर्तमान में उनकी दोनों किडनी फेल होने के कारण वे इलाजरत हैं। .अफजल अपने पीछे दो छोटे बच्चे एवं पत्नी को छोड गया है।

ट्यूब लीकेज के कारण बिजली उत्पादन ठप

बोकारो थर्मल। बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी के 500 मेगावाट वाले ए पावर प्लांट में ट्यूब लीकेज के कारण गुरुवार सुबह लगभग साढ़े नौ बजे से बिजली उत्पादन का कार्य ठप हो गया है। इस संबंध में बताया जाता है कि यूनिट के बॉटम हॉपर के वाटर वाल्व के पास ट्यूब लीकेज के कारण यूनिट को बंद करना पड़ा। जिस समय यूनिट को बंद किया गया उस समय 430 मेगावाट बिजली उत्पादन हो रहा था। डीवीसी के जीएम ओएंडएम एस भट्टाचार्य ने कहा कि यूनिट आने में एक दो दिन का समय लग जाएगा।

स्क्रैप का स्ट्रक्चर गिरने से कॉलोनी पावर सप्लाई का 11केवी का केबुल कटा, बिजली सेवा बाधित

बोकारो थर्मल। बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी के 630 मेगावाट वाले स्क्रैप प्लांट में स्क्रैप कटिंग के दौरान स्ट्रक्चर गिरने से नीचे पावर प्लांट से कॉलोनी को सप्लाई होने वाले 11 केवी का केबल क्षतिग्रस्त हो जाने से कॉलोनी के एक बड़े हिस्से की बिजली सप्लाई ठप हो गई है। घटना गुरुवार दोपहर लगभग साढ़े बारह बजे की है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बी प्लांट स्थित पुराना एडीएम भवन के पास राधा स्मेलटर्स कंपनी द्वारा पांच नंबर कन्वेयर स्ट्रक्चर कटिंग का कार्य किया जा रहा था। कंपनी के द्वारा पूरा स्ट्रक्चर कटिंग करके गिरा दिया गया। नीचे जमीन पर प्लांट से कॉलोनी को सप्लाई होने वाले 11 केवी का विद्युत केबल स्ट्रक्चर गिरने से क्षतिग्रस्त हो शार्ट सर्किट कर जल गया, जिससे कॉलोनी के एक बड़े हिस्से की बिजली सप्लाई ठप हो गई है। बिजली सप्लाई ठप होने से भीषण गर्मी में कॉलोनीवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। केबल क्षतिग्रस्त होने की सूचना पाकर कॉलोनी सबस्टेशन सहित पावर प्लांट के कामगार जब कार्य करने पहुंचे तो केबल पर बड़ा स्ट्रक्चर गिरा होने के कारण कार्य करना संभव नहीं था। कामगारों एवं बिजली विभाग के इंजीनियरों ने मलबे के नीचे दबे क्षतिग्रस्त केबुल को बाइपास कनेक्शन करके कॉलोनी की बाधित बिजली सेवा को बहाल करने को लेकर काम कर रहे हैं।

सीटू ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस

बोकारो थर्मल। बोकारो थर्मल के सीसीएल कारो स्पेशल फेज दो स्थित सीटू कार्यालय में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस का आयोजन किया गया। अध्यक्षता सीटू के सहायक जिला सचिव अख्तर खान ने की। सर्वप्रथम शिकागो के शहीदों तथा संसार के सभी लोगों को श्रद्धांजलि दी गयी। मौके पर एनसीओईए के केंद्रीय सहायक महामंत्री सह सीटू के झारखंड राज्य सचिव भागीरथ शर्मा ने कहा कि सरकार की नीतियों के कारण देश में रोजगार भी लगातार सिमट रहे हैं,सार्वजनिक संस्थान बेचे जा रहे हैं, किसानों मजदूरों पर असह्य कानून थोपे जा रहे हैं। स्वास्थ्य,आवास,शिक्षा और भोजन आम लोगों के पहुंच के बाहर होने को है। सीटू इस मजदूर दिवस के अवसर पर मांग करता है कि देश की एकता अखंडता को सुरक्षित रखने के लिए सांप्रदायिक शक्तियों को बेनकाब करते हुए देश में शासक वर्ग के खिलाफ पैदा हो रहे रूझान को और मजबूत करेगा। कार्यक्रम में प्रमोद गुप्ता, दशरथ करमाली, टेकामन यादव, रूपलाल कमार, विक्की सिंह, राजू साव, जीतन मांझी मुख्य रूप से उपस्थित थ।

चुनावी मैदान का अखाड़ा बना सोशल मीडिया

खूंटी। समय के साथ ही लोकसभा चुनाव के प्रचार का तरीका भी बदलता जा रहा है। अब प्रत्यक्ष चुनाव प्रचार और जनसंपर्क के अलावा इस संसदीय चुनाव में सोशल मीडिया बड़ी भूमिका निभा रहा है। पर्दे के पीछे का यह चुनाव प्रचार काफी महत्वपूर्ण हो गया है। सही मायने में चुनाव प्रचार में सोशल मीडिया की भूमिका काफी व्यापक हो गई है। लगभग सभी राजनीतिक दलों और स्वतंत्र उम्मीदवारों ने चुनाव में जीत हासिल करने और मतदाताओं को रिझाने के लिए मीडिया वार रूम बना रखा है। विपक्षियों की कमजोरियों को उजगर करने, चुनाव प्रचार को धार देने और अपने उम्मीदवार की छवि निखारने में सोशल मीडिया महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उम्मीदवारों के चुनावी दौरे, सभा, बड़े नेताओं के भाषण और स्थानीय स्तर पर मिली जानकारी को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया जाता है। इसमें भी आचार संहिता का खास खयाल रखा जाता है। सोशल मीडिया पोस्ट नजर रखने के लिए लगभग सभी बड़े राजनीतिक दल कानून के जानकारों की सलाह लेते हैं। भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य और पिछले कई चुनावों पर पैनी नजर रखने वाले संतोष जयसवाल कहते हैं कि सोशल मीडिया कई तरह की जानकारियों का घर बन गया है। उनका कहना है कि पहले अखबार, टीवी, रेडियो थे, पर आज सोशल मीडिया इन सबसे काफी आगे निकल गया है। सही मायने में आजकल चुनाव सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लड़े जाते हैं। फेसबुक, ट्विटर, वाटसएप, इंस्टाग्राम, यू ट्यूब, एक्स जैसे कई मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग इस चुनाव में बेधड़क किया जा रहा है। चुनावों में सोशल मीडिया की भूमिका लगातार बढ़ती जा रही है। सोशल मीडिया पर प्रोमोट करने के लिए उम्मीदवार और राजनीतिक दल जमकर पैसे खर्च कर रहे हैं। कई राजनीतिक दलों ने तो सोशल मीडिया के लिए एजेंसियों को भी हायर कर रखा है, जो चुनाव प्रचार की कमान संभाले हुए हैं।

गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी, बोकारो समाहरणालय में गहमागहमी

नाम-निर्देशन के चौथे दिन कुल तीन ने लिए पर्चे, अबतक पांच के दाखिल

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बोकारो

गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के लिए होनेवाले चुनाव को लेकर बोकारो समाहरणालय में प्रत्याशियों की नामांकन प्रक्रिया लगातार जारी है। इसके कारण समाहरणालय से लेकर आसपास के पूरे इलाके में चुनावी मेला लगा है और भारी गहमागहमी देखी जा रही है। प्रत्याशी अपने संग कार्यकर्ताओं व समर्थकों का हुजूम लेकर पहुंच रहे हैं। जो भी प्रत्याशी आता है, साथ में अपने जिंदाबाद के नारे लगवाते हुए आता है और भीड़ को संभालने के लिए पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। 44-45 डिग्री सेल्सियस वाली गर्मी के बीच चुनावी तापमान भी चरम पर है। इसी क्रम में गुरुवार को राइट टू रिकॉल पार्टी के शिवजी प्रसाद एवं पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के प्रमोद राम ने अपने नामांकन प्रपत्र उपायुक्त सह गिरिडीह संसदीय क्षेत्र की निर्वाची पदाधिकारी विजया जाधव के समक्ष दाखिल किए।

06 गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र की अधिसूचना जारी होने के चौथे दिन गुरुवार को नाम निर्देशन के लिए कुल तीन लोगों ने नामांकन प्रपत्र लिए।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी बोकारो सह निर्वाची पदाधिकारी श्रीमती जाधव ने कहा कि चौथे दिन कुल तीन लोगों ने नामांकन प्रपत्र जिला नजारत शाखा से विधि सम्मत शुल्क भुगतान कर लिया। वहीं, 02 उम्मीदवारों क्रमशः राइट टू रिकॉल पार्टी के शिवजी प्रसाद, पिता- रामाधार प्रसाद, क्वा. न. 403, मुराइडीह, पो. पोचारी, जिला धनबाद तथा पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) पार्टी के प्रमोद राम, पिता - ठाकुर दास, ग्राम कटनियां, पो. औझाडीह, थाना टुण्डी, जिला धनबाद ने अपने नामांकन प्रपत्र दाखिल किए। जबकि, ईमाम शफी, राकेश रोशन और राजा हक ने अपने प्रपत्र खरीदे। उल्लेखनीय है कि 06 गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र में अब तक कुल 18 लोगों ने नामांकन प्रपत्र लिया है, जबकि कुल 05 लोगों ने नामांकन प्रपत्र दाखिल किया है।

नाबालिग को अगवा करने का आरोपी युवक गिरफ्तार

राष्ट्रीय मुख्यधारा। गिरिडीह

जिले की हीरोडीह थाना पुलिस ने एक नाबालिग को अगवा करने का आरोपी युवक को गिरफ़्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

गिरफ्तार आरोपी हीरोडीह थाना क्षेत्र के किसगो गांव निवासी इम्तियाज उर्फ मो इंताज अंसारी (21वर्ष) पिता स्व रमजान मियां उर्फ स्व रमजान अंसारी है।

बताया गया कि गिरफ्तार आरोपी हिरोडीह थाना कांड सं0 66/24 दिनांक29.04.24 में भादवि की धारा-363/366(A) के प्राथमिकी अभियुक्त है। पुलिस ने बुधवार को उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

पत्थर खदान का पानी पीने को विवश हैं खुटरी पंचायतवासी

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बोकारो

तुपकाडीह में पेयजल की घोर किल्लत हो गई है। यहां के पांच पंचायतवासी तेनु बोकारो नहर का पानी नहाने- पीने में इस्तेमाल करने को विवश हैं। दामोदर नदी के किनारे स्थित मानगो गांव के लोग नहाने के बाद गैलन में पानी भर कर अपने घर ले जाते हैं। वहीं, खुटरी पंचायत भुटकुरु गांववासी पत्थर खदान से पानी लाकर खाना बनाने और पीते हैं। प्यासे जानवर पानी के लिए भटकते रहते हैं। दर्जनों चापाकल ने पानी देना छोड़ दिया है। तालाब चेकडेम जोरिया आदि में पानी नहीं है। पेयजल आपूर्ति विभाग के द्वारा लगाये गए सोलर पानी सिस्टम भी बेकार साबित हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार के गलत काम करने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों ऐसी समस्या उतपन्न हुई है। करोड़ों रुपये की लागत से बना जैनामोड़ ग्रामीण जलापूर्ति योजना से 10 पंचायत को रोजाना सुबह मिलने वाला सप्लाई पानी गत एक सप्ताह से बंद हो गया है। पानी कब मिलेगा यह बताने के लिए बहु पंचायत पेयजल आपूर्ति विभाग या संवेदक कोई तैयार नहीं है। इधर, जरीडीह बीडीओ जयलाल महतो ने बताया कि 8 पंचायत के मुखिया के साथ बातकर जलापूर्ति शुरू करने का काम हो रहा है।

बोकारो में रांची के एक मामले में गिरफ्तार करने पहुंची थी पुलिस, हिरासत से भाग निकले, दो समर्थक धराए

नामांकन बाद की सभा और देखते ही देखते पुलिस को चकमा दे फरार हो गए जयराम

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बोकारो

गिरिडीह लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल करने के बाद बोकारो पहुंची रांची पुलिस ने जयराम महतो को गिरफ्तार कर लिया। सभा के दौरान ही जयराम पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। बताया जाता है कि जयराम महतो ने पुलिस ने जनसभा को संबोधित करने की अनुमति मांगी. और पुलिस ने उन्हें सभा को संबोधित करने की परमिशन भी दी, लेकिन इस बीच जयराम महतो पुलिस को चकमा देकर वहां से फरार हो गए। बता दें, विधानसभा घेराव मामले में वारंट जारी होने के बाद नगड़ी डीएसपी और इंस्पेक्टर बोकारो पहुंचे थे। पुलिस ने नगड़ी थाना के केस संख्या 48/22 में जयराम महतो को गिरिडीह लोकसभा सीट के लिए नामांकन के बाद गिरफ्तार किया था. गिरफ्तारी के बाद उन्होंने जनसभा करने के लिए पुलिस से अनुमति मांगी जिसके लिए पुलिस ने उन्हें यह अनुमति दे दी थी। इस दौरान जयराम महतो ने यह कहा था कि वे सभा को संबोधित करने के बाद पुलिस को सरेंडर करेंगे।

बता दें, इससे पहले वे गिरिडीह लोकसभा सीट के लिए नामांकन करने डीसी दफ्तर पहुंचे थे और इस बीच रांची के नगड़ी थाना के डीएसपी और पुलिस बल के जवान वहां काफी संख्या में उन्हें गिरफ्तार करने के लिए पहुंची थी। नामांकन को लेकर मौके पर जयराम महतो के कार्यकर्ता भी काफी संख्या में मौजूद थे। लेकिन नामांकन करने के बाद जायराम महतो जैसे ही दफ्तर से बाहर निकले पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इधर, इस मामले में चुनाव आयोग ने संज्ञान लिया है। झारखंड चुनाव आयोग के रवि कुमार ने कहा है कि डिस्टिक एडमिनिस्ट्रेशन से जवाब तलब किया गया है उसके बाद नेगलिजेंस के तहत उनपर कार्रवाई होगी। पुलिस ने जयराम को पुलिस हिरासत से भगाने के आरोप में उनके दो समर्थकों को गिरफ्तार किया है, जिनमें धनबाद के रहने वाले संजय महतो, रिजवान अंसारी व फरजान खान के नाम शामिल हैं।

बीमा कर्मचारी संघ ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस

राष्ट्रीय मुख्यधारा। गिरिडीह

नई आर्थिक नीति के कारण देश में बढ़ी बेरोजगारी : धर्म प्रकाश

अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ गिरिडीह के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर एलआईसी परिसर में एक कार्यक्रम आयोजित किया। जिसका नेतृत्व मंडलीय संयुक्त सचिव धर्म प्रकाश एवंअध्यक्षता संजय शर्मा ने किया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ के अलावे बैंक यूनियन, झारखंड कोल इंप्लाइज फेडरेशन, मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव के सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ शहीद बेदी पर पुष्प अर्पित कर किया गया।

मौके पर धर्म प्रकाश ने मजदूर दिवस के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रोजाना 8 घंटे काम के अधिकार की मांग को लेकर जब मजदूरों ने प्रदर्शन किया तो उसे असफल करने के लिये पुलिस ने लाठी चार्ज किया। जिसमें सैकड़ो मजदूर घायल हो गए। इस आंदोलन के बाद मजदूर वर्ग को 8 घंटे काम का अधिकार प्राप्त हुआ। वर्ष 1889 में यूरोप के समाजवादी पार्टियों ने 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया। लेकिन 135 वर्षों के बाद उदारीकरण तथा वैश्वीकरण नीतियों के लागू हो जाने के कारण यह अधिकार छीना जा रहा है। देश के 44 श्रम कानूनों को समाप्त कर कॉरपोरेट को लाभ पहुंचाने की नीयत से 4 श्रम कोड बनाया गया, जो श्रमिक के हितों के प्रतिकूल है।

वहीं सहायक सचिव अनुराग मुर्मू ने कहा कि आज फिर से दुनिया के मजदूरों को एक होने की जरूरत है तथा श्रमिक विरोधी नीतियों का मुख्य विरोध करना जरूरी है।

कार्यक्रम को बीएसएसआर यूनियन के मृदुल कांति दास, अराजपत्रित कर्मचारी संघ के कृष्ण जी, एलआईसी पेंशनर्स एसोसिएशन के मंडली उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने भी संबोधित किया

कार्यक्रम में विजय कुमार, उमानाथ झा, डेनियल मरांडी, राजेश कुमार उपाध्याय ,कुमकुम बाला वर्मा ,श्वेता ,अंशु सिंघानिया, श्वेता कुमारी, विनय कुमार, विजय कुमार, राजेश कुमार, बिरसा मुंडा, प्रवीन हांसदा, अनिल वर्मा, नीतीश कुमार गुप्ता ,गौरव कुमार सिंह, देवनाथ दास, कुलजीत कुमार रवि, नीरज कुमार सिंह, प्रभात शर्मा ,माहेश्वरी वर्मा ,अभय कुमार, प्रदीप कुमार, संजय कुमार शर्मा, प्रज्ञा आनंद, सबा प्रवीण ,सुकृति बर्मन, प्रदीप प्रसाद, पंकज कुमार घनश्याम साव आदि मौजूद थे।

डीवीसी मजदूर यूनियन कार्यालय में मई दिवस का आयोजन

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बोकारो थर्मल

बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी मजदूर यूनियन कार्यालय में बुधवार को मजदूर दिवस का आयोजन किया गया। यूनियन के नेता जानकी महतो ने झंडोत्तोलन कर कार्यक्रम आरंभ किया। जानकी महतो, भाकपा के अंचल सचिव ब्रज किशोर सिंह, मो मनीरुद्दीन, मो शाहजहां, राज किशोर प्रसाद सिंह आदि ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की सरकार निरंकुश हो गई है। केंद्र के नये श्रम कानूनों से मजदूरों को काफी नुकसान हुआ है। कहा कि डीजल पेट्रोल और रसोई गैस के मूल्यों में बेतहाशा वृद्धि के कारण देश की जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। पब्लिक सेक्टर के उपक्रमों को सरकार लगातार बेचने का काम कर रही है, जिससे बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। मजदूरों से 12-12 घंटे काम लिये जा रहे हैं। असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की समाजिक सुरक्षा अब खतरे में है। कहा कि ऐसे मे बिना किसी भेदभाव के सभी को मिलकर चुनाव बाद मजदूर विरोधी,किसान विरोधी और जन विरोधी नीतियों के खिलाफ सड़क पर आंदोलन करने की जरुरत है। कहा कि नये कानून से ठेकेदार कभी भी मजदूरों की छंटनी कर सकता है। मजदूरों के ईपीएफ का लाखों-करोड़ों रुपया केंद्र सरकार ने अडानी एवं अंबानी को दे रखा है, जो पूरी तरह से गैर कानूनी है। डीवीसी बोकारो थर्मल में भी मजदूरों का प्रबंधन के नाक के नीचे कंपनियां खुलेआम शोषण कर रही है और प्रबंधन मूक दर्शक बना हुआ है। केंद्र सरकार करोड़ो नौजवानों को रोजगार, शिक्षा, सस्ती मेडिकल सुविधा देने की बात नहीं कर रही, सिर्फ मंदिर मस्जिद की बात कर देश की जनता को भड़काने का काम को रहा है, इसलिए आज मजदूरों में व्यापक एकता बनाकर प्रबंधन हो या सरकार दोनों के मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ बड़े आंदोलन करने की जरुरत है। सभा में शिवराम शर्मा, मो मनीरुद्दीन, असीम तिवारी, सत्यजीत राय, गणेश घांसी, पप्पू शर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे।

स्कूल में मजदूर दिवस पर चालकों में बांटे उपहार

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बोकारो थर्मल

बोकारो थर्मल स्थित कमला के मार्डन स्कूल में बुधवार को मजदूर दिवस का आयोजन किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पत्रकार संजय कुमार मिश्रा ने बच्चों को स्कूल लेकर आनेवाले वाहनों के चालकों एवं स्कूल के नन टीचिंग स्टाफ को मिठाई का पैकेट एवं उपहार देकर सम्मानित किया। मौके पर चालकों एवं स्कूल के गैर शैक्षणिक स्टाफों में नरेश, बिनोद, आजाद, अशोक यादव, धर्मेंद्र, सुरेश, सिट्टू, अजय, अवधेश साव, महादेव, कमलेश चैहान, मो नसीब और स्कूल के कर्मचारियों में पिंकी, प्रतिमा देवी, मीना देवी, बेबी, बीना सहित स्कूल की अध्यक्ष नीतिका गायकवाड़, मधुकर गायकवाड़, शुभ हर्ष, कुलदीप आदि थे।

80 बोरी कोयला लोड एक पिकअप वैन जब्त, मामले में तीन लोग गिरफ्तार

राष्ट्रीय मुख्यधारा। गिरिडीह

सरिया थाना क्षेत्र के दुर्गी धवैया के पास जंगल में छिपाकर रखे एक पिकअप वेन पंजि० सं० JH10G 3609 पर लोड करीब 80 बोरी कच्चा कोयला को पुलिस ने जब्त किया। वही इस मामले में पुलिस ने उक्त वाहन के चालक एवं उनके दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया है।

बताया गया कि अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी धन्नजय राम को गुप्त सूचना मिली की कोयला तस्कर एक पिकअप भैन में अवैध कोयला लोड़ कर सरिया थाना क्षेत्र के ग्राम दुर्गी धवैया के पास जंगल में छिपे है तथा चलकुशा की ओर ले जाने वाले है।

ऊक्त सूचना के आलोक एक टीम गठित कर छापेमारी कर उक्त वाहन और उसमे लदे करीब 3 टन कोयला के साथ दो मोटर साइकिल को टीम ने जब्त किया। वहीं इस मामले में वाहन चालक और उसके दो सहयोगियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लोगों में हजारीबाग जिले के बरकट्ठा थाना क्षेत्र के मधुबन निवासी संजय कुमार यादव, मनीष यादव एवं सरिया थाना क्षेत्र के दुर्गी निवासी अशोक यादव शामिल हैं।

संक्षिप्त समाचार

राधास्वामी संगठन विगत 14 वर्षो से लोगो की सेवा में तत्पर : अनिशा सिन्हा

गिरिडीह। राधास्वामी संगठन बीते 14 वर्षो से समाज के उत्थान के लिए गिरिडीह जिले में कार्य कर रही है। उक्त बातें संगठन की जिला प्रभारी अनीशा सिन्हा ने कही। उन्होंने कहा कि संगठन पुरे भारतवर्ष में अपने सदस्यों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दे रही है। कन्यादान योजना के तहत कई बच्चियों को लाभ प्रदान कर चुकी है और कई बच्चियों का निबंधन किया जा रहा है। जिसमें बच्चियों के 21 वर्ष पूर्ण होने पर विवाह के समय एक लाख रूपये नगद और विवाह सामग्री उपहार में दिया जाएगा।

बताया कि संगठन जिले में हजारो ग्रामीणों को वाहन योजना के तहत वाहन में सहयोग, सेकड़ो परिवार में बच्चे-बच्चियों को शिक्षा योजना के तहत स्कूल फ़ीस में सहयोग, कई परिवार को आवास योजना के तहत टाइल्स, मार्वल व अन्य सभी सुविधाओं से लैस पक्का मकान बना कर देने का कार्य कर चुकी है।

इसी कड़ी में पेंशन योजना के तहत सैकड़ो माताओं को पेंशन देने का कार्य प्रारंभ कर नगर निगम क्षेत्र की भण्डारीडीह निवासी माधुरी देवी को पेंशन योजना के तहत लाभ दिया गया। बताया कि मार्च 2024 से ही माधुरी देवी को संगठन की और से पेंशन दिया जा रहा है।

अनिशा सिन्हा ने बताया कि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक कुमार शर्मा व झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष मुकेश कुमार सिन्हा के नेतृत्व में संगठन नित्य ग्रामीणों के उत्थान की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने इसके लिये राधास्वामी संगठन और राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष समेत सभी ग्रामीणों के प्रति आभार प्रकट की।

कोडरमा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से चार अभ्यर्थियों ने किया नामांकन

गिरिडीह। कोडरमा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिये गुरुवार को कुल 04 अभ्यर्थियों ने नामांकन किया। गुरुवार को नामांकन करने वाले अभ्यर्थियों में भाजपा की अन्नपूर्णा देवी, निर्दलीय प्रत्याशी राजेश एवं मनोज कुमार तथा बहुजन मुक्ति पार्टी के जय नारायण दास शामिल हैं। अभ्यर्थियों में अन्नपूर्णा देवी और मनोज कुमार ने दो दो सेट में एवं निर्दलीय राजेश और बहुजन मुक्ति पार्टी के जय नारायण दास ने एक- एक सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया।

कोडरमा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने हेतु वाले सभी चारों अभ्यर्थियों ने कोडरमा संसदीय क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा को अपना नाम निर्देशन प्रपत्र सौंपा।

बता दें कि कोडरमा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से अब तक कुल 11 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन कराया है। जिनमे निर्दलीय प्रत्याशी आशीष कुमार, लोकहित अधिकार पार्टी के अखिलेश्वर साव, मूल निवासी समाज पार्टी के अजय कृष्ण, निर्दलीय प्रत्याशी शहादत अंसारी, भाकपा माले के बिनोद कुमार सिंह, निर्दलीय बीरेंद्र यादव, निर्दलीय प्रो जय प्रकाश वर्मा, भाजपा की अन्नपूर्णा देवी, निर्दलीय प्रत्याशी राजेश एवं मनोज कुमार तथा बहुजन मुक्ति पार्टी के जय नारायण दास शामिल हैं।

बता दें कि कोडरमा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिये नाम निर्देशन की अंतिम तिथि- 03 मई एवं नाम वापसी की अंतिम तिथि- 06 मई निर्धारित है। जबकि मतदान की तिथि आगामी 20 मई को प्रातः 7:00 बजे से 05:00 बजे अपराह्न तक निर्धारित है। जबकि मतगणना आगामी 04 जून को होना है।

बेंगाबाद के एएसआई को रिश्वत लेना पड़ा महंगा, किये गये निलंबित, लाइन हाजिर

गिरिडीह। बेंगाबाद थाना में पदस्थापित ASI परमानंद राम को रिश्वत लेना महंगा पड़ा है. गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा ने ASI परमानंद राम से घूस के पैसे को वापस कराकर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है. यह कार्रवाई बेंगाबाद के पुलिस निरीक्षक के जांच प्रतिवेदन पर हुई है. निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय पुलिस केन्द्र, गिरिडीह रहेगा. जमादार ने मुकदमे में सहयोग एवं गिरफ्तार नहीं करने के एवज में अभियुक्त के पिता से एक लाख रुपए रिश्वत की मांग की थी. अभियुक्त के पिता द्वारा औने-पौने दाम में जमीन बिक्री का एग्रीमेंट कर 65 हजार रुपये जमादार को दिया था. शिकायत जब एसपी के पास पहुंची तो उन्होंने मामले की जांच करायी जांच, इसमें जमादार पर लगे आरोप सही पाये गये.

प्रखंड कार्यालय में लगे रक्तदान शिविर में 25 यूनिट रक्त हुआ संग्रह

डुमरी। उपायुक्त गिरिडीह के आदेशानुसार गुरूवार को डुमरी प्रखंड कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें 25 यूनिट रक्त संग्रह हुआ।

हालांकि प्रचंड गरमी और चल रहे गर्म हवाओं के कारण रक्तदान करने वाले लोगों की मौजूदगी कम देखी। बीडीओ अन्वेषा ओना ने आमजनों से रक्तदान की अपील करते हुए कहा कि गिरिडीह जिले को प्रत्येक माह 700 यूनिट ब्लड की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ लोगों रक्तदान अवश्य करना चाहिए। ताकि किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचायी जा सके। कहा कि रक्तदान से बढ़ कर कोई दान नहीं होता है। मौके पर डाक्टर सोहेल अख्तर ने कहा कि 18 से 65 वर्ष आयु वर्ग के स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। उन्होंने भी समाज के सभी वर्गों के लोगों से रक्तदान करने की अपील की।

गांडेय उपचुनाव के लिये भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा ने किया नामांकन

गिरिडीह। गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिये भाजपा प्रत्याशी दिलीप कुमार वर्मा ने गुरुवार को अपना नामांकन प्रपत्र दाखिल किया।

श्री वर्मा गुरुवार को समाहरणालय परिसर स्थित गांडेय विधानसभा उपचुनाव के निर्वाची पदाधिकारी सह डीएसओ गुलाम समदानी के कार्यालय प्रकोष्ठ पहुंच उन्हें तीन सेट में अपना नामांकन प्रपत्र सौंपा।इस मौके पर उनके साथ गिरिडीह जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष भगीरथ मण्डल, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष यदुनंदन पाठक एवं एजाज अहमद सोनू मुख्य रूप से उपस्थित थे।

वहीं इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, जमुआ विधायक केदार हाजरा, मुकेश जालान, पूर्व डीआईजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह, दारा हाजरा समेत काफी संख्या में भाजपा के लोग मौजूद थे।

मोदी सरकार देश के विकास के साथ ही भ्रष्टाचार मुक्त भारत निर्माण को लेकर कटिबद्धः मोर्य

राष्ट्रीय मुख्यधारा। गिरिडीह

भाजपा प्रत्याशियों के नामांकन उपरांत सर्कस मैदान में हुआ चुनावी जनसभा

कोडरमा लोकसभा प्रत्याशी केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी एवं गांडेय विधानसभा उपचुनाव के प्रत्याशी दिलीप वर्मा के नामांकन के मौके पर भाजपा द्वारा शहर के गिरिडीह उच्च विद्यालय मैदान (सर्कस मैदान) में एक जनसभा का आयोजन किया गया। जिसमें उत्तरप्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मोर्य, झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, सारठ विधायक रंधीर सिंह, भरकट्ठा विधायक अमित यादव, पूर्व मंत्री लूईस मरांडी, कोडरमा विधायक नीरा यादव, पूर्व सांसद रवीन्द्र पांडेय के अलावे एनडीए गठबंधन के कई बड़े नेता शामिल हुए।

जनसभा को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मोर्य ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चार सौ पार के नारे को सार्थक करने का अहवान करते हुए कहा कि इस लोकसभा चुनाव में पूरे देश में रिकॉर्ड बन रहा है। कोडरमा में भी भाजपा प्रत्याशी के पक्ष मतदान कर रिकॉर्ड बनाना है।

उन्होंने कहा कि तीसरी बार प्रचंड बहुमत के साथ मोदी सरकार, भ्रष्टाचार मुक्त भारत का निर्माण करना है। भाजपा गरीबों की सेवा करने वाली पार्टी है, जबकि अन्य पार्टियां सिर्फ गरीबों का शोषण करना जानती है। उन्होंने कहा कि पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ साथ जनता को सिर्फ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चार सौ सीटे देनी है, बाकि सारे काम मोदी जी ही कर देंगे।

कहा कि मोदी जी ही एक ऐसे प्रधानमंत्री है जो गरीब गुरबो व किसानों के साथ आम जनमानस का सेवा करने के लिए घंटों मेहनत करते है। आजादी के बाद से कांग्रेस ने देश की जनता को गरीबी व अव्यवस्था की ओर धकेलने का काम किया था, जबकि मोदी जी ने सिर्फ 10 सालों में देश और देश की जनता की तस्वीर बदल दी। मोदी जी देश की जनता के लिए 18 घंटे काम करते है, हमें भी मतदान तक 18 घंटे तक काम करना है।

भाजपा ही कर सकती है देश का विकास और राष्ट्रहित में काम : बाबूलाल

जनसभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में एक बार फिर केन्द्र मंत्री अन्नपूर्णा देवी को बिजयी बनाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों को मजबूत करना है। मौके पर उन्होंने गांडेय विधानसभा उपचुनाव से भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा के पक्ष में भी मतदान करने की अपील की। कहा कि क्षेत्र के विकास के साथ साथ देश के विकास के लिए राष्ट्रहित में काम करने वाली एक मात्र पार्टी भाजपा ही है। पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कांग्रेस देश को पीछे धकेलना की काम की है। जबकि मोदी जी द्वारा धरातल पर कई लोक कल्याणकारी योजनाएं उतारे जिसका लाभ सभी को मिला है। उन्होंने कहा कि इस बार 400 पार का मोदी जी के सपने को साकार करना है। देश खुद ब खुद आगे बढ़ेगा।

अधूरे रह गये विकास कार्यों को पूरा करना है : अन्नपूर्णा

सभा को सम्बोधित करते हुए कोडरमा लोकसभा की प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में केन्द्र सरकार के सहयोग से क्षेत्र में कई विकास के कार्य किए गये है। केन्द्र सरकार की योजनाओं को शत प्रतिशत कोडरमा के धरातल पर उतारने का काम किया गया है। पलायन सहित कुछ अन्य बुनियादी काम अभी भी अधूरे रह गए है जिसे पूरा करने के लिए वे कटिबद्ध है। उन्होंने जहां कोडरमा लोकसभा की जनता से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। वहीं गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिये पार्टी के प्रत्याशी दिलीप वर्मा के पक्ष में भी मतदान करने की अपील की।

इन्होंने भी किया सम्बोधित-

जनसभा को पूर्व विधायक निर्भय शाहाबादी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश साव, चुन्नकांत, जिलाध्यक्ष महादेव दुबे, जिला महामंत्री संदीप डंगायच, सुभाष चंद सिन्हा, कोषाध्यक्ष मुकेश जालान, विनय सिंह, जमशेदपुर से आए भाजपा नेता अभय सिंह, कामेश्वर पसवान, प्रो विनिता सहित कई भाजपाईयों एवं एनडीए के सहयोगी दलों के नेताओं ने भी संबोधित किया।

कल्पना सोरेन ने आखिरकार कर्मिला टुडु को मना लिया, अब कर्मिला करेगी पार्टी हित मे कार्य

राष्ट्रीय मुख्यधारा। गिरिडीह

झामुमो से नाराज चल रही गांडेय के एक दिवंगत कद्दावर नेता की पुत्र वधु को आखिरकार मना लिया गया। उन्हें मनाने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन उनके आवास पर पहुंची थी।

गौरतलब है कि गांडेय विधानसभा उपचुनाव में टिकट नहीं मिलने के कारण गाण्डेय के पुर्व विधायक सालखन सोरेन की पुत्र वधु कर्मिला टुडू झामुमो से नाराज चल रही थी। उन्होंने खुद को झामुमो के किसी भी कार्यक्रम से दूर रखा था। यहाँ तक कि गांडेय विधानसभा के उपचुनाव के लिये पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन के नामांकन कार्यक्रम में भी शामिल नहीं हुई थी।

बता दें कि पूर्व विधायक सह झामुमो के संस्थापक सदस्यों में से एक सालखन सोरेन के निधन के बाद झामूमो द्वारा उनके परिवार वालों को उचित सम्मान नहीं दिया। न ही कभी चुनाव में उनके पुत्र अथवा पुत्रवधु को ही टीकट दिया। यधपि अमूमन झामुमो के जीतने भी दिवंगत विधायक रहे, झामुमो ने उनके परिवार के लोगों को उचित सम्मान देते हुये उन्हें चुनाव में टीकट दिया। लेकिन पूर्व विधायक सालखन सोरेन के परिवार को इस सम्मान से महरूम रखा। जिस कारण दिवंगत विधायक सालखन सोरेन की पुत्र वधु झामुमो से नाराज चल रही थी।

बुधवार को देर शाम पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी सह गांडेय उपचुनाव में झामुमो की प्रत्याशी कल्पना सोरेन दिवंगत पूर्व विधायक के बेंगाबाद स्थित आवास पहुंचकर उनकी पुत्र वधु कर्मिला टुडू से मुलाकात की, और सारे गिले-शिकवे भुलाकर झामुमो से जुड़कर पार्टी हित में कार्य करने का निवेदन किया। मौके पर राज्यसभा सांसद डॉ० सरफराज अहमद झारखंड के मंत्री हफीजुल हसन और गिरिडीह सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू के अलावे झामुमो जिला अध्यक्ष संजय सिंह, विनय टुडू, अन्द्रियास टुडू समेत कई लोग मौजूद थे।

इस बावत पुर्व विधायक सालखन सोरेन के पुत्र मंगल सोरेन ने बताया कि अब उन्हें और उनके परिवार को पार्टी से कोई शिकवा शिकायत नहीं है। पार्टी ने अपनी ग़लती स्वीकार कर लिया है। और,उनकी पत्नी कर्मिला टुडु को पुनः पार्टी में शामिल कर लिया है और अब उनकी पत्नी कर्मिला टुडू कल्पना सोरेन को चुनाव में सहयोग करेंगी।

गांडेय विधानसाभा उपचुनाव के लिये भाजपा और AIMIM समेत चार ने किया नामांकन

राष्ट्रीय मुख्यधारा। गिरिडीह

गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिये गुरुवार को भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा और AIMIM प्रत्याशी इंतेखाब अंसारी समेत चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया। जिनमे दो निर्दलीय प्रत्याशी मो कौसर आजाद एवं मो सब्बीर अंसारी शामिल है। इन सभी प्रत्याशियों ने गांडेय विधानसभा उपचुनाव के निर्वाची पदाधिकारी सह डीएसओ गुलाम समदानी को अपना अपना नाम निर्देशन प्रपत्र सौंपा।

बता दें बीते 26 अप्रैल को गांडेय विधानसभा उप चुनाव के लिये नाम निर्देशन की अधिसूचना जारी हुई। अधिसूचना जारी होने के बाद अब तक गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिये कुल सात प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। जिनमे झामुमो की कल्पना मुर्मू सोरेन, निर्दलीय मो सईद अंसारी एवं निर्दलीय अवधेश सिंह, भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा, AIMIM प्रत्याशी इंतेखाब अंसारी निर्दलीय प्रत्याशी मो कौसर आजाद एवं निर्दलीय मो सब्बीर अंसारी शामिल है।

बता दें कि गांडेय उपचुनाव के नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 03 मई एवं नाम वापसी की अंतिम तिथि 06 मई निर्धारित है। जबकि गांडेय विधानसभा उप चुनाव की मतदान तिथि कोडरमा लोक सभा के मतदान के साथ 20 मई को प्रातः 7:00 बजे से 05:00 बजे अपराह्न तक निर्धारित है। जबकि मतगणना आगामी 04 जून को होना है।

कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से अन्नपूर्णा देवी ने किया नामांकन

राष्ट्रीय मुख्यधारा। गिरिडीह

कोडरमा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने गुरुवार को नामांकन पत्र दाखिल की। इनके साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, जमुआ विधायक केदार हाजरा एवं बगोदर के पूर्व विधायक नागेंद्र महतो मुख्य रूप से मौजूद थे।

नामांकन के पूर्व अन्नपूर्णा देवी जुलूस की शक्ल में रोड शो करते समाहरणालय पहुंची। उन्होंने कोडरमा लोकसभा के निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त को दो सेट में अपना नामांकन प्रपत्र सौंपा।

नामांकन पश्चात पत्रकारों से बातचीत में अन्नपूर्णा देवी ने कहा वह विकास के नाम पर वोट मांगने जनता के बीच जाएंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन दस वर्षों में न देश के हर इलाके में विकास किया है। हर लोगों के भावनाओं को समझते हुए उनके लिये कई लोक कल्याणकारी योजनाएं धरातल पर उतारा है। जिससे देश के साथ साथ कोडरमा की जनता लाभान्वित हुई है।

मौके पर पूर्व मंत्री सह कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव, भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह, जिलाध्यक्ष महादेव दुबे, प्रणव वर्मा, मुकेश जलान, अशोक उपाध्याय, भागीरथ मंडल, यदुनंदन पाठक,दारा हजरा, गांडेय उपचुनाव के भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा, सुभाष चन्द्र सिन्हा सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व नेता मौजूद थे।

लोकसभा चुनाव : निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में गांडेय के पूर्व विधायक प्रो जयप्रकाश वर्मा ने किया नामांकन

राष्ट्रीय मुख्यधारा। गिरिडीह

कोडरमा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में प्रो जय प्रकाश वर्मा ने बुधवार को नामांकन किया। गांडेय विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रो जय प्रकाश वर्मा ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा के कार्यालय प्रकोष्ठ में कोडरमा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री लकड़ा को दो सेट में अपना नाम निर्देशन प्रपत्र समर्पित किया।

नामांकन करने हेतु पपरवाटांड़ समाहरणालय पहुंचने के पूर्व प्रो वर्मा का एक चुनावी सभा शहरी क्षेत्र के प्लस टू गिरिडीह उच्च विद्यायल मैदान (सर्कस मैदान) में हुआ। जिसमें हजारों हजार की संख्या में कोडरमा संसदीय क्षेत्र के विभिन्न प्रखण्डों के स्वजातीय बंधुओं के अलावे अन्य जाति के लोग शामिल थे।

चुनावी सभा के समापन के बाद रोड शो करते जुलूस की शक्ल में हजारों के संख्या में उनके समर्थक समाहरणालय पहुंचे। जहां उन्होंने निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री लकड़ा को अपना नामांकन पत्र सौंपा।

नामांकन उपरांत पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि उनका विधायकी का कार्यकाल गांडेय की जनता ने देखा है। वह गांडेय के नौवें विधायक बने थे। लेकिन पूर्व के आठ विधायकों के कार्यकाल में जो कुछ नहीं हुआ था वह सब कुछ उनके कार्यकाल में सम्भव हुआ था। उन्होंने कहा कि उनकी ईमानदार कोशिश से गांडेय विधानसभा क्षेत्र का विकास हुआ था। कि

उन्होंने कहा कि कोडरमा संसदीय क्षेत्र की जनता के आग्रह पर वह कोडरमा लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। क्षेत्र की जनता की इच्छा है कि गांडेय विस क्षेत्र जिस तरह उनके कार्यकाल में विकसित हुआ ठीक उसी तरह पूरा कोडरमा संसदीय क्षेत्र में विकास हो। उन्होंने कहा कि अब तक जिनते भी जनप्रतिनिधि हुए उन्होंने चुनाव जीत कर क्षेत्र की जनता को रामभरोसे छोड़ दिया उनकी सुध तक लेना मुनासिब नहीं समझा है। कहा कि वह हमेशा जनता के सुख दुख में भागीदार रहें है और आगे भी बने रहेंगे।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि उनका मुख्य चुनावी मुद्दा क्षेत्र में ईमानदारी से विकास, कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार को समाप्त करण और क्षेत्र के लोगों के लिये रोजगार और अच्छी शिक्षा की व्यवस्था कराना है। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि झामुमो में रहते हुए उन्होंने क्षेत्र की जनता की मांग पर बागी प्रत्याशी बने है। अब उनका मुख्य मुकाबला किसके साथ होगा यह जनता ही निर्धारित करेंगे।

बहरहाल प्रो जय प्रकाश वर्मा के कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतर जाने से कोडरमा संसदीय क्षेत्र का राजनीतिक पारा परवान पर चढ़ गया है। अब इस लोकसभा क्षेत्र का चुनाव काफी दिलचस्प होना लाजमी हो गया है।

बड़कागांव कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में पर्यावरण एवं कैरियर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बड़कागांव

बड़कागांव प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के सभागार में वार्डेन लीलावती कुमारी की अध्यक्षता में इको क्लब के तहत पर्यावरण जागरूकता, जल संरक्षण, छात्राओं को कैरियर प्रति जागरूक बनाने एवं मतदाता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का संचालन प्रखंड साधन सेवी अभय कुमार के द्वारा किया गया।अभय कुमार के द्वारा सभी छात्राओं को पर्यावरण के प्रति स्वयं सजक रहते हुए समुदाय, अभिभावकगण एवं संपर्क में रहने वाले सभी लोगों को जागरूक करने के लिए कहा गया। विद्यालय में संचालित इको क्लब के कार्य एवं दायित्वों के साथ-साथ पानी के सदुपयोग पर विस्तृत चर्चा की गई। अभय कुमार के द्वारा बताया गया कि छात्राएं कैसे अपने कैरियर को बना सकती हैं उस विषय में बिंदुवार चर्चा की गई।कहा गया कि सर्वप्रथम जीवन में लक्ष्य का निर्धारण अति आवश्यक है।लक्ष्य के अनुसार दैनिक दिनचर्या में कर्म किया जाना चाहिए तभी लक्ष्य की प्राप्ति हो सकते है । छात्राओं को मानव जीवन की विभिन्न अवस्थाओं के बारे में समझाते हुए उनके वर्तमान अवस्था के महत्व के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई।सभी बच्चियों को अगले कार्य दिवस में स्वयं मनन करते हुए हमारा लक्ष्य शीर्षक पर निबंध लिखने के लिए कहा गया। वहीं कार्यशाला में बड़कागांव प्रखंड कल्याण पदाधिकारी पंकज गुप्ता एवं प्रखंड कोऑर्डिनेटर भास्कर राज के दिशा निर्देश सन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम भी किया गया। उक्त कार्यशाला में छात्राओं को पर्यावरण एवं कैरियर के प्रति जागरूक बनाने के लिए वार्डेन लीलावती कुमारी के द्वारा प्रखंड साधन सेवी अभय कुमार को धन्यवाद देते हुए सभा समाप्ति की घोषणा की गई। इस बैठक में संकुल साधन सेवी दीपक कुमार,अंशकालिक शिक्षक एवं शिक्षिका संगीता कुमारी, विनीता कुमारी, रूबी कुमारी ,सीताराम महतो ,चिंतामणि महतो, प्रमोद कुमार कुशवाहा आदि शामिल थे।

झामुमो नेता संजय सिंह ने सीएम चंपई सोरेंन से की मुलाकात

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बड़कागांव

बड़का गांव झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह ने हजारीबाग में कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल की नामांकन के दौरान मुख्यमंत्री की चौपाई सोरेन से मुलाकात कर बुके देकर अभिनंदन किया। इस दौरान संजय सिंह ने लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा चर्चा किया। और गठबंधन के प्रत्याशी कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश प्रकाश भाई पटेल को बढ़ चढ़कर मदद करने और जीताने पर जोर दिया।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी

संक्षिप्त समाचार

व्यवसाईयों पर अपराध की घटना अब चेंबर नहीं करेगा बर्दाश्तः आनंद शंकर

व्यवसाईयों को भयभीत कर भयादोहन करने की घटना निंदनीय

पलामू। चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने आपातकालीन बैठक कर जिले में बढ़ते अपराधिक घटना, व्यवसाईयों की हत्या और बढ़ रहे गोली चालन कर व्यवसाईयों को भयभीत करते हुए पैसा भयदोहन करने की घटना की निंदा गई। मौके पर आनंद शंकर ने मंगलवार की घटना का जिक्र करते हुए कहा की संतोष गुप्ता छतरपुर पर गोली चालन की घटना निंदनीय है। उन्होंने हकहा इन दिनों हरिहरगंज एवं छतरपुर में व्यवसाईयों पर हत्या और गोली चालन की घटना आम हो गई है। बावजूद प्रशासन मौन है। ना तो घटना का उद्वेदन हो पा रहा और ना ही क्राइम को कंट्रोल किया जा रहा। चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने कहा अगर यही स्थिति बनी रही और क्रिमिनल पकड़े नहीं जाएंगे। अपराध नहीं रुका तो वे 15 तारीख के बाद स्वयं एवं फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर की टीम को लेकर हरिहरगंज एवं छतरपुर का दौरा कर सभी व्यवसाईयों से मिलकर वहां के व्यवसाईयों से कहूंगा अपने-अपने प्रतिष्ठानों को बंद करते हुए प्रतिष्ठानों की चाबी उपयुक्त पलामू को सौंप दें। जब लॉ एंड ऑर्डर सुधर जाएगा तब हम सभी व्यवसाइ अपनी प्रतिष्ठानों को खोलेंगे। आनंद शंकर ने आरक्षी अधीक्षक पलामू से मांग की है क्रिमिनल्स को 15 तारीख तक अवश्य पड़कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने का कार्य करें। व्यवसाईयों पर अपराध की घटना अब चेंबर बर्दाश्त नहीं करेगा। यदि हम व्यवसाइ टैक्स देते हैं तो सरकार और प्रशासन को भी चाहिए की व्यवसाईयों की सुरक्षा की गारंटी सुनिश्चित करें। आनंद शंकर ने कहा पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के कार्यकाल में व्यवसाई अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रहे थे। यहां तक की मेदनीनगर से रात 12:00 बजे रात को भी रांची के लिए बस चलने लगी थी, लेकिन सरकार बदलते के साथ ही दिनदहाड़े घटनाएं आम हो चुकी हैं। अब तो एस्थिती यह है की थाना से सेट व्यवसाई अपने आप को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं।

अपने मायके भाई के लिए वोट मांगने आई : अरुणा शंकर

पलामू। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने पंजाबी ढोल बाजा के साथ चैनपुर बाजार एवं मोहल्ले का भ्रमण करते हुए सभी माताओ, बहनों और व्यवसायों एवं युवाओं को 4 तारीख सुबह 8:00 बजे हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी की सभा मैं आने को आमंत्रण दिया। इस आमंत्रण यात्रा में प्रथम महापौर के साथ शहर एवं चैनपुर के सैकड़ो व्यवसाययों एवं महिलाएं मौजूद थीं। सभी लोगों ने गर्म जोशी से प्रथम महापौर का स्वागत कहीं माला पहना कर तो कहीं महिलाओं ने गले मिलकर किया। मौके पर प्रथम महापौर ने कहा चैनपुर, शाहपुर का प्यार मुझे मायके की याद दिलाता है उसी अधिकार से वे पलामू लोकसभा के बीजेपी प्रत्याशी के लिए जनसंपर्क अभियान में आई हूं। प्रथम महापौर ने कहा इस बार हमें संसद नहीं बल्कि मंत्री बनाना है ताकि हमारे क्षेत्र का चौमुखी विकास हो सके। हमारे युवा भाई, बहनों को रोजगार के कई अवसर मिल सके। प्रथम महापौर ने कहा मेरे कार्यकाल में पारित कि गई कई योजना में चैनपुर प्रखंड भी शहर के गांधी उद्यान की तरह, सूर्य मंदिर तालाब का सुंदरीकरण, माताओ बहनों को छठ करने के लिए शानदार घाट , बच्चों ,महिलाओं, बुजुर्गों के लिए पार्क एवं सुबह शाम टहलने के लिए ट्रैक बनने की प्रक्रिया चरम पर है। चुनाव के बाद कार्य शुरू हो जाएगा। इस अवसर पर काशी प्रसाद कमलापुरी, विजय प्रमुख, आनंद प्रसाद, अरविंद प्रसाद, चंदू गुप्ता, विजय माल्या, प्रदीप प्रसाद, श्याम कश्यप, कृष्णा सोनी, लक्ष्मी साह, अखिलेश जी एवं चेंबर के कई सदस्य उपस्थित थे।

कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से बिनोद सिंह ने भाकपा माले प्रत्याशी के रूप में किया नामांकन

गिरिडीह। बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह ने कोडरमा संसदीय क्षेत्र से भाकपा माले के प्रत्याशी के रूप में बुधवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा के कार्यालय कक्ष में श्री सिंह ने कोडरमा संसदीय क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी को दो सेट में नाम निर्देशन पत्र सौंपा।

मौके पर उनके साथ पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी सह गांडेय उपचुनाव की झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन, राज्यसभा सांसद डॉ सरफराज अहमद एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष मौजूद थे।

बता दें कि कॉ बिनोद सिंह अपने 19 वर्षीय राजनीतिक जीवन में पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से बिनोद कुमार सिंह इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार हैं।

गौरतलब है कि बगोदर के तत्कालीन विधायक कॉ महेंद्र सिंह की हत्या के बाद 2005 में विनोद कुमार सिंह ने पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ा था और उनकी जीत हुई थी। अब तक वे तीन बार बगोदर से विधायक चुने जा चुके हैं। आसन्न लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन ने कोडरमा संसदीय सीट भाकपा माले को दिया है। भाकपा माले ने विनोद कुमार सिंह को कोडरमा सीट के लिये अपना प्रत्याशी बनाया है।

गिरिडीह लोस क्षेत्र से सुबोध यादव ने किया निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन

डुमरी। प्रखंड के बेरहा सूईयाडीह पंचायत के मुखिया सुबोध यादव ने गुरुवार को निर्दलीय उम्मीदवार के रुप में गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से अपना नामांकन पर्चा बोकारो डीसी के समक्ष दाखिल किया।

दर्जनों वाहनों के काफिले के साथ अधिवक्ता अशोक कुमार जैन के साथ नामांकन पर्चा दाखिल करने बोकारो पहुंचे सुबोध ने नामांकन के बाद पत्रकारों को बताया कि युवाओं,बेरोजगारों,मजदूरों, किसानों, शोषितों वंचितों का आवाज संसद में उठा उसका समाधान करने का काम करेंगे। कहा कि क्षेत्र के हर वर्ग के मतदाताओं का उन्हें समर्थन मिल रहा है।

भाजपा का हर वायदा जुमला साबित होता है : चंपई सोरेन

- **देश को बचाने का यह लोकसभा चुनाव है : दिपांकर भट्टाचार्य**
- **माले की चुनावी सभा मे उमड़ा जन सैलाब, शामिल हुए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन**

राष्ट्रीय मुख्यधारा। गिरिडीह

भाकपा माले प्रत्याशी बिनोद कुमार सिंह के नामांकन के बाद पपरवाटांड़ फुटबॉल मैदान में एक चुनावी सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सूबे के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन एवं भाकपा माले के राष्ट्रीय नेता दीपांकर भट्टाचार्य मुख्य रूप से शामिल हुए। सभा की अध्यक्षता राजद नेता गौतम सागर राणा और संचालन राजेश यादव एवं जयंती चौधरी ने की।

मौके पर भाकपा माले के राष्ट्रीय नेता दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा यह देश को बचाने का चुनाव है। देश का संविधान, लोकतंत्र, भाईचारा सब खतरे में है।

अबकी बार अपना वोट संविधान की हिफाजत के लिए करें। इस लड़ाई में अपनी पूरी ताकत झोंक दें।

वहीं सूबे के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि विनोद सिंह झारखंड के गरीबों, मजदूरों, शोषितों, वंचितों की आवाज हैं। कोडरमा लोकसभा से इनको जीता कर संसद भेजना जरूरी है। भाजपा की सरकार ने जनता से झूठ बोला, अपना कोई भी वादा पूरा नहीं किया। दो करोड़ नौजवानों को हर साल रोजगार देने का किया वादा अब तक पूरा नहीं हुआ। चुनाव में वो वादा तो करते हैं लेकिन वह जुमला साबित होता है। इसलिए यह आपके पास मौका है, भाजपा सरकार को बदलने के लिए वोट कीजिए।

वहीं झामुमो की गांडेय विधानसभा प्रत्याशी कल्पना मुरमू सोरेन ने कहा विनोद सिंह जितने लंबे हैं उतनी ही लंबी दूरी तक जाने वाली इनकी आवाज और उससे भी लंबी इनकी सोच है, इसलिए कोडरमा से इस बार इनको जीता कर संसद पहुंचाएं।

सभा को सम्बोधित करते इंडिया गठबंधन के माले प्रत्याशी विनोद सिंह ने कहा कि पिछले दस सालों में कोडरमा लोकसभा की जनता की आकांक्षाओं और सपनों के साथ धोखा हुआ है। लोग ठगे महसूस कर रहे हैं। इसलिए यह चुनाव कोडरमा की जनता के सपनों व आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ने का चुनाव है। हम कॉ. महेंद्र सिंह के शब्दों में एक बात आपसे कहना चाहते हैं कि हमारे साथी जेल जा सकते हैं, मारे जा सकते हैं लेकिन आपकी लड़ाइयों के साथ गद्दारी नहीं कर सकते। इस बार झंडे पर तीन तारा निशान पर बटन दबाइए और कोडरमा में बदलाव की लहर तेज कीजिए।

सभा को राज्यसभा सांसद डॉ सरफराज अहमद, राज्य अल्पसंख्यक आयोग सदस्य बरकत अली, राजद के कोडरमा जिला अध्यक्ष रामधन यादव, झामुमो नेता व पूर्व विधायक जानकी यादव, झामुमो नेता व पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी, राजद जिलाध्यक्ष नाथेश्वर ठाकुर, राजद राज्य उपाध्यक्ष अवधेश सिंह यादव, कांग्रेस नेता मंजू देवी, पूर्व विधायक राजकुमार यादव, माले नेता अशोक पासवान, आरवाईए से संदीप जयसवाल, झामुमो नेता श्यामदेव यादव, सीपीएम नेता प्रकाश विप्लव, माससं नेता हलधर महतो, इप्टा राष्ट्रीय सचिव शैलेंद्र कुमार, युवा राजद नेता रंजन यादव, प्रमुख प्रतिनिधि दीपू चौधरी, झामुमो नेता हीरालाल मुरमू एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष आदि गठबंधन नेताओं ने संबोधित किया।

शत प्रतिशत मतदाता पर्ची का वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश

राष्ट्रीय मुख्यधारा। लातेहार

लोकसभा निर्वाचन के निमित्त मतदाता सूची पर्ची वितरण को लेकर उप निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्रीमती गरिमा सिंह की अध्यक्षता में विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ बैठक आहूत की गई।

बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी नें बताया कि लातेहार एवं मनिका विधानसभा क्षेत्र में कल से मतदाता पर्ची का वितरण शुरू किया जाएगा। माइक्रो प्लान तैयार कर आपसी समन्वय स्थापित करते हुए बीएलओ के माध्यम से शत प्रतिशत मतदाता पर्ची का वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि प्रतिनियुक्ति पदाधिकारी एवं कर्मी निर्वाचन संबंधित दायित्वों का निर्वाह सजगता के साथ पूरी ईमानदारी से करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें, ताकि सभी तैयारियां ससमय पूर्ण कर जिले में निर्भीक एवं शांतिपूर्ण वातावरण में चुनाव संपन्न कराया जा सकें। उन्होंने कहा कि चुनाव को लेकर उत्सव का माहौल बनायें। मतदाताओं को इसके लिए भी प्रेरित करें कि लोकतंत्र के इस त्योहार को उत्साह के माहौल में अपने परिवार के सदस्यों के साथ मतदान कर मनाएं। उन्होंने बीएलओ को चुनाव आयोग से प्राप्त होने वाले मतदाता सूची पर्ची (वोटर इनफार्मेशन स्लिप) को घर-घर जाकर वितरण करने का निदेश दिया। मतदाताओं को उपलब्ध कराई जानेवाली मतदाता सूची पर्ची बीएलओ के मूल हस्ताक्षर से निर्गत की जानी चाहिए। उपायुक्त नें कहा कि मतदान की तिथि से कम से कम 5 दिन पूर्व तक वितरण का कार्य संपन्न कराएं। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती मेरी मड़की, अनुमंडल पदाधिकारी, लातेहार श्री कौशल कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, महुआडांड़ श्री रतन कुमार सिंह, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

तृतीय चरण के चुनाव प्रशिक्षण की तैयारी पूरी, प्रशिक्षक हुए अपडेट

राष्ट्रीय मुख्यधारा। पलामू

निष्पक्ष व त्रुटि रहित मतदान के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त पलामू श्री शशिरंजन के आदेशानुसार मतदानकर्मियों को तृतीय चरण का चुनाव प्रशिक्षण दिनांक 03 मई 2024 से 06 मई 2024 तक हेरिटेज स्कूल मेदिनीनगर में दिया जाना निर्धारित है। साथ ही दिनांक 03 मई 2024 को गिरिवर+2 उच्च विद्यालय में सूक्ष्म प्रेक्षकों को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दिया जायेगा।

इसकी सफलता के लिए समाहरणालय के डीआरडीए ब्लॉक 'सी' सभागार में मास्टर प्रशिक्षकों एवं जिला प्रशिक्षकों के लिए अभ्यास प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

इसमें जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी, रामानुज प्रसाद, अशोक सिंह ,अमरेन्द्र पाठक, प्रधान सहायक रामलखन राम, सौरभ कुमार सिन्हा व दिनेश चंद्र राम के द्वारा मास्टर प्रशिक्षकों को अपडेट किया गया। प्रशिक्षण में शंकाओं का समाधान किया गया तथा प्रशिक्षण की बारीकियों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण सेल के नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त श्री रवि आनंद ने प्रशिक्षण में कोई कमी नहीं छोड़ने का निदेश दिया है।

संपूर्ण निर्वाचन कार्यक्रम की जानकारी मीडिया के साथ की साझा

राष्ट्रीय मुख्यधारा। गढ़वा

समाहरणालय स्थित सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त शेखर जमुआर ने लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारी के संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा 16 मार्च को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लागू आदर्श आचार संहिता के पश्चात गढ़वा जिले में अब तक किए गए करवाई एवं 13 पलामू लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए निर्धारित संपूर्ण निर्वाचन कार्यक्रम की जानकारी मीडिया के साथ साझा की। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 13 पलामू लोकसभा क्षेत्र में 4th फेज में चुनाव होना है, जिसके लिए 18 अप्रैल 2024 को अधिसूचना की तिथि है, 25 अप्रैल 2024 नाम निर्देशन करने की अंतिम तिथि है, 26 अप्रैल 2024 को नाम निर्देशनों की संवीक्षा की तिथि है, 29 अप्रैल 2024 को अभ्यर्थिता वापस लेने की अंतिम तिथि है, 13 मई 2024 को मतदान की तिथि है एवं 4 जून 2024 को मतगणना की तिथि है। उन्होंने बताया कि डिस्पैच सेंटर के रूप में 80 गढ़वा एवं 81 भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए श्री सदुरु जगजीत सिंह नामधारी महाविद्यालय गढ़वा जबकि 76 डाल्टनगंज एवं 77 विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र हेतु गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय डाल्टनगंज को तैयार किया गया है। सभी के लिए रिसीविंग सेंटर कृषि उत्पादन बाजार समिति पलामू को बताया गया। गढ़वा जिले में मतदाताओं कि संख्या 1041022 है, वहीं प्रथम बार मतदान करने वाले नए मतदाताओं की संख्या 30142 है। जिसमें 80 गढ़वा में 14790 एवं 81 भवनाथपुर में 15352 है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा महिला मतदान केंद्र, PWD मैनेज्ड बूथ, यूनिक मतदान केंद्र के संबंध में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कंपोजिट कंट्रोल रूम के बारे में उन्होंने बताया कि यह 24/7 कार्यरत है।

भारत निर्वाचन आयोग के सभी गाइडलाइंस का अनुपालन करते हुए निर्वाचन से जुड़े सभी कार्यों को किया जा रहा है। एमसीसी के शतप्रतिशत अनुपालन हेतु वर्तमान में फ्लाइंग स्क्वायड टीम, स्टेटिक सर्विलांस टीम एवं वीडियो सर्विलांस टीम, वीडियो भिविंग टीम के माध्यम से असामाजिक तत्वों, अवैध शराब समेत अन्य गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि अबकी बार 80 पार के नारे के तहत जिले में 80% से अधिक मतदान सुनिश्चित करना हमारा प्रयास है। मतदान केंद्रों पर मतदान के दिन की जाने वाली व्यवस्थाओं, ए एम एफ सुविधाओं एवं वालंटियर की प्रतिनियुक्ति को लेकर भी उपायुक्त ने जानकारी दिया, उन्होंने बताया कि एनएसएस और एनसीसी समेत अन्य के तहत वालंटियर के रूप में मतदान के दिन मतदान केंद्रों पर इनकी प्रतिनियुक्ति की जाएगी जो 85 प्लस के वृद्धि मतदाताओं, दिव्यांग मतदाताओं समेत अन्य को मतदान केंद्रों पर मतदान दिलाने हेतु सहयोग करेंगे। ऐसे मतदाताओं के लिए वाहन, व्हील चेयर की व्यवस्था को लेकर भी उपायुक्त द्वारा जानकारी दिया गया। साथ ही मतदान केंद्रों पर शेड की व्यवस्था की जा रही है। मतदान के दिन मतदान केंद्रों पर मेडिकल टीम की प्रतिनियुक्ति को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि पूर्व के चुनाव में मतदान कर्मियों को मेडिकल किट दिया जाता था परंतु इस बार से मतदान केंद्रों पर मेडिकल किट के साथ स्वास्थ्य सहिया को रखा जाएगा। जहां ओआरएस समेत अन्य व्यवस्था मतदान केंद्र पर मौजूद रहेंगा, जिससे मतदान कर्मियों एवं मतदाताओं को किसी भी प्रकार की समस्या न हो।

मानवदेवी डेडिकेटेड इंटर कॉलेज में प्रतिभा सम्मान समारोह

राष्ट्रीय मुख्यधारा। पलामू

मानवदेवी डेडिकेटेड इंटर कॉलेज में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित की गई। 12वीं कॉमर्स के छात्र सौरव कुमार जिला टॉपर बना। साथ ही कॉमर्स के सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उतीर्ण हुए। जबकि इंटर साइंस में 95% विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिसमें 12 विद्यार्थी आईआईटी जेईई मेंस में उतीर्ण हुए और आर्ट्स में भी अधिकांश बच्चे प्रथम श्रेणी से उतीर्ण हुए। बताते चलें की पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर में स्थित मानवदेवी डेडिकेटेड इंटर कॉलेज के तीनों संकाय (साइंस, आर्ट्स और कॉमर्स) के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। जिसमें कॉमर्स के सौरव कुमार ने 454 (90.8%) अंक प्राप्त कर पलामू जिला टॉप किया। साथ ही कॉमर्स के सभी बच्चों ने प्रथम श्रेणी से उतीर्ण हुए, वही साइंस में गुणवत्ता-पूर्ण परिणाम मिला जिसमें 95% विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से उतीर्ण हुए। जिसमें अंजली कुमारी 446 (89.2%), मनश्विनी सिंह भारद्वाज 443 (88.6%), सूरजमनी कुमार 429 (85.6%), कृत्यानंद 425 (85%), अविनाश कुमार 422 (84.4%), अभिनव पांडे 418 (83.6%), सौम्या पांडे 415 (83%), सिद्धांत रंजन 414 (82.8%), कुमकुम पाल 413 (82.6%), मिलन नारायण 411 (82.2%) एवं अन्य सभी छात्रों ने भी अच्छे अंक प्राप्त किए। वहीं आर्ट्स में पूर्णिमा कुमारी 365 (73%), विकास कुमार तिवारी 362 (72.4%) अजीत कुमार भुइयाँ 357 (71.4%) अंक लाकर कॉलेज टॉपर रहे। इस शानदार सफलता पर कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर श्वेता कुमारी ने सभी छात्रों को बधाई और उज्जवल भविष्य की कामना की। सभी विद्यार्थी प्रतिभा सम्मान समारोह में मेडल एवं सर्टिफिकेट पाकर बहुत खुश एवं उत्साहित थे। कॉलेज के सचिव आईआईटी गुरु इंजीनियर विनय कुमार मेहता ने विद्यार्थियों के सपनों को हकीकत में बदलने के लिए अपने संकल्प को दोहराया साथ ही सभी को हार्दिक बधाई दिया एवं उज्जवल भविष्य का कामना की। डेडिकेटेड का 20 वी० सालगिरह के शुभ अवसर पर पलामू के दसवीं पास सभी विद्यार्थियों को सत्र 2024 – 26 इंटर साइंस, कॉमर्स और आर्ट्स में नामांकन शुल्क में 50% की छुट एवं प्रत्येक स्कूल के टॉपर को फ्री नामांकन की घोषणा की। मौके पर कॉलेज प्रबंधन के उप-प्राचार्य कुमारी पूनम चतुर्वेदी कॉलेज प्रशासनिक प्रबंधक रविशंकर दुबे, नंदकिशोर कुमार, जीवनंदन कुमार, वंदना कुमारी, मुकेश कुमार गुप्ता, पूजा अग्रवाल, उदय कुमार, एवं चंद्रमणि पांडे उपस्थित थे।

बड़कागांव पुलिस ने मोतरा घाटी से अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर किया जप्त

राष्ट्रीय मुख्यधारा बड़कागांव

बड़कागांव पुलिस ने शुक्रवार को मोतरा घाटी से अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर जब्त करके बड़कागांव थाना परिसर लाया गया। करवाई बड़कागांव थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया। जप्त ट्रैक्टरो के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए बड़कागांव अंचलाधिकारी को अग्रसारित किया गया। वहीं थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि अवैध बालू के विरुद्ध हमेशा कानूनी कार्रवाई किया जा रहा है और आगे करवाई किया जाएगा।

इसको-गाली में हाथी मचाया उत्पात, चार घरों को किया क्षतिग्रस्त, लोग दहशत में

राष्ट्रीय मुख्यधारा बड़कागांव

बड़कागांव वन प्रक्षेत्र अति सुदूरवर्ती क्षेत्र इसको तथा गाली में गुरुवार रात्रि को एकलौते हाथी ने रातभर उत्पात मचाया तथा इसको में बढन साव तथा गाली में रघुनाथ गुरुजी, बालेश्वर गंझू, राजदीप गंझू को छतिग्रस्त करके घर में रखे समान को चट कर गया।

सूचना उपरांत वहीं बड़कागांव वन विभाग सक्रिय हुआ तथा हाथी को खोजने का कार्य जारी है। वहीं बड़कागांव वनपाल अजय कुमार यादव ने कहा कि रात के अंधेरे में घर से बाहर न निकलें,रात में मिट्टी के घर में नहीं रहें। लोग हाथी को न छेड़ें तथा हाथी से दूरी बनाए रखें।

वहीं वन विभाग के द्वारा हाथी को खदेड़ना का हर प्रयास किया जा रहा है तथा स्थानीय लोगों को सभी तरह का सहयोग किया जा रहा है। वहीं के द्वारा छति का मुआवजा व छतिपूर्ति जांचों उपरांत दिया जाएगा।

पब्लिक क्लॉथ स्टोर नामक कपड़ा दुकान में लगी आग, मची अफरा तफरी

काफी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने पाया आग पर काबू

राष्ट्रीय मुख्यधारा। गिरिडीह

नगर थाना क्षेत्र के मौलाना आजाद चौक स्थित एक कपड़ा दुकान में बुधवार की शाम आचनक आग लगने से शहर में अफरातफरी मच गयी। अगलगी की यह घटना शहर के बीचों बीच अत्यधिक भीड़ भाड़ वाले इलाके में स्थित पब्लिक क्लॉथ स्टोर में लगी थी। लोगों ने आग लगने की सूचना तत्काल फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया।

जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम लोगों की नजर अचानक पब्लिक क्लॉथ स्टोर कपड़ा दुकान के दुसरे तल्ले की खिड़की से निकलते धुंआ पर पड़ी। खिड़की से धुंआ और फिर आग की लपटें बाहर निकलते देख लोगों ने शोर मचाना शुरू किया। शोर सुन आस पास के दुकानों के लोग समेत आम राहगीरों की भीड़ वहां जुट गई। लोग जब तक कुछ करने की सोचते तब तक आग की लपटों ने दुकान के दुसरे तल्ले को पूरी तरह से अपने चपेट में ले लिया था।

लोगों ने घटना की सूचना फायर ब्रिगेड और नगर थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम घटनास्थल पहुंच स्थिति को संभाला। वहीं काफी मशक्कत के बाद अग्निशमन विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया। दुकान के संचालक द्वारा शार्ट सर्किट की वजह से दुकान में आग लगने की बातें कही जा रही है। हालांकि इस अगजनी की घटना में कितने का नुकसान हुआ है इसका आकलन दुकान संचालक द्वारा स्पष्ट नहीं किया जा सका है। हालांकि उन्होंने लाखों के नुकसान की आशंका जताई है।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी

इंतजामों को अधिक सक्रिय करने की जरूरत

हमारे देश के वनों में गर्मियों के दिनों में आग लगना एक लगातार सिलसिला है। अप्रैल का महीना शुरू हुआ कि आग से जंगल धधकने लगते हैं। जंगल की आग पर्यावरण की दृष्टि से तो खतरनाक है ही जनजीवन और बायोडायर्वसटी की दृष्टि से भी हानिकारक है। ऐसे समय में जब जंगलों में आग लगती है तो देखा गया है कि उसकी तैयारी में सरकार विफल रही है। देश के वनों में अप्रैल माह में आग की घटनाओं को देखें तो देश में हाल फिलहाल 361 जगह वनों में आग लगी हैं। इन घटनाओं की निगरानी को फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया की साइट पर लांच बीटा संस्करण एसएनपीपी - वीआईआईआरएस का 10 अप्रैल, 2024 का भारत के वनों में लगी भीषण आग का मौजूद आंकड़ा बताता है कि सबसे अधिक आंध्र प्रदेश में 122, तेलंगाना में 55, छत्तीसगढ़ में 47, उत्तराखंड में 32, बिहार में 23, ओडिसा में 22, उत्तर प्रदेश में 17 सहित 21 राज्यों में 361 जगह आग लगी थी जो 13 अप्रैल को घट कर काबू होने के बाद 33 रह गई। 1अप्रैल को देश के वनों में 132 बड़ी आग लगी थी जो 10 अप्रैल को 361 जगह तक पहुंच गई है। अप्रैल माह में पिछले 7 दिनों का आंकड़ा देखें तो एक्टिव आग की घटनाओं में टॉप फाइव राज्यों में छत्तीसगढ़ में 166, आंध्र प्रदेश में 248, मध्य प्रदेश में 207, ओडिसा में 146 और असम में 139 जगहों पर बड़ी आग लगी। वहीं 1 नवम्बर, 2023 से 2024 में बड़ी आग की घटनाओं में टॉप फाइव राज्यों में आंध्र प्रदेश में 860, मध्य प्रदेश में 719, तेलंगाना 688, महाराष्ट्र में 547 और छत्तीसगढ़ में 527 बार आग लगी, जबकि वर्ष 2022-2023 में तो पूरे देश के वनों में 12562 आग की घटनाएं हुई। जंगल की आग से वनों का क्षरण तो होता ही है बहुमूल्य वन संपदा और कार्बन भी नष्ट हो जाते हैं। वनों का पारिस्थितिकी तंत्र भी प्रभावित होता है। यह देखा गया है फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया के अनुसार जंगल की आग को मॉनिटर करने के लिए भारत में 2004 से शुरू सेटेलाइट की रिमोट सेंसिंग मोडिस अर्थात मॉडरेट रेजोल्यूशन इमेजिंग स्पेक्ट्रो रेडियोमीटर सेंसर और 2017 से भारतीय सेटेलाइट से सम्पूर्ण भारत में एसएनपीपी-वीआईआईआरएस अर्थात सुओमी-नेशनल पोलर आर्बिटिंग पार्टनरशिप-विजिबल इंफ्रारेड इमेजिंग रेडियोमीटर सूट के साथ जीआईएस टूल्स की मदद से वनों की आग को मॉनिटर किया जा रहा है। देश का कुल 32,87,469 वर्ग किलोमीटर भौगोलिक क्षेत्र है। नवीनतम आईएसएफआर 2021 के अनुसार देश का कुल 7,13,789 वर्ग किलोमीटर वन आवरण है। जो देश के भौगोलिक क्षेत्र का 21.71 प्रतिशत है। वन सर्वे ऑफ इंडिया का अनुमान है कि देश में 36 प्रतिशत से अधिक वन क्षेत्र में बार-बार आग लगती रहती है।

आम चुनाव और मुस्लिम तुष्टीकरण का विकृत खेल

मृत्युंजय दीक्षित

आम चुनाव के मतदान के दो चरण समाप्त हो जाने के बाद सभी राजनीतिक दलों को जनता के मध्य अपनी स्थिति की वास्तविकता का कुछ सीमा तक पता चल गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सत्ता में आने की सम्भावना वाली भारतीय जनता पार्टी को रोकने के लिए विपक्ष ने एक बार फिर मुस्लिम तुष्टीकरण का विकृत खेल खेलना प्रारम्भ कर दिया है। तथाकथित इंडी गठबंधन में शामिल दलों के नेता लगातार भड़काऊ और नफरत भरी बयानबाजी कर रहे हैं, जिसमें अब वोट जिहाद और तालिबान भी आ गया है। दिल्ली के मंडी हाउस इलाके में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के साथ आतंकी फंडिंग मामले में सजा काट रहे यासीन मलिक का फोटो लगाया गया है। पोस्टर में यासीन मलिक की रिहाई के साथ कांग्रेस को वोट देने की अपील की गई है। हालांकि जानकारी मिलते ही दिल्ली पुलिस ने यह पोस्टर हटा दिया। आतंकी यासीन मलिक कुख्यात अलगवावादी है जिससे 2006 में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने मुलाकात की थी। अब मलिक आजीवन कारावास की सजा काट रहा है और अभी उस पर कई और मुकदमे चल रहे हैं। कांग्रेस केरल में प्रतिबंधित पीएफआई जैसे संगठनों का सहयोग ले रही रही है और सनातन विरोधी बयानों पर चुप्पी साधे हुए है। मुस्लिम तुष्टीकरण का यह खुला खेल कांग्रेस ही नहीं अपितु भारत की सभी वामपंथी और अधिकांश क्षेत्रीय पार्टियां जमकर खेल रही हैं फिर चाहे वो उत्तर प्रदेश हो बिहार हो या पश्चिम बंगाल। विगत 10 वर्ष और अटल जी के कार्यकाल को छोड़ दें तो केंद्र तथा राज्यों में कांग्रेस व उसके गर्भ से निकले दलों व नेताओं ने ही सत्ता पर एकछत्र राज किया। ये सभी धर्मनिरपेक्षता के नाम पर भाजपा को हराने की बात करने वालों तथा कट्टरपंथियों का समर्थन कर मतदान को मजहब के आधार पर प्रभावित किया करते थे। भाजपा द्वारा धर्मनिरपेक्षता की सच्ची रेखा खींचने के बाद इन दलों के नेताओं के सामने अपना राजनीतिक अस्तित्व बचाने का संकट खड़ा हो गया है और ये वोट जिहाद की अपील कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में अभी तक सपा, बसपा, कांग्रेस सहित विभिन्न दल अतीक अहमद, मुख्तार अंसारी जैसे माफिया को अपने राजनीतिक लाभ के लिए पाला पोसा करते थे अब उनके लिए फातिहा पढ़ रहे हैं और धूर्तता के साथ उन्हें गरीबों का मसीहा बताकर मुसलमानों का वोट मांग रहे हैं । पहले ये माफिया बूथ लूटकर व मतदान के समय बम, गोलियां दागकर वोट जिहाद किया करते थे अब उनके नेता व गुर्गे इनको शहीद बताकर मुस्लिम समाज को भड़का रहे हैं। उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद में कायमगंज के अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्र में इंडी गठबंधन के प्रत्याशी के समर्थन में पूर्व विदेशमंत्री सलमान खुर्शीद की भतीजी सपा नेता मारिया आलम खां ने वोट जिहाद का नारा देकर समाजवादियों की मुश्किल बढ़ा दी है। मारिया आलम खां ने कहा कि हर महिला और हर पुरुष वोट जिहाद करके संविधान बचाने की इस जंग को लड़ेगा। प्रदेश में वोट जिहाद शब्द को लेकर राजनीतिक बयानबाजी अब काफी तल्ख हो गई है। सपा-कांग्रेस गठबंधन हो जाने के कारण इस बार सलमान खुर्शीद का परिवार चुनावी मैदान से भले ही दूर हो गया हो किंतु अपने सहयोगी दलों के उम्मीदवारों के लिए चुनाव प्रचार कर रहा है। सलमान खुर्शीद का परिवार कई बार विवादों के घेरे में रहा है। खुर्शीद की पत्नी लुईस खुर्शीद पर दिव्यांगों की सहायता करने के नाम पर घोटाला करने का मुकदमा चल रहा है। सलमान खुर्शीद बाटला हाउस एनकाउंटर व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर भी विवादित बयानबाजी कर चुके हैं। जब लुईस खुर्शीद को इस बात का आभास हो गया था कि इस बार उनके परिवार को टिकट नहीं मिलने जा रहा तब उन्होंने मीडिया के सामने अपने कार्यकर्ता से कहा था कि अगर कांग्रेस का कोई पदाधिकारी उनसे मिलने आए तो उसे चप्पल से मारें। अब उसी परिवार की भतीजी मारिया एक बार फिर वोट जिहाद की अपील कर रही हैं। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश के संभल से पूर्व सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान वर्क के पोते एवं सपा प्रत्याशी जियाउर्रहमान वर्क अपनी नुक्कड़ सभा के वायरल वीडियो में मुख्तार अंसारी, अतीक अहमद और शहाबुद्दीन की मौत को कुर्बानी बता रहा है। वीडियो वायरल हो जाने के बाद वर्क पर मुकदमा दर्ज हो गया है। उसके बाद भी वह नहीं रुका और उसने चुनाव आयोग के अधिकारियों को धमकी देते हुए बयान दिया कि जब वक्त बदलेगा तब बदला लिया जाएगा। बहुजन समाजवादी पार्टी अपनी नैया पार लगाने व जनता के मध्य अपनी उपस्थिति को दर्ज कराने के लिए चुनावी मैदान में अपने युवा कोआर्डिनेटर, पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के भतीजे आकाश आनंद के नेतृत्व में रण मे उतरी है और कुछ-कुछ बदली बदली सी नजर आ रही है। पार्टी ने 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में अपनी जमीन को फिर से प्राप्त करने के लिए, सवर्णो को खुश करने के लिए रामनाम का विरोध नहीं किया था किंतु वह अब काफी पीछे छूट चुका है। बसपा ने इस बार नया नारा दिया है," बहुजन हिताय बहुजन सुखाय का" किंतु पार्टी का एक मुश्त मुस्लिम मतों का लालच छूटा नहीं है इसलिए बसपा ने सबसे अधिक मुसलमानों को अपना उम्मीदवार बनाया है। बसपा के युवा नेता आकाश आनंद मुस्लिम तुष्टीकरण के लिए आक्रामक बयानबाजी कर रहे हैं जिसके कारण उनके खिलाफ सीतापुर जिले में केस भी दर्ज हो गया है। सीतापुर की एक जनसभा में आकाश ने अपनी सभी सीमाओं को लांघते हुए उत्तर प्रदेश सरकार की तुलना तालिबान से कर डाली। अतीक, मुख्तार अंसारी व शहाबुद्दीन जैसे माफिया का राजनीतिक लाभ के लिए उपयोग बसपा ने भी समय -समय पर किया है।

पाक क्यों चाहता भारत से कारोबारी संबंधों की बहाली

आर.के. सिन्हा

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने अपने देश की रसातल में जा रही अर्थव्यवस्था की स्थिति पर विचार करने के लिए बीती 26 अप्रैल को अपने मुल्क के उद्योगपतियों से कराची में मुलाकात की। वहां सवाल-जवाब का लम्बा दौर भी चला। इस दौरान पाकिस्तान के चोटी के उद्योगपति और आरिफ हबीब ग्रुप के चेयरमेन आरिफ हबीब ने शाहबाज शरीफ से पुरजोर गुजारिश की कि पाकिस्तान भारत के साथ अपने व्यापारिक संबंध तुरंत बहाल करें। पाकिस्तान के अंग्रेजी के मशहूर अखबार दि डॉन ने गुरुवार (25 अप्रैल, 2024) को इस खबर को प्रमुखता के साथ छापा भी है। उस वक्त वहां पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और देश के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के समधी इशाक डार भी मौजूद थे। डार के बेटे की शादी नवाज शरीफ की बेटी से हुई है। डार ने पिछले महीने ही कहा था कि उनका मुल्क भारत से व्यापारिक संबंध बहाल करना चाहता है। उधर, भारत का मानना है कि व्यापार को द्विपक्षीय संबंधों के सामान्यीकरण के एक हिस्से के रूप में देखा जाना चाहिए। इसके लिए, पाकिस्तान को आतंकवाद पर लगाम लगाना होगा। वहां चल रही आतंकवाद की फैक्ट्रियों को तुरंत बंद करना होगा। भारत का यह भी मानना है कि आतंकवाद के मुद्दे पर ठोस कदम उठाए बिना व्यापार शुरू करना संभव नहीं है। दरअसल पाकिस्तान के नेताओं की भारत के साथ व्यापार शुरू करने की इच्छा कोई नई बात नहीं है। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था गंभीर संकट से जूझ रही है। यह सब जानते हैं। भारत के साथ व्यापार, विशेष रूप से चीनी और कपास जैसे उत्पादों का आयात बंद होना, पाकिस्तान के लिए महंगा पड़ रहा है। क्योंकि, उसे ये उत्पाद दुबई जैसे देशों से मंगवाने पड़ते हैं। पाकिस्तान के व्यापारिक समुदाय का मानना है कि भारत के साथ सीधा व्यापार आर्थिक विकास को गति दे सकता है। अफ़गानिस्तान और ईरान के साथ तनावपूर्ण संबंधों ने भी पाकिस्तान की आर्थिक समस्याओं को और बढ़ा दिया है। यह भी देखना होगा कि ईरान के नेता की हालिया इस्लामाबाद यात्रा से दोनों देश कितने करीब आते हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच व्यापार दोनों देशों के सीमावर्ती क्षेत्रों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। व्यापार, राजनीतिक मुद्दों पर व्यापक और सार्थक चर्चा के लिए भी एक प्रारंभिक कदम हो सकता है। हालांकि दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों में जल्द ही सुधार की संभावना भी नहीं है, क्योंकि अभी तो भारत में लोकसभा चुनाव का दौर चल रहा है। इस बीच, भारत को पाकिस्तान के साथ व्यापारिक संबंधों की बहाली करने से कोई बहुत लाभ नहीं होगा। अगर दोनों पड़ोसियों में व्यापारिक संबंध स्थापित होते हैं, तो इससे पाकिस्तान को ही बड़ा लाभ होगा। पाकिस्तान के लिए कठमुल्लों पर लगाम लगाना कोई बच्चों का खेल नहीं है। आने वाले समय में दोनों देशों के नेताओं के बीच राजनीतिक इच्छाशक्ति और ठोस कदम ही इस गतिरोध को तोड़ सकते हैं। भारत की चिंता बहुत वाजिब है। भारत सरहद के उस पार से होने वाले आतंकवाद का भुक्तभोगी रहा है। इसलिए वह कोई भी कदम बहुत सोच-समझकर ही उठाएगा। अब पाकिस्तान लाख चाहें पर, पर भारत उससे व्यापारिक संबंधों को लेकर कतई उत्साहित नहीं है। पाकिस्तान ने ही भारत के साथ अपने आर्थिक संबंधों को खत्म कर लिया था जब नरेंद्र मोदी सरकार ने 2019 में जम्मू- कश्मीर से संविधान की धारा 370 को खत्म कर दिया था। तब से पाकिस्तान के कुछ नेता कहते रहते हैं कि जब तक धारा 370 की बहाली नहीं होगी तब तक वह भारत से संबंध बहाल नहीं करेंगा। हालांकि अब जम्मू-कश्मीर में धारा 370 की बहाली होने का सवाल ही पैदा नहीं होता है। इस बारे में सारा देश एक तरह से सोचता है। और, पकिस्तान हो या कोई अन्य विदेशी मुल्क, वहां की सरकार या अवाम को भारत के अंदरूनी मामलों में दखल को मोदी जी तो हरगिज बर्दास्त नहीं करेंगे। पहले की सरकारों की कमजोरी से ही अबतक ऐसा होता रहा है। पिछले दिनों पाकिस्तान में शाहबाज शरीफ की प्रधानमंत्री के रूप में ताजपोशी के बाद यह तय ही था कि वहां भारत से व्यापारिक संबंध शुरू करने की पहल चालू होगी। खराब आर्थिक नीतियो और सेना के भारी बजट के कारण पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था तार- तार हो चुकी है। वह विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ), सऊदी अरब, चीन वगैरह के आगे मदद की आस में हर वक्त कटोरा लेकर खड़ा रहता है। पाकिस्तान अपने निर्यात को भी बढ़ाना चाहता है। लेकिन आतंकवादी मुल्क से आयात करेगा कौन? विश्व बैंक ने 2018 में अनुमान लगाया था कि अगर पाकिस्तान का भारत के साथ व्यापार अपनी क्षमता तक पहुँच जाता है तो उसका निर्यात लगभग 25 बिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है। पाकिस्तान में पूर्व भारतीय उच्चायुक्त और प्रसिद्ध पुस्तक "एंगर मैनेजमेंटः द ट्रबल्ड डिप्लोमैटिक रिलेशनशिप बिटवीन इंडिया एंड पाकिस्तान" के लेखक अजय बिसारिया कहते हैंः "अगर भारत-पाकिस्तान में तिजारती संबंध शुरू होते हैं तो पाकिस्तान के कपड़ा और फार्मास्युटिकल क्षेत्रों को तगड़ा लाभ होगा।" एक बात शीशे की तरह से साफ है कि सोशल मीडिया के इस दौर में पाकिस्तान का अवाम पड़ोसी भारत की जीवन के सभी क्षेत्रों में विकास की रफ्तार को बारीकी से देख रहा है। पाकिस्तान तो बिजली और आटे की किल्लत, बेरोजगारी और महंगाई की मार से त्राहि-त्राहि कर रहा है। इस पृष्ठभूमि में पाकिस्तानी नेतृत्व भारत के साथ कारोबारी संबंध स्थापित करने का ख्वाब देख रहा है। हां, यह तो मानना होगा कि चाहे नवाज शरीफ हों या फिर उनके अनुज और देश के मौजूदा प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ कारोबार के महत्व को तो अच्छी तरह समझते हैं। ये खुद भी कारोबारी हैं। शरीफ परिवार का स्टील बिजनेस है। इनकी कंपनी के भारत के प्रख्यात स्टील कारोबारी सज्जन जिंदल की कंपनी जिंदल साउथ-वेस्ट (जेएसडब्ल्यू) से कारोबारी संबंध रहे हैं। शरीफ जानते हैं कि अब दुनिया युद्ध के रास्ते पर नहीं चल सकती है, क्योंकि; युद्ध विनाश का पर्यायवाची है। उनके सामने भारत-चीन का शानदार उदाहरण है। ये दोनों दिग्गज एशियाई मुल्क अपने जटिल सीमा विवाद को सुलझाने की चेष्टा करते हुए भी आपसी व्यापार को आगे लेकर जा रहे हैं। वर्तमान में दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार 100 अरब रुपये के आसपास पहुंच रहा है। पाकिस्तान की भारत के साथ तिजारत की चाहत पूरी हो सकती है, अगर वह आतंकियों की गोद से मुक्त होकर भारत की चिंताओं का समाधान करे।

साहित्य/लोक साहित्य

ब्रह्मेश्वर नाथ मिश्र की कविता

प्रस्तुत है राधा की विरह वेदना पर मेरी ये रचना :-

बड़ा हीं छलिया हो ब्रजनाथ ,
नाथ क्यूँ छोड़ गए मोर हाथ ।
आवन कहि गए अजहु न आए ,
एक पल मोरा एक जुग जाए ,
कर दियो मोहे अनाथ ।
नाथ क्यूँ छोड़ गए मोर हाथ ।
बड़ा हीं छलिया हो.....
मैं बिरहन हूँ बिरह कि मारी ,
बाट निहारत रैना सारी ,
कब आओगे नाथ ।
नाथ क्यूँ छोड़ गए मोर हाथ ।
बड़ा हीं छलिया हो.....
काहे को तोसे प्रीत लगाई ,
अब तो बैठि रहो पछताई ,
अब तो आओ नाथ ।
नाथ क्यूँ छोड़ गए मोर हाथ ।
बड़ा हीं छलिया हो.....

रचनाकार
ब्रहोश्वर नाथ मिश्र

आज का राशिफल

मेष राशिः आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज व्यवहार में विनम्रता और लचीलापन ही आपको सफलता दिलायेगा। पारिवारिक रिश्तों में गहराई और अपनापन महसूस हो सकता है। आज आपकी पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है। आज जमीन जायदाद से जुड़े काम निपट जाएंगे। साझेदार की गतिविधियों पर ध्यान देंगे। आज रोजगार में नई उपलब्धि मिलने के योग हैं। बिजनेस में आपको फायदा हो सकता है। घरेलू जरूरत की चीजों की खरीददारी करेंगे।

वृष राशिः आज आपका दिन शांत रहेगा। आज आपकी मुलाकात किसी अजनबी से होगी, जिससे आप जीवन की नई सीख लेंगे। आपकी कड़ी मेहनत से लोग प्रभावित होंगे और आपका अनुसरण करेंगे। आज आप ऑफिस के किसी काम में उलझे रहेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स कॉलेज में कुछ नया सीखेंगे और पढ़ाई की तरफ झुकाव बढ़ेगा। रोज की अपेक्षा आज व्यापार में अच्छा मुनाफा होगा।

मिथुन राशिः आज आपका दिन खुशनुमा पलों से भरा रहेगा। आज परिवार से खुशखबरी मिलेगी। ईश्वर की कृपा से आज आपके सभी काम सफल होंगे। आज आपको अपने काम में ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। आपको प्रोजेक्ट में अपने कलीग की मदद मिलेगी। आज आपकी किसी रिश्तेदार से फोन पर बात हो सकती है, आपको कुछ नया सुनने को मिलेगा। ऑफिस के दोस्तों के साथ घूमने का प्लान बनेगा।

कर्क राशिः आज आपका दिन आपके लिए परिवार के लिए खुशियाँ लाने वाला है। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। कम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को तैयारी जारी रखनी चाहिए। जिस व्यक्ति की आपने कभी मदद की थी वह आज आपके काम आएगा।

सिंह राशिः आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज आपको कोई नई जानकारी मिलेगी यह जानकारी भविष्य के लिये फायदेमंद साबित होगी। आज आलस व सुस्ती छोड़कर काम में मन लगाने की जरूरत है। बिजनेस बढ़ाने की योजनाओं पर अमल करने के लिए आज का दिन अच्छा है। नई तकनीक के इस्तेमाल पर विचार-विमर्श होगा।

कन्या राशिः आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपके सोचे हुए काम समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं। साथ ही कुछ काम वक्त से पहले पूरे करने की वजह से ख़ुशी मिलेगी। मानसिक रूप से जिन लोगों के साथ कोई परेशानी है, उसे दूर करने का उपाय मिलेगा। आज किसी से बात करते समय अपनी भाषा में मधुरता बनाये रखें।

तुला राशिः आज का दिन आपके लिए दिन शुभ रहने वाला है। आज जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निपटाने में आप बहुत हद तक सफल रहेंगे। अपनी तरफ से हर मामले पर आपको सकारात्मक रहना होगा। धैर्य और विनम्रता बनाये रखें। पुरानी समस्याओं पर दोस्तों से बातचीत होगी। आज आपको किसी समस्या का समाधान भी मिल सकता है। आपकी सलाह से दूसरों को फायदा होगा।

वृश्चिक राशिः आज का दिन आपके लिये अच्छा रहने वाला है। आज आप धार्मिक गतिविधि में शामिल हो सकते है। किसी विशेष काम में दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा होगा। आज जरूरी काम को लेकर उस विषय के जानकार व्यक्ति से विचार करेंगे और योजना बनाएंगे। आपकी योजनाएं सफल होने के योग हैं।

धनु राशिः आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करें। आज कोई पुरानी देनदारी निपटा सकते हैं। दूसरों को समझने में बहुत हद तक आपको सफलता मिल सकती है। किसी भी कार्य को करने में धैर्य और समझदारी रखें। परिवार के कामों में आपका पैसा लग सकता है। आज किसी उच्च अधिकारी से मुलाकात के योग बन रहे हैं। आपका कोई नया काम शुरू हो सकता है।

मकर राशिः आज का दिन आपके लिये फेवरेबल होने वाला है। आज आपको कुछ ऐसा मिलेगा जिसकी आपको बहुत दिनों से ख्वाहिश थी। आज किसी इम्पोर्टेन्ट विषय में अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर ही आगे बढ़ने की कोशिश करें। आज आप अपने सभी काम मेहनत, धैर्य और समझदारी से निपटा लेंगे। आपके पास बहुत-सी जिम्मेदारियां हो सकती हैं, आपकी व्यस्तता बढ़ सकती है।

कुंभ राशिः आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। कोई बुजुर्ग या वरिष्ठ व्यक्ति आपको सही सलाह दे सकता है। आज अपना व्यवहार लचीला रखें और दूसरों की बातें समझने का मन बनाकर चलें तो आपको अच्छी जानकारी मिल सकती है जो आपके बहुत ही काम आएगी। आज कुछ पुरानी बातें आपको याद आ सकती हैं। आज आपकी आर्थिक स्थिति अछ्छी रहेगी। आज आपका मन पूरे दिन प्रसन्न रहने वाला है।

मीन राशिः आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाल है। आज ऑफिस में कामकाज ज्यादा रहेगा। जिसकी वजह से आपको खुद के लिए समय निकल पाना मुश्किल होगा। लेकिन काम समय से पूरा होने से आपको खुशी भी होगी। आज ट्रांसफर या प्रमोशन के लिए किसी से बात हो सकती है। इसमें आपको सफलता मिलने के योग भी हैं। गृहस्थ जीवन की जिम्मेदारियों को निभाने का पूरा प्रयास करेंगे। छात्र अपने अधूरे काम पूरा कर लेंगे।

गर्मी कैसी लग रही है

प्रशान्त करण

आजकल पूछते सभी हैं -गर्मी कैसी लग रही है ! सर्दी कैसी लग रही है ? आदि -आदि . लेकिन गर्मी वाला मामला अधिक चलता है ! गर्मी है ही ऐसी . सर्दी में वह दम कहाँ? सर्दी तो सभी ठंढे जो कर देती है! हम ठंढ से भागते हैं चाहे वह संवाद , संबंध क्यों न हो !

युवा मित्र मंडली इस बात पर एक की खिंचाई कर रही थी कि उसने बिना मित्रों को बताए अपनी प्रियतमा के प्रेम की गर्मी में झुलसने लगा था , क्योंकि वह अचानक अपने घर बिना कुछ बोले चली गयी थी. तभी मीनू ने कहा -वह भी तो उधर इस श्रीमान जी के प्रेम की गर्मी में तड़प रही होगी. मित्र मंडली उस युवा को उस युवती के पास ठेलठाल कर भेज कर दम लेती है .मित्रता की गर्मी यही तो है !

अब गर्मी का दूसरा प्रसंग .

अधिकारी क जुगाड़ से नौकरी में आए , जुगाड़ की असल यात्रा करते हुए पूर्णतः अयोग्य होते हुए भी प्रोन्नति की सीढियाँ चढ़ते ऊपर तक पँहुचे . अब से अपने वरीय अधिकारियों तक को लगाते तक नहीं थे. सब से बड़े बुरे प्रकार से संवाद करते और उनका अहंकार छलक जाता. प्रतिदिन की भाँती शाम में क्लब में वातानुकूलित वातावरण में मदिरा का सेवन करते हुए वे परेशान थे. तभी एक ठीकेदार नगदी से भरे ब्रीफकेस लेकर आया. साथ एक नेता जी ने अधिकारी क से पूछ लिया -कैसी लग रही है गर्मी ? अधिकारी क ने नेता जी को झटक दिया. अगले दिन अधिकारी क का स्थानांतरण फालतू पद पर हो गया. अब बिना सरकारी वाहन के धूप में अपनी गाड़ी से नए कार्यालय आते अधिकारी ने नेता जी को देख कर नमस्ते कर मुस्कुराए . नेता जी ने पूछ लिया - कैसी लग रही है गर्मी ?

कबाड़ी उ अब बड़े आदमी थे. कालांतर वे जमीन की भी दलाली , रंगदारी भी माँगने लगे . चोरी की गाड़ियों का धंधा कबाड़ी दूकान में चलती रही . धीरे-धीरे बाहुबली बनते चले गए और पीछे मुड़कर नहीं देखा. अब वातानुकूलित वातावरण में ही रहा करते. एक दिन रंगदारी के लिए फिरौती के मामले में जेल चले ही गए. जेल में रहते ही उन्हें सजा हो गयी . अब जेलर ने पूछ लिया-कैसी लग रही है गर्मी ?

गर्मी एक ऐयार से कम नहीं . भाँती-भाँती के रुप , भाँती-भाँती के पात्र ! पात्र में छेद हुआ नहीं , पात्र टूटा नहीं कि लोग पूछने लगते हैं -कैसी लगी गर्मी ?

सूडोकु नवताल- 7054

सरल

5	9		1		2		3	8
			4		5			
2								5
		3		5		4	8	
	7						1	
	5	8		6		9		
8								1
			2		9			
3	4		6		7		5	2

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7053 का हल

4	6	2	3	5	8	9	1	7
8	1	7	9	2	6	3	5	4
3	5	9	1	7	4	8	2	6
6	4	1	5	3	7	2	8	9
2	7	5	8	4	9	6	3	1
9	3	8	2	6	1	4	7	5
1	2	3	6	9	5	7	4	8
5	9	4	7	8	2	1	6	3
7	8	6	4	1	3	5	9	2

'पुष्पेश पब्लिकेशन', श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013 के लिए स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **पूर्णेन्दु पुष्पेश** द्वारा प्रकाशित तथा 'गोपीन्दु इंटरप्राइजेज' प्रेस, चास, बोकारो में मुद्रित।
संपादक : **पूर्णेन्दु पुष्पेश**®; प्रबंध संपादक : **राजेश मोहन सहाय**; समाचार संपादक : **राजेश कुमार**। बिहार प्रभारी : **संतोष श्रीवास्तव।**
फोन– 9142412511/9334444424/9102251947/9431366404; WhatsApp- 9142412511; Website : www.rashtriyamukhyadhara.com
पंजीकृत कार्यालय– गोपीन्दु भवन, श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013. झारखंड।
रांची – 93, मेजर कोठी, इटकी रोड, हेहल, झारखंड। **गिरिडीह** – बाभनटोली, गिरिडीह, झारखंड।
®समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। ० यहाँ प्रकाशित लेखों–आलेखों में व्यक्त सत्य, तथ्य और विचार लेखकों के सर्वथा निजी हैं।

संक्षिप्त समाचार

मुकेश सहनी ने अपने विवादित बयान पर पीएम से मांगी माफी

पटना, एजेंसी। विकासशील इंसान पार्टी के नेता और बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी आज पटना एयरपोर्ट पर मीडिया से चर्चा के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को लेकर मैंने कोई विवादास्पद बयान नहीं दिया था, लेकिन फिर भी अगर किसी को उस बयान से दुख पहुंचा हो, तो मैं खेद प्रकट करता हूं. उन्होंने कहा कि मेरे बयान को तोड़मरोड़ कर पेश कर दिया गया. उन्होंने कहा कि मेरा कहना साफ है कि बीजेपी पिछले करीब 17 साल सत्ता में रही, अगर उसकी नीयत मंडल कमीशन के 40 सिफारिशों को लागू करने की होती तो कर देती. मुकेश सहनी ने सुरक्षा वापस लेने पर भी भड़कते हुए कहा कि बयान देने के कुछ ही समय के बाद उनकी सुरक्षा वापस ले ली गई. उन्होंने कहा कि सुरक्षा देना या वापस लेने की एक प्रक्रिया होती है, लेकिन जिन्हें संविधान की परवाह नहीं वह सभी संस्थाओं को जेब में रख चुके हैं. इसी की लड़ाई हमलोग लड़ रहे हैं. उन्होंने साफ लहजे में कहा कि मैं निषादों के लिए पिछले कई वर्षों से संघर्ष कर रहा हूं और आगे भी करता रहूंगा. अपने हक, अधिकार की लड़ाई लड़ना गुनाह है, तो फांसी पर लटका दीजिए. मरवा दीजिए. सन ऑफ मल्लाह के नाम से चर्चित मुकेश सहनी ने कहा कि बीजेपी नवंबर में निषाद आरक्षण की बात की थी, लेकिन नीतीश कुमार के एनडीए में आने के बाद वह पीछे हट गई. उन्होंने साफ लहजे में कहा कि मैं गुलाम बनकर नहीं रह सकता, शुरू से संघर्ष करता रहा हूं, आगे भी करता रहूंगा. उनकी अभी सरकार है फांसी दे दे, लेकिन संघर्ष का रास्ता नहीं छोड़ूंगा.

शराब की जगह घर में मिला देसी कट्टा, युवक गिरफ्तार

लखीसराय, एजेंसी। लखीसराय के सूर्यगढ़ा थाना क्षेत्र में अलीनगर गांव से पुलिस ने तूफानी सहनी के घर में छापेमारी कर एक देसी कट्टा और 315 बोर की दो जिंदा कारतूस को बरामद किया है। इसके साथ ही तूफानी सहनी के बेटे लक्ष्मण सहनी को गिरफ्तार किया है। दरअसल पुलिस को सूचना मिली थी कि लक्ष्मण सहनी शराब का अवैध कारोबार कर रहे है। सूचना के बाद घर में सत्यापन के लिए जब पुलिस पहुंची तो शराब की जगह लक्ष्मण सहनी के कमरे से तकिया के नीचे रखा एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किया। इसके बाद उसे जब्त कर लक्ष्मण सहनी को गिरफ्तार कर लिया गया। मामले को लेकर अपर थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने कहा कि सूर्यगढ़ा थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इधर आरोपी और उनके परिजनों का कहना है कि हथियार उनके घर कैसे आया इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। बिस्तर झाड़ कर सोए थे उस समय तक कोई हथियार नहीं था। घटना की रात घर का दरवाजा खुला था। इधर सूर्यगढ़ा थानाध्यक्ष भगवान राम ने बताया कि आरोपी का आपराधिक इतिहास रहा है। वह पहले भी शराब का कारोबार करने और बाइक चोरी में जेल जा चुका है।

आरपीएफ ने तीन मोबाइल झपटमार को दबोचा, मोबाइल बरामद

भागलपुर, एजेंसी। आरपीएफ की टीम ने भागलपुर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 4-5 से 3 मोबाइल झपटमार को दबोचने में मंगलवार की शाम सफलता पाई है। बदमाशों के पास से तीन मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है। उनकी पहचान बांका जिले के बाराहाट थाना क्षेत्र के बढ़ौना गांव निवासी किशोर दास, बांका जिले के अमरपुर थाना क्षेत्र के कामदेवपुर निवासी बंटी सिंह और तातारपुर थाना क्षेत्र के रामसर चौक निवासी संजय कुमार सिंह के रूप में हुई है। आरपीएफ इंस्पेक्टर रणधीर कुमार ने बताया कि उनकी और इंस्पेक्टर शिव शंकर सिंह की निगरानी में एसआई संतोष कुमार, शरद कुमार सुमन, पार्थ मिश्रा, एचसी उत्तम सरकार, सिटी राजकुमार, अमीश कुमार की टीम ने शाम को विशेष ड्राइव चलाया था। टीम जब प्लेटफार्म नंबर 4-5 पर पहुंची तो तीन लोग पुलिस को देखते ही भागने लगे। वे लोग रेलवे ट्रैक पर कूद कर भागने के प्रयास में थे, लेकिन दूसरी ओर से आरपीएफ की टीम ने उन तीनों को दबोचने में सफलता पाई। तीनों ने पकड़े जाने के बाद पहले पुलिस टीम को बरगलाना चाहा, लेकिन उनके पास बरामद मोबाइल के बारे में जब पूछताछ हुई तो वह लोग गोल मटोल जवाब देने लगे।

सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत पर लोगों का हंगामा आरा में 55 गाड़ियों में तोड़फोड़, एक ट्रक जलाया

● घंटों जाम रहा बिहिया-बिहटा रोड

आरा(भोजपुर), एजेंसी। भोजपुर में बुधवार की रात लोगों ने जमकर हंगामा किया। बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे पर छोटेङ्बड़े ट्रकों को मिलाकर करीब 55 वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया और एक ट्रक में आग लगा दी। लोगों के हंगामे के कारण करीब 3 घंटे तक बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे जाम रहा। दरअसल, बालू लदे अनियंत्रित ट्रक ने एक साइकिल सवार बुजुर्ग को रौंद दिया। हादसे में उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

मृतक की पहचान बुजुर्ग पीरो थाना क्षेत्र के मसहिरियां टोला गांव निवासी स्व.सिगासन राम के बेटे बलेश्वर राम (74) के रूप में हुई। वो पीरो बाजार पर सब्जी बेचते थे। हादसे से गुस्साए लोगों ने जोरदार हंगामा किया और शव को सड़क के बीच-बीच रख आगजनी भी की। सड़क जाम होने के कारण वाहनों की लंबी कतार लग गई। घटना बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे पर पीरो थाना क्षेत्र के भागलपुर मोड़ के पास की है।

स्थानीय लोगों ने परिवार वालों को दी सूचना

मृतक के दामाद सुरेंद्र कुमार ने बताया कि वे रोज की तरह बुधवार की रात पीरो बाजार से सब्जी बेचकर साइकिल से वापस अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान भागलपुर मोड़ के समीप बालू लदे अनियंत्रित ट्रक ने उन्हें रौंद दिया। घटनास्थल पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना उनके परिजनों को दी।

अधिकारियों के आने के बाद सड़क जाम हटा

सड़क जाम की सूचना पर एसडीएम अनिल कुमार, एसडीओपी राहुल कुमार सिंह और पीरो थानाध्यक्ष सुबोध कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों को समझाने लगे। फिर जाम हटाया गया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया।

असामाजिक तत्वों ने गाड़ियों को क्षतिग्रस्त किया है

स्छरूअनिल कुमार ने कहा- एक बुजुर्ग को ट्रक ने रौंद दिया था। हादसे में उसकी मौत हो गई। कुछ असामाजिक तत्वों ने जाम में खड़े ट्रकों को क्षतिग्रस्त कर दिया। एक ट्रक में आग भी लगाई है। सभी असामाजिक तत्वों की पहचान कर ली गई। नामजद प्राथमिकी कर कार्रवाई की जाएगी। अभी स्थिति सामान्य है, परिचालन शुरू कर दिया गया है। एसडीएम ने बताया कि नो एंट्री को लेकर जिलाधिकारी को एक आवेदन दिया है। जल्द ही नो एंट्री के समय आगे बढ़ाया जाएगा।

नो एंट्री खत्म होने के बाद रफ्तार बढ़ जाती

पीड़ित ट्रक चालक काजू राजभर ने बताया कि बालू लोड कर गोरखपुर जा रहे थे, तभी 50 की संख्या आए बदमाशों ने एक-एक कर सभी ट्रकों के कांच को तोड़ दिया है। वार्ड पार्षद रवि गुप्ता ने बताया कि शाम होते ही नो एंट्री खत्म हो जाती है। ट्रक, ट्रैक्टर चालक तेज रफ्तार से गाड़ी लेकर जाते हैं। इस समय बाजार में काफी भीड़ रहती है। यही वजह है कि आए दिन हादसे हो रहे है।

मृतक की चार बेटियां हैं

मृतक के परिवार में पत्नी संझारो देवी और चार पुत्री रीना, किरण,मीणा और सुशीला है। घटना के बाद मृतक की पत्नी संजरों देवी और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

खेत की रखवाली कर रहे किसान को मारी तीन गोली, 15 से अधिक बदमाशों ने की फायरिंग

ग्रामीणों ने जख्मी किसान को बचा, पटना रेफर

आरा(भोजपुर), एजेंसी। भोजपुर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के जमालपुर गांव के बधार में बुधवार की रात खेत की रखवाली कर रहे सारण निवासी किसान को गोली लग गई। जख्मी किसान को एक गोली बाए पैर, एक जांघ और एक गोली बाए हाथ की हथेली में लगी है। वहां मौजूद अन्य लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे डॉक्टरों ने पटना रेफर कर दिया है।

खेत में बने मचान पर सोए हुए थे : जख्मी किसान सारण (छपरा) जिला के डोरीगंज थाना क्षेत्र के चकिया गांव निवासी स्व. रजक महतो के 40 वर्षीय पुत्र पुर्नवाशी महतो है। इधर, जख्मी किसान ने बताया कि वे भोजपुर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के जमालपुर गांव के बधार में मेरा खेत है। मैंने खेत में हरी सब्जी नेनुआ, लौका और करैला की खेती किया है। हर रोज की अपने घर से खाना खाकर अपने खेत की नीलगायों से रखवाली करने के लिए खेत में लगे मचान पर सोया हुआ था। इसी बीच 10 से 15 की संख्या आए लोगों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। गोली चलने की आवाज सुनकर भागने की कोशिश की। तभी गोली लग गई। किसी तरह वहां अन्य किसानों ने मुझे बचाया।

पटना रेफर किया गया : परिजनों की मदद से इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जख्मी किसान ने कहा कि किसी से कोई विवाद नहीं है। चिकित्सक सुजीत कुमार ने बताया कि अधेड़ को गोली लगी है। गोली लगने से पैर पूरी तरह फैक्चर हो गया है। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया है।

नव दिवसीय रूद्र महायज्ञ संपन्न, यज्ञ मंडप परिक्रमा करने को लेकर श्रद्धालुओं में दिखी उत्सुकता

हवन से वातावरण हुआ भक्तिमय

नालंदा, एजेंसी। नालंदा के हरनौत प्रखंड के शेरपुर गांव स्थित नवनिर्मित महादेव मंदिर परिसर में आयोजित नव दिवसीय पंच कुंडिय शिव प्राण प्रतिष्ठा को लेकर महायज्ञ बुधवार को पूर्णाहुति व भंडारा के साथ संपन्न हो गया। यज्ञाचार्य पूर्ण चंद उपाध्याय द्वारा मंत्रोच्चार के साथ-साथ विधि विधान से पूजा अर्चना के कर हवन का कार्य संपन्न कराया। इस क्रम में श्रद्धालुओं ने देवी-देवताओं के नाम हवन किया। हवन करने को लेकर गांव के साथ-साथ आस पास के श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं हवन से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय बना रहा। नौ दिनों तक चलने वाला यज्ञ में प्रवचन सुनने को लेकर भी श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। यज्ञ मंडप परिक्रमा करने को लेकर भी महिला-पुरुष व बच्चे काफी उत्सुक दिखे। वहीं मंचन के माध्यम से राष्ट्रीय कथा वाचिका देवी राजनंदनी जी ने अंतिम दिन राम कथा में शबरी प्रसंग व अयोध्या धाम से आए हुए महंत स्वामी श्रीनिवासनंद सरस्वती जी के द्वारा यज्ञ की महिमा समेत विभिन्न सामाजिक सरोकार के साथ-साथ धार्मिक ग्रंथ पर आधारित प्रवचन श्रद्धालुओं को सुनायें। नौ दिनों तक चलने वाला रुद्र महायज्ञ से नालंदा व पटना जिले के शेरपुर , तीरा , नेहुसा , मिशी , गोखुलपुर , उखड़ा , दैली , घांघ-सिरसी समेत गांव कई गांव भक्ति के सागर में डूबा रहा। इस दौरान कमिटी के तरफ से ब्राह्मणों को विदाई भी दी गई। पूर्णाहूति , ब्रहामण विदाई व भंडारे के साथ यज्ञ का भव्य समापन हुआ। भंडारा में महा प्रसाद ग्रहण करने को लेकर भी श्रद्धालुओं की भीड़ अच्छी खासी देखी गई। इस भंडारा में समरसता झलक रही थी। भंडारा में श्रद्धालुओं को महाप्रसाद के रूप पूरी , बूंदिया व सब्जी का महाभोग परोसा गया। गौरलतब है कि गांव में वर्ष 2019 से महादेव मंदिर का निर्माण कार्य चल रहा था। उक्त मंदिर का निर्माण में करीब 25 लाख रुपए खर्च हुई है। मंदिर बनने के उपलक्ष्य में महायज्ञ का आयोजन किया गया था। यज्ञ के सफल संचालन में देवानंद कन्हैया , मिथिलेश , बलवंत , प्रेम राज , नरेश , राम पदार्थ , गोपाल , अनिल , साधु , श्रवण , राकेश सहित अन्य की अहम भूमिका रही।

विधायक गोपाल मंडल के बेटे पर एफआईआर, पुलिस से रंगदारी मांगने का आरोप

भागलपुर, एजेंसी। अपने बयानों को लेकर चर्चा में रहने वाले जेडीयू विधायक नरेंद्र कुमार नीरज उर्फ गोपाल मंडल के पुत्र आशीष मंडल पर एफआईआर दर्ज कराई गई है। भागलपुर के कदवा सहायक थाना में एफआईआर दर्ज की गयी है। कदवा थाना अध्यक्ष मो. नसीब अंसारी के बयान पर दर्ज एफआईआर में आरोपी विधायक पुत्र के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने, आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के साथ रंगदारी मांगने का आरोप लगाया गया है। पुलिस छानबीन कर रही है। विधायक गोपाल मंडल ने सभी आरोपों को निराधार बताया है। गोपाल मंडल बिहार के गोपालपुर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। थानाध्यक्ष मो. नसीब अंसारी ने दर्ज एफआईआर में बताया है कि विधायक पुत्र ने रात लगभग 9 बजे फोन कर थाना पर आने को कहा।

मैं उस समय शाम की गश्ती में था। हम लगभग 930 बजे थाना पहुंचे, जहां विधायक पुत्र आशीष मंडल अपने 20-25 समर्थकों के साथ मजमा लगाकर प्रशासन विरोधी नारे लगाते हुए थाना का घेराव कर रहे थे। जब मैं विधायक पुत्र आशीष मंडल को समझाने का प्रयास किया तो उन्होंने बात नहीं सुनी और लगातार प्रदर्शन किया जाता रहा। उधर विधायक गोपाल मंडल के पुत्र आशीष मंडल ने कहा कि थानाध्यक्ष ने जो भी आरोप लगाया है वह निराधार है। हमलोग कदवा पुलिस की मनमानी के खिलाफ शांतिपूर्ण धरना पर बैठे थे। थाना पर जो भी पीड़ित आवेदन लेकर जाता है थानाध्यक्ष डांट फटकार कर भगा देते हैं और बाद में मुंशी फोन कर पैसा मांगता है। पिछले 21 अप्रैल को आपसी विवाद में कदवा थाना कांड संख्या 11/24 एवं 12/24 में मामला दर्ज किया गया था। जिसको लेकर आशीष मंडल द्वारा थाने में मेल मिलाप का आवेदन देकर केस सुलह करने का दबाव बनाया गया। थानेदार मो. नसीब अंसारी नेकहा कि यहां पर केस दर्ज होता है, मेल मिलाप कोर्ट में होता है। लेकिन आशीष मंडल और उनके समर्थकों ने बात नहीं सुनी। वह प्रदर्शन करने लगे। इसको देखते हुए हमने अपने बयान पर आशीष मंडल सहित नौ लोगों को नामजद और 15 अज्ञात पर मामला दर्ज किया है।

ससुराल से बेटी हुई गायब, मां ने कराया मामला दर्ज

किशनगंज, एजेंसी। किशनगंज थाना क्षेत्र की निवासी समीजा खातुन ने अनगढ़ थाना में आवेदन देकर बेटी महफिजा खातून के गायब होने का मामला दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि उसकी उम्र 22 साल है और दो साल पहले उसका निकाह अनगढ़ थाना निवासी मनसूर आलम पिता स्व मो इलयास गांव चन्दवार के साथ हुआ था। 28 अप्रैल को शाम 5 बजे उसने फोन करके बोला कि पति मनसूर आलम, सास अमीन खातुन, ननद रुकया खान, जेठ जमीन अख्तर और देवर नशीरुददीन सभी लोग मिलकर मारपीट करते है। वहीं 29 अप्रैल को उसने बताया कि वह लोग उसको लेकर कहीं जा रहे है। इसके बाद से बेटी की खोज के लिए भटक रहे है। रिश्तेदारों के साथ उसके ससुराल में आए उसके बाद भी कुछ पता नहीं चला है। इन लोगों ने उसको कहीं गायब कर दिया है।

समस्तीपुर में युवक के पास से पुलिस ने नगद सवा 12 लाख रूपये किया बरामद, अब जांच में जुटी पुलिस की टीम

समस्तीपुर, एजेंसी। पूरे देश में लोकसभा चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज है। लोकतंत्र के महापर्व में पैसे के बलबूते चुनाव प्रभावित करने व पैसे की खेप की बढ़ी आवाजाही पर लगाम लगाने के मद्देनजर पुलिस जांच में जुटी हुई है। लगातार सुरक्षा एजेंसियों द्वारा कार्रवाई की जा रही है। जहां भी शक हो रहा है, तुरंत एक्शन लिया जा रहा है। इसी कड़ी में समस्तीपुर जिले में पुलिस को सफलता हाथ लगी है। विभिन्न रूटों पर लगी बैरिकेडिंग पर वाहन जांच अभियान के दौरान जिले के खानपुर थाने के इलमासनगर चौक पर पुलिस को एक स्कॉर्पियो में बैठे व्यक्ति के पास से करीब 12 लाख 27 हजार रुपए बरामद हुए हैं। वैसे इस मामले को लेकर पुलिस की मानें तो, संबंधित शख्स ने खुद को व्यवसायी बताया है। साथ ही रुपये को कलेक्सन का बताया है। वैसे शुरुआती जांच में रुपये को लेकर सही श्रोत नहीं मिलने के कारण पुलिस ने इस मामले में इनकम टैक्स को शामिल किया है। इधर, मामले को लेकर खानपुर थाना अध्यक्ष का कहना है कि, मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में जांच के दौरान यह रुपये बरामद हुए हैं। रुपये को जब्त कर मामले की जानकारी इनकम टैक्स विभाग को दी गई है।÷ गौरतलब है कि जिले में पहले भी इस तरह के बड़े मामलों का खुलासा हुआ है। जब वोट को प्रभावित करने के लिए दूसरे स्थानों से रुपये मंगाए गए थे। वैसे वर्तमान चुनाव में जिले में बरामद इस राशि का आंकड़ा सबसे ज्यादा है। वैसे अब जांच के बाद यह साफ होगा कि बरामद रुपया जायज है या फिर इसका चुनाव में गलत तरीके से इस्तेमाल होना था।

दुकान में गोली चलाने वाले हिस्ट्रीशीटर समेत दो गिरफ्तार

मिठाई-समोसा खाने पहुंचे थे, दुकानदार ने टोकन लेने के लिए कहा तो की थी फायरिंग

आरा(भोजपुर), एजेंसी। भोजपुर जिले के आरा-सासाराम मुख्य मार्ग स्थित नगर पंचायत गड़हनी की गोकुल मिठाई दुकान पर मिठाई-समोसा के लिए पैसे लेकर टोकन मांगने के विवाद में हथियारबंद अपराधियों ने फायरिंग की थी। इस मामले में भोजपुर पुलिस ने मुख्य आरोपी हिस्ट्रीशीटर समेत 2 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। बदमाश गड़हनी थाना क्षेत्र के बड़ौरा गांव निवासी विनय यादव का पुत्र विकास यादव और उसका दोस्त चरपोखरी थाना क्षेत्र के दुलौर गांव निवासी भीम यादव है।

पहले से हत्या समेत अन्य केस दर्ज है : पकड़े गए अपराधी के पास से 1 पिस्टल, 3 कारतूस, 1 बाइक, 2 किलो 100 ग्राम गांजा भी बरामद हुआ है। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि दोनों अपराधियों का पहले से आपराधिक इतिहास रहा है। गिरफ्तार विकास यादव पहले भी गंभीर मामले में आरोपित है। विकास यादव पहले भी आर्म्स एक्ट और रंगदारी केस में जेल जा चुका है। चरपोखरी और गड़हनी थाने में उसपर हत्या समेत कई केस दर्ज है।

गोलीबारी में सभी बाल-बाल बचे थे : एसपी ने बताया कि 6 अप्रैल की शाम दो की संख्या में बदमाशों ने मिठाई दुकानदार से पहले मिठाई और समोसे की मांग की। दुकानदार अनीश कुमार ने जब पैसे देकर टोकन लेने की मांग की तो अपराधी आग बबूला हो गए थे। इसके बाद अपराधियों ने फायरिंग कर दहशत फैला दी थी। इस दौरान दुकानदार, कस्टमर समेत अन्य लोग बाल-बाल बच गए थे। दुकानदार ने थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी।

दो दिन पहले केस मैनेज करने के लिए दुकानदार को धमकी दी थी

प्राथमिकी दर्ज होने के बाद सदर एसपी परिचय कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने छापेमारी करते हुए अगिआंव बनकट रोड में पहरपुर, नहरपुल के पास घेराबंदी कर दोनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। इन दोनों की निशानदेही पर हथियार-कारतूस बरामद किया। स्कने बताया कि इसी बीच दो दिन पहले अपराधी विकास यादव ने गोकुल स्वीट के मालिक को कैस मैनेज करने के लिए धमकी दी थी। इस संबंध में भी प्राथमिक की दर्ज की गई थी।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी

संक्षिप्त समाचार

मंदिर में फेरे लेने के बाद गहनों संग चंपत हुई दुल्हन, ट्रक चालक से भी मैरिज ब्यूरो ने 1.12 लाख ठगे

कानपुर, एजेंसी। कानपुर में ट्रक चालक को शादी का ख्वाब दिखाकर पहले मैरिज ब्यूरो वाले ने 1.12 लाख रुपये ठग लिए। फिर जिस लड़की से शादी कराई, वह फेरों के बाद टॉयलेट करने के बहाने चढ़ावे के गहने लेकर फरार हो गई। ट्रक चालक ने दुल्हन की तलाश के लिए डीसीपी साउथ से गुहार लगाई है। झांसी के एरच निवासी खलक सिंह ट्रक चालक हैं। सिंह ने बताया कि कुछ माह पहले उनके पास पलक मैरिज ब्यूरो से फोन आया। फोन करने वाली महिला ने खुद का नाम नेहा उर्फ प्रिया बताते हुए शादी को लेकर बातचीत की। शादी कराने का ऑफर दिया लेकिन ब्यूरो में रजिस्ट्रेशन के नाम पर 2500 रुपये मांगे। इसके बाद दबाव बनाकर 1.10 लाख रुपये और खाते में डलवाए। ब्यूरो वालों की बताई प्रिया वर्मा नाम की लड़की शादी को तैयार हुई। उसने खुद को तलाकशुदा और पांच साल की एक बेटी की मां बताया। 10 अप्रैल को बारादेवी मंदिर में दोनों ने साथ फेरे लिए। खलक सिंह का दावा है कि शादी के दौरान लड़की को बहुत कुछ दिया। बताया कि उसकी मां ने लड़की को सोने का मंगलसूत्र, झुमकी, पायल, 500 रुपये और साड़ी दी। इसके बाद दुल्हन ने टॉयलेट जाने की बात कही और फिर नहीं लौटी। बुधवार को पीड़ित डीसीपी साउथ कार्यालय पहुंचा, पूरी घटना बताई। डीसीपी साउथ ने बताया कि जिन नंबरों पर चालक की बात हुई है उनकी डिटेल निकलवा कर कार्रवाई की जाएगी।

किशोर को पेड़ से बांधकर पीटा

गोरखपुर , एजेंसी। युवा और किशोर मनबढ़ों ने धौंस जमाने और लोगों में खौफ पैदा करने के लिए फिर से वारदातें शुरू कर दी हैं। इसी तरह के एक समूह महाकाल ग्रुप के मनबढ़ों ने चौरीचौरा इलाके में एक किशोर को पेड़ से बांधकर पीट दिया। किशोर के पिता की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, इलाके के ग्राम पंचायत शिवपुर के अतरिया टोला निवासी पटेश्वर निषाद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 28 अप्रैल की दोपहर तीन बजे के करीब उनका बेटा नीरज चौरोचौरा में स्थित एक डिग्री कॉलेज में पढ़ रही अपनी बहन को लाने के लिए जा रहा था। इस दौरान रास्ते में उसके गांव के कुछ युवक अपने अन्य साथियों के साथ पहुंच गए। बेटे की बाइक पर जबरन बैठाकर उसे एक सुनसान जगह पर ले जाकर पड़े से बांधकर पिटाई की। एक महिला ने देखा तो शोर मचाया। आसपास के लोगों के पहुंचने पर मनबढ़ फरार हो गए। किशोर के पिता ने पांच नामजद और दस अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जिम ट्रेनर की मौत का मामला-मां बोली...दीपक लेकर आया था चाकू

मेरठ , एजेंसी। मेरठ के गंगानगर के ईशापुरम में दीपक तेवतिया की मौत के मामले में पुलिस ने अब तक जो पूछताछ की है, उसमें मां संता तेवतिया ने बताया कि दीपक काफी समय से परेशान चल रहा था। वही चार दिन पहले चाकू लेकर आया था। उसे नहीं पता था कि घर में ऐसा भी हो जाएगा। वहीं, पिता हवा सिंह घटना के बारे में कुछ भी बताने से बचते रहे। गुरुवार को जब शव पोस्टमार्टम के बाद घर लाया गया तो परिजन बिलख पड़े।

इस मामले में पत्नी शीतल ने अब तक यही बताया कि काफी समय से पति के पास कुछ काम नहीं था। इसे लेकर अक्सर विवाद रहता था। स्थानीय लोगों ने बताया कि हवा सिंह का छोटा बेटा पंकज तेवतिया सेना में सिपाही हैं। वह कश्मीर के कुपवाड़ा क्षेत्र में तैनात है। बेटी ज्योति की शादी हो चुकी है।

दीपक की शादी दो साल पहले बुलंदशहर के स्याना तहसील के गांव बुकलाना निवासी शीतल से हुई थी। शीतल की नौ माह की बेटी मान्या है। घटना की जानकारी मिलने पर गाजियाबाद में नौकरी कर रहे शीतल का छोटा भाई गगन भी पहुंच गया। उसके बाद अन्य परिजन पहुंचे। दीपक के साले गगन के मुताबिक वह और शीतल दो भाई-बहन हैं। बहन घर पर बैंकिंग की तैयारी में लगी है। उनके पिता की कुछ समय पहले मौत हो गई थी।

सीएम योगी बोले- हार की खिसियाहट को हिंदू आस्था के साथ खिलवाड़ करके व्यक्त कर रही कांग्रेस

लखनऊ, एजेंसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा भगवान राम और शिव पर दिए गए वक्तव्य पर आक्रोश जताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लोकसभा चुनाव 2024 में बुरी तरह पराजित हो रही है और हार की इसी खिसियाहट को वह बहुसंख्यक हिंदू समाज की आस्था को अपमानित कर, उसके साथ खिलवाड़ कर व्यक्त कर रही है। मैनपुरी, एटा और फिरोजाबाद में चुनावी जनसभा के लिए निकलने से पूर्व अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत करते हुए सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास इस प्रकार के कृत्यों से भरा पड़ा है, लेकिन इन सबके बावजूद चुनाव के समय इस तरह के संवेदनशील मुद्दों को उठाकर कांग्रेस भारत की आस्था के साथ-साथ बहुसंख्यक समाज को अपमानित करने का काम कर रही है।

बांटो और राज करो कांग्रेस की पुरानी प्रवृत्ति

सीएम योगी ने कहा कि आपस में बांटों और राज करो ये कांग्रेस की पुरानी प्रवृत्ति रही है और अंग्रेजों की उस विरासत को ही

अब वह आगे बढ़ाने का काम कर रही है। उसने जाति के नाम पर, क्षेत्र के नाम पर, भाषा के नाम पर समाज को बांटने का प्रयास किया है और आगे भी लगातार वह इस प्रकार के कृत्यों को अपना रही है। उसके इलेक्शन मैनिफेस्टो में भी समाज को जातीय आधार पर बांटने का प्रयास किया गया है। देश के अंदर एससी, एसटी, ओबीसी के अधिकार को वह कैसे अल्पसंख्यकों को बांटने की कुत्सित चेष्टा का हिस्सा बन रही है, इसका स्पष्ट उदाहरण कांग्रेस के मैनिफेस्टो में नजर आता है। इसीलिए कांग्रेस अपनी हार की खिसियाहट को किसी न किसी रूप में हिंदू आस्था के साथ खिलवाड़ करके व्यक्त करना चाहती है।

ये कांग्रेस के पतन की नई शुरुआत

सीएम योगी ने साथ ही ये भी कहा कि हम इस बात को जरूर ध्यान में रखें कि हमारे शास्त्र इस बात का प्रमाण हैं कि शिव का द्रोही हो या राम का द्रोही, उसका पराभव, उसका पतन अवश्य हुआ है। ये कांग्रेस के पतन की एक नई शुरुआत है और कांग्रेस इस प्रकार के स्तरहीन वक्तव्यों को देकर हिंदू आस्था के साथ तो खिलवाड़ कर ही रही है लेकिन अपने कृत्यों से कांग्रेस को इतिहास की वस्तु बनाने की ओर भी कांग्रेस का नेतृत्व उसे धकेल रहा है। मुझे लगता है प्रभु श्रीराम और देवाधिदेव महादेव शिव इनको सद्बुद्धि देंगे कि कम से कम जब कांग्रेस को लोग विसर्जन करने पर तुले ही हैं तो अब तो वह सच का रास्ता अपना लें।

कांग्रेस अध्यक्ष के भाषणों में नजर आ रहे कांग्रेसी संस्कार

सीएम योगी ने कहा कि सनातन धर्म की उपासना विधि में राम और शिव दोनों अलग-अलग नहीं हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम ने स्वयं शिव की उपासना की और रामचरित मानस में देखेंगे तो भगवान शिव ने भी श्रीराम की उपासना की। दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। प्रभु राम कहते हैं कि शिवद्रोही मम दास कहावा सो नर मोहि सपनेहु नहि पावा, यानी यदि कोई भगवान शिव का द्रोही है और वह मेरा दास, मेरा भक्त कहलाने का दंभ पाल रहा है तो मैं सपने में भी उसे प्राप्त नहीं हो सकता। ऐसा ही भगवान शिव भी कहते हैं। स्वाभाविक रूप से कांग्रेस की वास्तविकता सामने आ रही है। भारत की सनातन परंपरा को अपमानित करना, उसको लांछित करना, भारत की आस्था के साथ खिलवाड़ करना, ये कांग्रेस की प्रवृत्ति है और कांग्रेस अध्यक्ष को जो कांग्रेसी संस्कार प्राप्त हुए हैं वही बात वह अपने भाषणों में कर रहे हैं। वो भगवान राम और भगवान शिव को आपस में लड़ाने का कार्य कर रहे हैं। उनका यह वक्तव्य अत्यंत ही निंदनीय है।

आरबीएस कॉलेज स्टेशन के दोनों ओर की सुरंग तैयार, अब आगे की खुदाई हुई शुरू

आगरा, एजेंसी। आगरा में आरबीएस कॉलेज भूमिगत स्टेशन की दोनों ओर की पटरी के लिए सुरंग तैयार हो गई है। आगे के स्टेशनों की खुदाई के लिए तीन टीबीएम (टनल बोरिंग मशीन) लगाई गई हैं। इसमें से दो टीबीएम आरबीएस से आगरा कॉलेज स्टेशन और एक टीबीएम मनकामेश्वर स्टेशन की ओर खुदाई के लिए लगी हैं। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने बताया कि पहले कॉरिडोर के दूसरे चरण में खंदारी के रैंप एरिया से आरबीएस कॉलेज स्टेशन तक दोनों ओर की सुरंग बन गई है। इसकी दूरी करीब एक किमी है। इसका सिविल कार्य भी लगभग पूरा हो गया है। जल्द पटरी बिछाने का कार्य किया जाएगा। अब तीन टीबीएम को आरबीएस से आगरा कॉलेज स्टेशन तक खुदाई में लगाया जाएगा। आगरा कॉलेज स्टेशन से मनकामेश्वर स्टेशन तक एक टीबीएम खुदाई के लिए लगाई है, जिसमें 150 मीटर की खुदाई हो गई है। 7 मार्च को पहले कॉरिडोर में ताज पूर्वी से मनकामेश्वर स्टेशन तक मेट्रो ट्रेन का उद्घाटन हो चुका है।

उटंगन नदी पर हो गया कब्जा, सोते रहे अफसर, तीन साल से बन रहा है रिसॉर्ट

आगरा , एजेंसी। गरा के फतेहाबाद से गुजर रही उटंगन नदी के पास तीन साल से रिसॉर्ट बनाने का काम चल रहा है। करीब एक साल पहले नदी पर अवैध रूप से पक्का पुल तक बना दिया गया। रास्ते पर अतिक्रमण कर उस पर गेट लगा दिया गया। आमजन को नदी की तरफ जाने से रोक दिया गया है। इतना कुछ होने के बाद अब अफसरों की नींद टूटी है।

रिसॉर्ट मालिक ने तहसील बाह क्षेत्र में करीब आठ वर्ष पहले जमीन खरीदी थी । ग्रामीणों के मुताबिक पिछले 3 साल से रिसॉर्ट बनाने का काम चल रहा है। तीन साल से डूब क्षेत्र में बन रहे रिसॉर्ट पर जिम्मेदार अधिकारियों ने ध्यान क्यों नहीं दिया।

फतेहाबाद क्षेत्र में और उटंगन नदी पर एक साल पहले पक्के पुल का निर्माण करा दिया गया। अब मामला संज्ञान में आने पर अफसरों की नींद टूटी। उपजिलाधिकारी फतेहाबाद अनिल कुमार सिंह ने उटंगन नदी पर बने पुल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि उटंगन नदी पर रिसॉर्ट मालिक की ओर पक्के पुल का निर्माण कर पानी को रोका गया है।

सिंचाई विभाग के अधिकारियों को पत्र भेजकर निर्माण की बावत पूछा गया है कि यह निर्माण किसके आदेश पर हुआ है। रिसॉर्ट मालिक ने कोई अनुमति ली है कि नहीं। एसडीएम ने बताया कि रिसोर्ट बाह तहसील के डूब क्षेत्र में बनाया जा रहा है। इस संबंध में सिंचाई विभाग को पत्र व्यवहार कर जांच के आदेश दिए हैं। उपजिलाधिकारी ने बताया कि उटंगन नदी के 100 मीटर के दायरे में कोई भी निर्माण नहीं किया जा सकता यह निर्माण कैसे हो रहा है इसकी जांच कराई जा रही है। वहीं, जंगल से होकर रास्ता भी बना दिया गया है। पक्की सड़क बनाकर नदी से पहले एक बड़ा गेट भी लगा दिया गया। जहां लोगों को आने से रोका जाता है। मामले में वन क्षेत्राधिकारी फतेहाबाद विशाल राठौर ने भी निरीक्षण किया। अब वह रेंजर सर्वेयर को बुलाकर जांचकर कार्रवाई की बात कर रहे हैं। स्थानीय लोग बताते हैं कि 7 वर्ष पूर्व जंगल में होकर पक्की सड़क बना दी गई थी।

स्मार्ट सिटी में 40 कंटेनरों से नहीं उठ रहा कूड़ा, बदबू से सांस लेना और राह चलना मुश्किल

वाराणसी , एजेंसी। गर्मी बढ़ने के साथ ही शहर में सफाई व्यवस्था बिगड़ने लगी है। शहर में 40 कंटेनरों में कूड़ा पड़ा है, जिसे नहीं उठाने से बदबू से सांस लेने मुश्किल हो रहा है। सिगरा से महमूरगंज मार्ग, लहरतारा मार्ग, मड़ौली चौराहे के पास लोगों को दिक्कत हो रही है। बदबू से लोग परेशान हैं। जब कोई वीआईपी आता है तभी सड़कों को चमकाया जाता है, बाकी दिनों में कूड़ा कंटेनर में पड़ा रहता है। समय से कूड़ा उठाया जाए तो दिक्कत न रहे।

सिगरा-महमूरगंज और हुकुलगंज मार्ग पर कंटेनरों में दो दिन से कूड़ा नहीं उठा है। कंटेनर से बाहर कूड़ा गिर रहा है। सफाई कर्मचारी कूड़ा उठाकर कंटेनर में भर देते हैं और समय से न उठने के कारण उसी कंटेनर से मवेशी कूड़े को निकालकर फैला देते हैं। क्षेत्र में बदबू और बीमारी का खतरा बढ़ गया है। निगम के अधिकारियों को अवगत करवाने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही।

कूड़ा हटवाने का निर्णय सर्वे तक सीमित: शहर के मुख्य मार्गों से कूड़े के कंटेनर हटवाने को लेकर सर्वे किया गया। कहा गया कि सौ प्रतिशत डोर टू डोर कूड़ा उठाने के बाद कंटेनर को हटवा दिया जाएगा। सार्वजनिक स्थान पर छोटे कंटेनर रखे जाएंगे। ताकि पर्यटकों, तीर्थ यात्रियों और अन्य लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

साइफन में बरामद हुआ युवक का शव, गले सहित पूरे शरीर पर गंभीर चोटों के निशान

बहराइच , एजेंसी। बहराइच के बौंडी थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवक का शव जैतापुर नहर में साइफन के पास बरामद हुआ है। युवक के शव पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए हैं। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी परिजनों व पुलिस को दी है।

बौंडी थाना क्षेत्र के जैतापुर कस्बे में जैतापुर-छत्तरपुरवा नहर में साइफन के पास गुरुवार की सुबह ग्रामीणों ने जैतापुर गांव निवासी रघुनंदन प्रसाद यादव(44) उर्फ हेत्तू का शव पड़ा हुआ देखा तो घटना की जानकारी परिजनों को दी।

मृतक के गले सहित पूरे शरीर पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए हैं। मृतक के पिता मंशाराम व परिजनों ने मौके पर पहुंचकर पुलिस को सूचना दी है।

इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। मौके पर पहुंचे एसओ बौंडी अंजनी कुमार राय ने लाश को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

एआई से सीएम योगी का डीप फेक वीडियो बनाकर वायरल करने वाला गिरफ्तार

लखनऊ, एजेंसी। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का डीप फेक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर वायरल करने वाले युवक श्याम गुप्ता को एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया है। उसने विपक्षी दल के एक बड़े नेता का पुलवामा हमले को लेकर दिए गये भाषण को एआई के जरिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की आवाज में बदलकर सोशल मीडिया पर वायरल किया था।

एडीजी कानून-व्यवस्था एवं एसटीएफ अमिताभ यश ने बताया कि एसटीएफ ने इस तरह का वीडियो वायरल होने की सूचना मिलने पर नोएडा के साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज कराया था, जिसके आधार पर नोएडा के बरौला निवासी श्याम गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया गया। उसने अपने एक्स हैंडल से एआई जनरेटड डीप फेक वीडियो पोस्ट किया, जो तेजी से वायरल होने लगा।

इसकी सूचना पर पुलिस तत्काल हरकत में आई और उसे दबोच लिया। पूछताछ में उसने बताया कि वह रेहड़ी पटरी संचालक वेलफेयर एसोसिएशन का प्रदेश अध्यक्ष है। वह सीएम योगी को पसंद नहीं करता है। उन्हें बदनाम करने के लिए उसने पुराने वीडियो को एआई से एडिट कराकर वायरल किया था। जिस एक्स हैंडल से यह वायरल किया गया, वह उसका ही है।

अंधेरा बना हादसे का कारण: आपस में भिड़े तेज रफ्तार ट्रेलर, चालक की मौत, वाहन काटकर निकाली गई लाश; खलासी घायल

मऊ , एजेंसी। मऊ के दोहरीघाट थाना क्षेत्र के गोंठा फोरलेन बाईपास पर बीती देर रात डायवर्जन के पास दो ट्रेलर की भिड़ंत में ट्रेलर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि खलासी की हालत गंभीर बनी हुई है। सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने ट्रेलर के अगल हिस्से को काटकर किसी तरह चालक के शव को निकलवाकर पोस्ट मार्टम के लिए भेजा।

थाना क्षेत्र के फोरलेन पर फरसरा गांव के पास पेट्रोल पंप समीप जहां से फोरलेन और गोंठा बाजार जाने के लिए रूट डायवर्जन है। वहीं पर बुधवार की देर रात करीब 11 बजे आगे जा रहे ट्रेलर को दूसरे ट्रेलर ने पीछे से टक्कर मार दिया। जिससे टक्कर मारने वाले ट्रेलर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। बगल की सीट पर बैठा खलासी गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों ट्रेलर की टक्कर के बाद शोर सुनकर आस-पास के लोग भी पहुंच गए। इसी बीच किसी ने फोन पर पुलिस को जानकारी दी। कुछ देर बाद मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। स्थानीय लोगों की मदद से किसी तरह ट्रेलर के अगले हिस्से को काटकर चालक के शव और खलासी को बाहर निकाला गया। डायवर्जन के पास पहुंचते ही पीछे वाले ट्रेलर ने टक्कर मार दिया। बताया कि डायवर्जन के पास बिजली के पोल तो लगे हुए हैं, लेकिन लाइट नहीं जलने से हमेशा अंधेरा रहता है। जिससे गोंठा बाजार होकर जाने वाले को भी परेशानी होती है।

टेंपो चालक ने महिला को हथौड़े से पीटा, हालत गंभीर

मेरठ , एजेंसी। मेरठ के गंगानगर थाना क्षेत्र के सीएनजी पंप रोड पर एक ऑटो चालक ने महिला को हथौड़े से जमकर पीटा। घटना को अंजाम देकर आरोपी भागने लगा, हड़बड़ाहट में उसका टेंपो पलट गया। गंभीर हालत में लोगों ने महिला को अप्सससनोवा अस्पताल में भर्ती कराया। महिला की हालत नाजुक बनी है। गंगानगर थाना क्षेत्र के रजपुरा गांव निवासी रीता मवाना रोड रक्षापुरम स्थित अप्सनोवा अस्पताल में वार्ड आया है। पिछले एक वर्ष से वह यहां काम कर रही है। हॉस्पिटल मैनेजमेंट के मुताबिक रीता बुधवार को नाइट ड्यूटी पर आई।

गुरुवार सुबह 8 बजे ड्यूटी खत्म कर चली गई। दोपहर एक बजे सीएनजी पंप रोड पर टेंपो चालक ने रीता को हथौड़े से पीटना शुरू कर दिया। वह उसे सड़क पर फैंककर भागने लगा। हड़बड़ाहट में उसका टेंपो पलट गया। आसपास के लोगों ने उसे पकड़ लिया। वही गंभीर रूप से घायल रीता को अप्सनोवा अस्पताल में भर्ती कराया गया।

गोड़धोइया नाला की हिल गई नींव, भारी वाहन गुजरें तो कांपते हैं मकान- अब लगता है डर

गोरखपुर , एजेंसी। गोड़धोइया नाला निर्माण के दौरान किनारे के मकानों को बचाने की बड़ी चुनौती है। मकानों की नींव हिल चुकी है। यही कारण है कि नाले के किनारे के मकानों में दरारें आ रही हैं और उधर से भारी वाहनों के गुजरते ही मकानों में कंपन हो रहा है। यह स्थिति देखकर मकान मालिकों के साथ अधिकारी भी चिंतित हैं।

अभियंता तो दबी जुबान से कह रहे हैं कि इन मकानों की सुरक्षा के लिए ठोस उपाय करने होंगे, क्योंकि गोरखपुर क्षेत्र भूकंप के लिहाज से भी संवेदनशील है। जंगल छत्रधारी से राजनगर तक चार किमी की लंबाई में गोड़धोइया नाले का निर्माण कार्य 31 मई तक पूरा करना है। यह स्थान राजेश श्रीवास्तव के मकान से करीब 200 मीटर आगे तक ही है।

उसके बाद मकानों की संख्या अधिक है, इस कारण जल निगम और कार्यदायी संस्था के अधिकारी आगे कार्य करने का जोखिम नहीं उठाएंगे, क्योंकि वहां मकानों की संख्या अधिक है।

एसडीएम मृणाली अविनाश जोशी ने मकानों की सुरक्षा के मामले में जांच समिति गठित की है, जिसमें लोक निर्माण विभाग, जलनिगम एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों

की टीम ने संवेदनशील 14 मकानों के मुआवजे की रिपोर्ट तैयार की है, जबकि पहले इन मकानों के उन हिस्से का मुआवजा दिया जा चुका है, जो नाला निर्माण क्षेत्र में आए थे।

इसके साथ ही नाले के अन्य क्षेत्र में भी मकानों की सुरक्षा पर मंथन किया जा रहा है, क्योंकि निर्माण से पहले 300 से अधिक मकानों को मुआवजा दिया गया है, जो नाले के किनारे हैं।

राजनगर में राजेश श्रीवास्तव के घर में दरार आ गई है और लोहे के गर्डर लगाकर मकान को बचाने की पूरी कोशिश की जा रही है। उनके दरवाजे से भारी वाहन गुजरते हैं तो दीवारों में कंपन होती है। उनके घर के पास फौजदार सिंह के घर के पास भी दीवार में दरार आई है।

उनका कहना है कि भारी वाहनों से मकानों में कंपन हो रही है। काम होना चाहिए, लेकिन मकानों की सुरक्षा भी होनी चाहिए। इसी प्रकार राजनगर के ही चंद्रजीत सिंह के घर की दीवार में भी हल्की दरार नजर आने लगी है। वहां के निवासी कमलेश चौधरी ने कहा कि नाला निर्माण के साथ सुरक्षा का विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

नाले की सतह से पांच फिट नीचे हो पाइलिंग

नाले के किनारे मकानों को तोड़े जाने के बाद कुछ लोगों ने लापरवाही की है, जबकि इस कारण जन-धन हानि की आशंका है। चार दिन पहले ही रुस्तमपुर में नाला निर्माण के दौरान तीन मंजिला मकान धराशायी हो गया था। कुछ लोगों ने अपने मकान का पीछे का हिस्सा तोड़ा और राजगीर की सलाह पर पिलर बना दिया। उन्होंने नींव के पास मिट्टी रोकने का उपाय नहीं किया और ऊपर एक मंजिल और बना ली। मकान का पिलर 5-6 फीट नीचे है, जबकि उससे दो-चार फिट दूर 15 फिट गहरा नाला खोदा गया है। विशेषज्ञों के अनुसार इससे मकान में पूरी मजबूती नहीं आएगी और जोखिम का भय बना रहेगा। आर्किटेक्ट संजय मणि त्रिपाठी ने बताया कि नाले के किनारे के मकानों में पिलर के बजाए पाइलिंग होनी चाहिए। यह नाले की गहराई से पांच फिट नीचे से शुरू होगा तो मकान सुरक्षित होगा। गोड़धोइया नाले के आसपास की तस्वीर बयां कर रही है कि मकानों के सुरक्षा की गारंटी नहीं है।

नाबालिग से अप्राकृतिक दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा, एक लाख 10 हजार का लगा जुर्माना

भदोही , एजेंसी। विशेष अपर सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो) मधु डोंगरा की अदालत ने नाबालिग से अप्राकृतिक दुष्कर्म के दोषी को 20 साल कैद की सजा सुनाई। कोर्ट ने दोषी पर एक लाख 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना न अदा करने पर दोषी को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता अश्वनी मिश्रा ने बताया कि नाबालिग पीड़ित के पिता ने 30 नवंबर 2023 को ऊंज थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। तहरीर में पीड़ित के पिता ने बताया था कि 12 वर्षीय बेटा घर के बगल में नहर में मछली पकड़ रहा था। इस बीच गोधना निवासी गोलू शाह बेटे को बहला-फुसलाकर नगर के किनारे में झाड़ियों में ले गया और उसके साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म कर वीडियो बना लिया।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी

संक्षिप्त समाचार

सीरम इंस्टीट्यूट पर केस की तैयारी में भारतीय परिवार, कहा- कोवीशील्ड लगवाने के 7 दिन बाद बेटी की मौत

नई दिल्ली। भारत के एक परिवार ने सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (SII) पर मुकदमा करने का फैसला किया है। वेणुगोपाल गोविंदन का कहना है कि उनकी बेटी करुण्या की जुलाई 2021 में कोवीशील्ड वैक्सीन लेने के महीने भर बाद मौत हो गई थी। सीरम इंस्टीट्यूट ने ब्रिटेन की फार्मा कंपनी एस्ट्राजेनेका के बनाए फॉर्मूले पर कोवीशील्ड बनाई है और एस्ट्राजेनेका ने ब्रिटिश हाईकोर्ट में स्वीकार किया कि उनकी कोविड-19 वैक्सीन से खतरनाक साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। करुण्या की मौत मामले में परिवार की शिकायत पर सरकार ने राष्ट्रीय समिति का गठन किया था। बाद में समिति ने निष्कर्ष निकाला था कि करुण्या की मौत का कारण वैक्सीन है इसके पर्याप्त सबूत नहीं मिले थे। अब गोविंदन ने मुआवजे और अपनी बेटी की मौत की जांच के लिए स्वतंत्र मेडिकल बोर्ड की नियुक्ति की मांग करते हुए एक रिट याचिका दायर की है। वहीं, एक और परिवार ने कहा है RTI में उनकी बेटी की मौत TTS से होनी का बात सामने आई थी। एस्ट्राजेनेका ने कहा है कि कुछ मामलों में थ्रोम्बोसिस थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम यानी TTS हो सकता है। इस बीमारी से शरीर में खून के थक्के जम जाते हैं और प्लेटलेट्स की संख्या गिर जाती है। 18 साल की रितिका का मौत के कारण निकला था TTS करुण्या की तरह ही इंडिया के रहने वाला एक और परिवार की भी ऐसी ही कहानी सामने आई है। 18 साल की श्री ओमत्री की मई 2021 में मौत हो गई थी। परिवार के मुताबिक, रितिका ने मई में कोवीशील्ड की पहली डोज लगवाई थी। इसके 7 दिनों के अंदर रितिका को तेज बुखार और वॉमिट की शिकायत हुई। MRI में सामने आया कि रितिका को ब्रेन में ब्लड क्लोटिंग हुई और उसे ब्रेन हेमरेज हो गया था। दो हफ्ते बाद ही बेटी की मौत हो गई थी। परिवार ने आगे बताया कि हमें बेटी की मौत का सही कारण जानने के लिए दिसंबर 2021 में RTI के जरिए पता चला कि बेटी को थ्रोम्बोसिस विथ थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम हुआ था। जो भी वैक्सीन के सामना करना पड़ा था और "वैक्सीन उत्पाद संबंधी प्रतिक्रिया" के कारण उनकी मृत्यु हो गई।

सलमान खान के घर फायरिंग केस, आरोपी का परिवार भड़का, भाई बोला- कस्टडी में पुलिस टॉर्चर से मौत हुई

अबोहर। बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के घर पर गोली चलाने वाले आरोपियों में से एक अनुज थापन के सुसाइड की खबर से उसका परिवार सदमे में है। अनुज पंजाब में अबोहर के गांव सुखचैन का रहने वाला था। उसके पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। अब परिवार में एक छोटा भाई, एक बहन और मां हैं। अनुज ट्रक पर क्लीनर (हेल्पर) के तौर पर काम करता था। इसी से परिवार का गुजारा चल रहा था। गांव के सरपंच मनोज गोदारा व अन्य ने बुधवार को उसके घर पहुंच कर अनुज की मां और अन्य परिजनों को उसकी सुसाइड की सूचना दी। वहीं अबोहर में बिश्नोई समाज ने कल 3 मई को सीतो गुन्नो बाईपास पर प्रदर्शन का ऐलान कर दिया है। अनुज थापन ने मुंबई पुलिस की कस्टडी में बुधवार को आत्महत्या की। उसने मुंबई पुलिस हेडक्वार्टर के टॉयलेट में चादर से फांसी लगाई। पुलिस को 11 बजे सुबह फांसी की जानकारी मिली। आरोपी अनुज थापन के सुसाइड की जांच अब राज्य की CID को सौंपी गई है। इस बारे में अनुज के गांव सुखचैन के सरपंच मनोज ने बताया कि कल उनके पास फोन आया कि अनुज ने मुंबई पुलिस की कस्टडी में सुसाइड कर लिया है। जब अनुज का परिवार उनके पास आया और उन्होंने उक्त फोन नंबर पर बात की तो उन्हें पुलिस ने कुछ स्पष्ट नहीं बताया। केवल इतना कहा कि आकर बॉडी को ले जाएं। मनोज गोदारा ने कहा कि अनुज के परिवार के पास केवल डेढ़ एकड़ जमीन है। वह मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करते हैं। मुंबई पुलिस ने उसे पंजाब के टोल प्लाजा पर ट्रक से उतार लिया और अपने साथ ले गए। अब उसने सुसाइड कर लिया है। वहीं, अनुज के छोटे भाई अभिषेक थापन कहना है कि अनुज भाई ट्रक पर गया था। वहीं किसी टोल प्लाजा से पुलिस उसे ट्रक से उतार ले गई। फिर पुलिस कस्टडी में उसकी रहस्यमयी रूप से मौत हो गई।

दावा- ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय जासूसों को देश से निकाला, रक्षा विभाग की जानकारी चुराने की कोशिश में थे

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया ने 2 भारतीय जासूसों को देश से निकाला था। ऑस्ट्रेलियन मीडिया 'द ऑस्ट्रेलियन' और 'द सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड' ने अपनी रिपोर्ट्स में इस बात का दावा किया है। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि साल 2020 में भारतीय जासूसों ने ऑस्ट्रेलिया के डिफेंस प्रोजेक्ट्स और एयरपोर्ट के सुरक्षा व्यवस्था से जुड़ी खुफिया जानकारी चुराने की कोशिश की थी। इस साजिश के पीछे भारत की खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (RAW) के अधिकारियों का हाथ था। मामले का खुलासा होने के बाद भारतीय जासूसों को गिरफ्तार कर देश से निकाल दिया गया था। हालांकि इस बात की जानकारी अब सामने आई है। ऑस्ट्रेलियाई सरकार में सीनियर मंत्री जिम चार्लमर्स ने कहा है कि हम इस मामले में नहीं पड़ना चाहते हैं। हमारी भारत के साथ अच्छी दोस्ती है। पिछले कुछ सालों में दोनों देशों के कोशिशों से हमारे रिश्ते बेहतर हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स पर भारत की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। ABC न्यूज ने ऑस्ट्रेलियाई सुरक्षा एजेंसियों और हाई-लेवल अधिकारियों के हवाले से रिपोर्ट को तैयार किया है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि 2020 में जासूसों के ग्रुप ने ऑस्ट्रेलिया के एयरपोर्ट और डिफेंस प्रोजेक्ट्स से जुड़ी खुफिया जानकारी चोरी करने की कोशिश की थी। इसमें व्यापारिक संबंधों से जुड़े खुफिया दस्तावेज भी थे, लेकिन चोरी से पहले उन्हें पकड़ लिया गया। रिपोर्ट में बताया गया है कि 2021 की एनुअल थ्रेट रिपोर्ट में ऑस्ट्रेलियन सिक्योरिटी इंटेलिजेंस आर्गनाइजेशन (ASIO) के डायरेक्टर जनरल माइक बर्गेस ने भी इस बात की संकेत दिए थे। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया था कि जासूस किस देश से जुड़े हैं।

UN में भारत बोला- इजराइली बंधकों को रिहा करे हमास, आतंकवाद को सही नहीं ठहरा सकते

नई दिल्ली। भारत ने इजराइल- हमास संघर्ष के बीच संयुक्त राष्ट्र (UN) में फिलिस्तीन के टू स्टेट सॉल्यूशन की मांग का समर्थन किया है। UN में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा "भारत इजराइल और फिलिस्तीन के बीच टू स्टेट सॉल्यूशन का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां फिलिस्तीन के लोग अपने देश में सुरक्षित रह सकें।" कंबोज ने हमास के 7 अक्टूबर को इजराइल पर किए गए हमलों की निंदा भी की और बंधकों की जल्द से जल्द रिहाई की मांग की है। हमास के हमलों पर बोलते हुए कंबोज ने कहा है 'आतंकवाद को कभी भी सही नहीं ठहराया जा सकता। भारत हमेशा से आतंकवाद का विरोध करता है और करता रहेगा। उन्होंने कहा, 'हम सभी बंधकों की रिहाई की मांग करते हैं। कंबोज ने इजराइल और हमास दोनों को अंतरराष्ट्रीय कानूनों और मानवीय कानूनों का पालन करने को कहा।' इससे पहले हमास के नेता भी कह चुके है कि अगर फिलिस्तीन को स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता मिलती है। तो हमास हथियार डाल देगा। भारत ने UN में फिलिस्तीन की परमानेंट मेंबरशिप का समर्थन किया है। भारत की ओर से रुचिका कंबोज ने कहा, " मौजूदा परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए भारत उम्मीद करता है कि सही समय पर UN की परमानेंट मेंबरशिप के आवेदन पर पुनर्विचार किया जाएगा और UN का सदस्य बनने में फिलिस्तीन के प्रयासों को समर्थन मिलेगा।" 18 अप्रैल को UN की सिक्योरिटी काउंसिल में फिलिस्तीन की परमानेंट मेंबरशिप को लेकर प्रस्ताव लाया गया था। इस प्रस्ताव को 12 सदस्य देशों का समर्थन भी मिला था। लेकिन अमेरिका के वीटो के कारण यह प्रस्ताव UN से पास नहीं हो सका था। अगर प्रस्ताव UNSC में पास हो जाता है, तो उसे वोटिंग के लिए UN में भेजा जाता। भारत ने गाजा में मानवीय सहायता बढ़ाने पर जोर देने की भी बात कही है।

अमेरिका में फिलिस्तीन समर्थक छात्र आंदोलन, 1300 गिरफ्तार

पुलिस हेलिकॉप्टर्स से निगरानी कर रही, स्टूडेंट्स मास्क-हेलमेट पहनकर धरनों पर डटे

एजेंसी, तेल अवीव।

अमेरिका में पुलिस की सख्ती के बावजूद फिलिस्तीन के समर्थन में छात्र आंदोलन जारी है। अमेरिकी मीडिया हाउस न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक अब तक 30 यूनिवर्सिटीज से 1300 से ज्यादा छात्र गिरफ्तार हो चुके हैं। बुधवार को यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, लॉस एंजिल्स ने आदेश दिया है कि प्रदर्शनकारी छात्र या तो कैंपस छोड़ दें या गिरफ्तारी के लिए तैयार रहें। हालांकि, छात्र चश्मे, मास्क और हेलमेट पहनकर अपनी जगहों पर डटे हैं। पुलिस की गाड़ियों और बैरिकेडिंग ने यूनिवर्सटी कैंपस को घेरा हुआ है। आसमान में पुलिस के हेलिकॉप्टर गश्त कर रहे हैं। देर रात प्रदर्शनकारियों और पुलिसकर्मियों के बीच हिंसक झड़प भी हुई। इस दौरान कई सौ छात्र गिरफ्तार हुए।

फिलिस्तीन समर्थक छात्रों से भिड़े इजराइल समर्थक: कतर के मीडिया हाउस अलजजीरा के मुताबिक बुधवार देर रात UCLA के कैंपस में फिलिस्तीन समर्थक छात्रों का एक गुट इजराइल समर्थक छात्रों से भिड़ गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक इजराइल समर्थक लोहे के रॉड और पेपर स्प्रे लेकर उस इलाके में आ गए जहां फिलिस्तीन समर्थक छात्र मौजूद थे। उन्होंने फिलिस्तीन समर्थक छात्रों पर हमला किया। एना नाम की एक छात्र ने दावा किया कि पुलिस चुपचाप खड़ी झड़प देखती रही। काफी समय तक कुछ नहीं किया गया।

प्रदर्शनों के बीच सीजफायर की कोशिश: अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने इजराइल-हमास जंग शुरू होने के बाद 7 बार मिडिल ईस्ट का दौरा किया है। अपने 7वें दौरे के आखिरी दिन बुधवार (1 मई) को ब्लिंकन ने हमास से मांग की है कि वे सीजफायर डील को स्वीकार करें। तेल अवीव में इजराइली राष्ट्रपति हेर्जोग से मुलाकात के दौरान ब्लिंकन ने कहा, 'हम जल्द से जल्द सीजफायर के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि सभी इजराइली बंधक घर लौट सकें। हमास इसमें रुकावट पैदा कर रहा है। उन्होंने कहा, 'हमने प्रस्ताव दिया है, इसे स्वीकार करने का समय अभी है।'

डील के लिए बाइडेन क्यों परेशान: हमास के मुताबिक जंग में अब तक 34 हजार लोगों की मौत हुई है। इसे लेकर अमेरिका की यूनिवर्सिटीज में कई हफ्तों से प्रदर्शन हो रहे हैं। छात्रों की मांग है कि गाजा में छिड़ी लड़ाई में अमेरिका अपने दोस्त इजराइल का साथ न दे। PBS न्यूज के मुताबिक बाइडेन की इजराइल पॉलिसी से अमेरिका में साल के अंत में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव पर असर पड़ सकता है। वो यंग वोटर्स खो सकते हैं। ऐसे में बाइडेन बिना देरी के सीजफायर डील कराना चाहते हैं।

प्रस्ताव में क्या है?

अमेरिकी मीडिया हाउस न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक इजराइल-हमास जंग रुकवाने को लेकर प्रस्तावित सीजफायर डील में शुरुआत में 33 इजराइली बंधकों को छोड़ने की मांग की है। इसके बदले में इजराइल अपनी जेलों में कैद फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। साथ ही, इजराइल गाजा में भी अपने हमलों को रोकेगा। हमास के प्रवक्ता ओसामा हमदान ने बुधवार रात लेबनान के टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में इस डील को स्वीकार नहीं करने की बात कही थी। हालांकि, बाद में हमास के प्रेस ऑफिस ने एक बयान जारी कर कहा कि इस डील को लेकर उनका रुख नकारात्मक है, वो फिर भी उस पर बातचीत करने को तैयार हैं।

पाकिस्तानी संसद में उठा हिंदू लड़कियों के धर्मपरिवर्तन का मुद्दा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की संसद में एक हिंदू सांसद ने हिंदू लड़कियों के जबरन धर्म परिवर्तन के मुद्दे को उठाया है। दानेश कुमार पलानी नाम के सांसद के भाषण का वीडियो अब वायरल हो रहा है। दानेश ने संसद में भाषण देते हुए कहा कि पाकिस्तान के सिंध प्रांत में हिंदू लड़कियों का जबरन धर्म परिवर्तन करवाया जा रहा है। इसमें इलाके के प्रभावशाली लोग शामिल है। लेकिन पाकिस्तान सरकार इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। दानेश कुमार ने देश के संविधान और कुरान का हवाला देते हुए कहा कि ये दोनों चीजें किसी के जबरन धर्म परिवर्तन की अनुमति नहीं देती हैं। उन्होंने कहा, "हिंदुओं की बेटियां कोई लूट नहीं हैं कि कोई उनका जबरन धर्म बदल दे, सिंध में हिंदू लड़कियों का जबरन धर्म परिवर्तन किया जा रहा है। प्रिया कुमारी को अगवा हुए दो साल हो चुके हैं। " लेकिन सरकार ने इन प्रभावशाली लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है।

UAE में 15 दिन बाद फिर बाढ़ की चेतावनी

एजेंसी, नई दिल्ली।

दुबई में 15 दिन के बाद फिर से तेज बारिश हो रही है। बारिश के कारण कई शहरों में पानी भरने की संभावना जताई जा रही है। UAE के मौसम विभाग के मुताबिक, 2 और 3 मई तक पूरे देश में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। दुबई के इंटरनेशनल एयरपोर्ट (DXB) से चार उड़ानें रद्द की गई हैं। दुबई की मीडिया खलीज टाइम्स के मुताबिक, शहर में बारिश के कारण स्कूल और बस सेवाओं को अगले आदेश तक के लिए बंद कर दिया गया है। शारजहां सिटी में पानी भरने लगा है। अबू धाबी के शेख राशिद बिन सईद स्ट्रीट एयरपोर्ट पर भी तेज बारिश के बाद पानी भर गया। दुबई पुलिस ने हालात की गंभीरता को देखते हुए अमीरात के कई इलाकों में सड़कों को बंद कर दिया है। इतना ही नहीं कई शहरों में बाढ़ जैसे हालात हैं। अथॉरिटी ने लोगों को बाहर न निकलने के लिए गाइडलाइन जारी की है। UAE के 8 शहरों में बारिश का ओरेंज अलर्ट है और कई जगह सड़कों पर पेड़ भी गिरे हुए है। इससे पहले 15 और 16 अप्रैल को UAE, सऊदी अरब, बहरीन और ओमान में भारी बारिश की शुरुआत हुई थी। ये देखते ही देखते तूफान में बदल गई थी। तब रेगिस्तान के बीच बसे शहर दुबई के इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर तो बीते 24 घंटे में 6.26 इंच से ज्यादा बारिश हुई थी। मौसम संबंधी जानकारी देने वाली वेबसाइट 'द वेदरमैन डॉट कॉम' के मुताबिक यहां इतनी बारिश दो सालों में होती है।

दिल्ली महिला आयोग के 223 कर्मचारी बर्खास्त

LG वीके सक्सेना ने आदेश दिया, आरोप- अध्यक्ष ने नियमों के खिलाफ अपॉइंट किया था

एजेंसी, नई दिल्ली।

दिल्ली LG वीके सक्सेना के आदेश पर दिल्ली महिला आयोग से 223 कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। आरोप है कि दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने नियमों के खिलाफ जाकर बिना अनुमति के इनकी नियुक्ति की थी। आदेश में DCW एक्ट का हवाला देते हुए कहा गया है कि आयोग केवल 40 कर्मचारियों को ही रख सकता है, लेकिन LG की मंजूरी के बिना 223 नए पद बनाए गए हैं। आयोग के पास कॉन्ट्रैक्ट पर कर्मचारियों की नियुक्ति का अधिकार नहीं है। स्वाति मालीवाल बोलीं- ये तुगलकी फरमान है। मैं अपने जीतेजी आयोग को बंद नहीं होने दूंगी। स्वाति मालीवाल ने जनवरी 2024 में आयोग के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया है। उन्हें 2015 में आयोग का अध्यक्ष बनाया गया था। अरविंद केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी की तरफ से उन्हें राज्यसभा में सांसद पद के लिए नॉमिनेट किया था। दिल्ली महिला और बाल विकास विभाग (DWCD) ने 29 अप्रैल को दिल्ली महिला आयोग (DCW) को इस संबंध में आदेश भेजा है। DWCD-DCW के बीच पत्रों के जरिए बातचीत हुई थी। पत्रों से कार्रवाई को समझा जा सकता है...

महिला आयोग ने नियुक्तियों के संबंध में 2016 में पत्र भेजा: DWCD को महिला आयोग (DCW) की ओर से 10 सितंबर 2016 को एक पत्र मिला। इसमें लिखा था कि 9 सितंबर 2016 को हुई मीटिंग में महिला आयोग ने DCW एक्ट 1994 का इस्तेमाल करते हुए 223 अतिरिक्त नियुक्तियां की हैं। DWCD को इन नियुक्तियों की जरूरत, इम्प्लॉई की क्वालिफिकेशन और एक्सपीरिएंस के बारे में जानकारी भी भेजी गई है।

DWCD का पहला खत- 27 सितंबर 2016: DWCD ने महिला आयोग के मेंबर सचिव को पत्र लिखा। इस पत्र में महिला आयोग की ओर से की गई नियुक्तियों के लिए वित्तीय सहायता देने के नियम और शर्तें बताईं। इसमें कहा गया कि आयोग बिना फाइनेंस डिपार्टमेंट और एडमिनिस्ट्रेशन की इजाजत के कोई ऐसी गतिविधि नहीं कर सकता, जिसमें अतिरिक्त वित्तीय भार पड़े। इसमें नई नियुक्तियां करना और राष्ट्रीय राजधानी में सैलरी का स्ट्रक्चर मौजूदा स्ट्रक्चर से ज्यादा करना भी शामिल है। आयोग ने जो नियुक्तियां की हैं, उनका बजट 2 करोड़ से ज्यादा है।

केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट से कहा- CBI हमारे नियंत्रण में नहीं, बंगाल में एक भी मामला सरकार ने दाखिल नहीं किया

एजेंसी, नई दिल्ली।

बंगाल में कई केसों की CBI जांच पर दाखिल ममता सरकार की याचिका पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। बंगाल सरकार ने याचिका में कहा कि कई मामलों में CBI जांच कर रही है, वह भी बिना हमारी मंजूरी लिए। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल (SG) तुषार मेहता ने कहा बंगाल में एक भी केस केंद्र सरकार ने दाखिल नहीं किया है। CBI ने केस रजिस्टर किए हैं। इधर, बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा है कि हमने अपने राज्य में केसों की CBI जांच की मंजूरी वापस ले ली है। इसके बावजूद एजेंसी कई केसों की जांच कर रही है। बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में संविधान के आर्टिकल 131 का हवाला देते हुए याचिका दाखिल की है। इसमें सुप्रीम कोर्ट के अधिकार क्षेत्र का जिक्र है। इसके मुताबिक केंद्र और राज्यों के बीच के मामलों की सुनवाई सिर्फ सुप्रीम कोर्ट में की जाती है। बंगाल सरकार की दलील पर SG तुषार मेहता ने जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता से कहा, "संविधान का आर्टिकल 131 सुप्रीम कोर्ट के मिले सबसे पवित्र अधिकारों में से एक है। इसका गलत इस्तेमाल नहीं होने देना चाहिए। जिन केसों की बात बंगाल सरकार कर रही है, उसमें से एक भी केस केंद्र ने रजिस्टर नहीं किया।"

बंगाल ने 2018 में जनरल कंसेंट वापस लिया था: दरअसल, राज्य से जुड़े किसी भी मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी CBI की इन्क्वायरी के लिए राज्य सरकार से अनुमति लेनी होती है। बंगाल सरकार ने 16 नवंबर 2018 में जनरल कंसेंट वापस ले लिया था। उस समय चिटफंड घोटाले को लेकर ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार पर केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया था।

CBI को केस कैसे मिलता है

दिल्ली स्पेशल पुलिस एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के सेक्शन 2 के तहत CBI सिर्फ केंद्र शासित प्रदेशों में सेक्शन 3 के तहत अपराधों पर खुद से जांच शुरू कर सकती है। राज्यों में जांच शुरू करने से पहले सीबीआई को सेक्शन 6 के तहत राज्य सरकार से इजाजत लेना जरूरी है।

राहुल बोले- प्रधानमंत्री रेपिस्ट के लिए वोट मांग रहे

एजेंसी, बेंगलुरु।

राहुल गांधी ने गुरुवार 2 मई को कर्नाटक के शिवमोगा में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मास रेपिस्ट (कइयों के साथ रेप करने वाला) के लिए वोट मांग रहे हैं। उन्होंने रेपिस्ट को भारत से भागने में मदद की। यही मोदी की गारंटी है। राहुल ने ये भी कहा कि जैसे ही हम महालक्ष्मी की बात कर रहे हैं, हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री को इरीटेशन हो रहा है, उन्हें चिढ़ मच रही है, क्योंकि उनके अरबपति मित्रों को पैसा नहीं मिल पा रहा। कर्नाटक में भाजपा और जेडीएस के बीच गठबंधन है। जेडीएस सांसद और एचडी देवगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना गौड़ा पर रेप और अश्लील वीडियो बनाने का आरोप है। हमारी सरकार युवाओं को अप्रेंटिसशिप का अधिकार देने जा रही है। युवा निधि में आपको यहां अभी 3 हजार रुपए महीना मिलता है। हम पहली नौकरी पक्की स्कीम लागू करने जा रहे हैं। एक साल की नौकरी मिलेगी, 8500 रुपए हर महीने अकाउंट में जाएंगे, एक साल में एक लाख रुपए होंगे। हिंदुस्तान के सारे ग्रेजुएट्स को बेस्ट क्वालिटी ट्रेनिंग मिलने वाली है। उन्होंने (भाजपा सरकार) आपको बेरोजगारी दी, हम आपको अप्रेंटिसशिप का अधिकार और दुनिया की सबसे बेहतरीन ट्रेनिंग देने जा रहे हैं।

- उन्होंने भारत से भागने में उसकी मदद की, यही मोदी की गारंटी

कर्नाटक सेक्स स्कैंडल-प्रज्वल को लुकआउट नोटिस जारी

एजेंसी, बेंगलुरु।

कर्नाटक के हासन से सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ विशेष जांच दल (SIT) ने लुकआउट नोटिस जारी किया है। यह नोटिस प्रज्वल की उस अपील के बाद आया है, जिसमें उन्होंने SIT के सामने हाजिर होने के लिए समय मांगा था। गुरुवार (2 मई) को कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा कि 7 दिन का समय देने का प्रावधान ही नहीं है, यदि वे 24 घंटे में पूछताछ के लिए हाजिर नहीं होते हैं तो उनकी गिरफ्तारी भी संभव है। प्रज्वल ने बुधवार 1 मई को X पर एक पोस्ट में लिखा था- मैं जांच में शामिल होने के लिए बेंगलुरु में नहीं हूं, इसलिए मैंने अपने वकील के जरिए CID बेंगलुरु को बता दिया है। सच्चाई जल्द ही सामने आएगी। रेवन्ना पर 28 अप्रैल को उनकी पुरानी हाउसमेड की शिकायत के बाद यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज किया गया है। इस शिकायत के साथ कुछ वीडियो भी सामने आए, जिनमें प्रज्वल के मौजूद होने का दावा है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कर्नाटक सेक्स स्कैंडल मामले में बुधवार 1 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेटर लिखा। उन्होंने कहा कि प्रज्वल रेवन्ना पर जो गंभीर आरोप लगे हैं, उनके बारे में आपको पता ही होगा। उन पर जो भी आरोप लगे हैं, वे शर्मनाक और देश को दहला देने वाले हैं। केंद्र सरकार फरार सांसद को वापस लाने के लिए जल्द से जल्द कदम उठाए।

डीपफेक वीडियो सर्कुलेशन केस: दिल्ली HC बोला- चुनाव के दौरान हम कोई निर्देश नहीं दे सकते, इसे आयोग पर छोड़ते हैं

एजेंसी, नई दिल्ली।

लोकसभा चुनाव के दौरान नेताओं के डीपफेक वीडियो के सर्कुलेशन के खिलाफ याचिका पर 2 मई को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान एक्टिंग चीफ जस्टिस मनमोहन सिंह ने कहा कि चुनाव के बीच में कोर्ट कोई निर्देश नहीं दे सकता। इसलिए हम इसे चुनाव आयोग पर छोड़ते हैं। हमें उन पर भरोसा है। हाईकोर्ट वकीलों के एक संगठन की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। इसमें इलेक्शन कमीशन को निर्देश दिए जाने की मांग की गई थी कि वह चुनाव के दौरान फेक वीडियो के सर्कुलेशन पर रोक लगाए। यह याचिका गृह मंत्री अमित शाह के फेक वीडियो को लेकर दिल्ली पुलिस में FIR दर्ज होने और तेलंगाना के मुख्यमंत्री समेत कई लोगों को पूछताछ के लिए समन देने के बाद लगाई गई थी। कोर्ट ने संगठन से कहा कि चुनाव आयोग में जाएं और अपना पक्ष रखें। आयोग 6 मई तक इस पर निर्णय लेगा और उचित कदम उठाएगा।

आयोग बोला- फेक वीडियो हटा दिए गए, FIR भी दर्ज: सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग ने कोर्ट को बताया कि अमित शाह, राहुल गांधी, आमिर खान और रणवीर सिंह के वीडियो हटा दिए गए हैं और FIR भी दर्ज की गई हैं। कोर्ट ने यह भी कहा कि जिन अकाउंट्स से बार-बार फर्जी वीडियो पोस्ट हो रहे हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए और उनके नाम भी सार्वजनिक किए जाने चाहिए।

याचिकाकर्ता ने कहा था- सोशल मीडिया 48 घंटे में फेक वीडियो पर एक्शन लेता है: एडवोकेट जयंत मेहता ने कहा था कि हम इस मामले में जल्दी सुनवाई की अपील इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि आम चुनाव चल रहे हैं और बड़ी संख्या में डीपफेक वीडियो सर्कुलेट हो रहे हैं। इस मामले में हमने इलेक्शन कमीशन को भी प्रतिनिधि बनाया है। एक्टिंग चीफ जस्टिस मनमोहन और जस्टिस मनमीत पीएस अरोड़ा की बेंच ने कहा कि अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के पास शिकायत का निवारण करने वाले अधिकारी हैं, क्या याचिकाकर्ताओं ने उनसे बात की है? इस पर याचिकाकर्ता ने कहा कि वे जो कर सकते थे उन्होंने किया। ऐसे मामलों में रिस्पॉन्स 24 से 48 घंटों में मिलता है। जब तक एक्शन लिया जाता है और ऐसे वीडियो को प्लेटफॉर्म से हटाया जाता है, तब तक नुकसान हो जाता है। इसके बाद बेंच सुनवाई को तैयार हो गया था।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अखबार भी, आन्दोलन भी

साद बिन जफर पहली बार कनाडा की टी20 विश्व कप टीम की कप्तानी करेंगे

ओंटारियो, एजेंसी। कनाडा ने वेस्टइंडीज और यूएसए में 1 जून से शुरू होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है, जिसमें ऑलराउंडर साद बिन जफर को कप्तान बनाया गया है। जफर पहली बार टी20 विश्व कप में कनाडा की कप्तानी करेंगे। टीम को

पूर्व श्रीलंकाई और कनाडाई अंतर्राष्ट्रीय पुबुदु दस्सानायके द्वारा प्रशिक्षित किया गया है, जिन्होंने 2022 में बागडोर संभाली थी। कनाडा को ग्रुप ए में भारत, पाकिस्तान, आयरलैंड और अमेरिका के साथ रखा गया है। वे 1 जून को डलास में पड़ोसी देश अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे, इसके बाद उत्तरी अमेरिकी देश को 7 जून को आयरलैंड का सामना करना है। इसके बाद 11 जून को पाकिस्तान और 15 जून को भारत के खिलाफ उनका मुकाबला होगा।

टीम : साद बिन जफर (कप्तान), आरोन जॉनसन, डिलन हेलिगर, दिलप्रीत बाजवा, हर्ष ठाकेर, जेरेमी गॉर्डन, जुनैद सिद्दीकी, कलीम सना, कंवरपाल ताथगुर (विकेटकीपर), नवनीत धालीवाल, निकोलस किर्टन, परगट सिंह, रविंदरपाल सिंह, रेयानखान पठान, श्रेयस मोव्वा (विकेटकीपर)। रिजर्व : तजिंदर सिंह, आदित्य वरदराजन, अम्मार खालिद, जतिंदर मथारू, परवीन कुमार।

आईपीएल 2024 के शेष लीग मैचों से बाहर हो सकते हैं मयंक

लखनऊ, एजेंसी। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के तेज गेंदबाज मयंक यादव, जिन्हें मंगलवार को मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ मैच के दौरान पेट में दर्द के कारण मैदान से बाहर जाना पड़ा, के आईपीएल 2024 के शेष लीग मैचों से बाहर होने की संभावना है।

मयंक को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के दौरान चोट लगी थी जिससे उनके आगे मैच खेलने पर संशय पैदा हो गया है। मयंक पिछले चार सप्ताह में दूसरी बार चोटिल हुए हैं। सूत्रों ने बताया, मंयक यादव के पूरी तरह ठीक होने में पहले की अपेक्षा अधिक समय लगेगा। वह बुरी स्थिति में नहीं हैं, लेकिन शेष मैचों में उनकी भागीदारी संदेह में है। बुधवार को उनका स्कैन किया गया है लेकिन रिपोर्ट आनी बाकी है। मेडिकल टीम ने मयंक यादव को कम से कम तीन सप्ताह के आराम का सुझाव दिया है। एलएसजी के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने स्टार तेज गेंदबाज मयंक यादव की चोट पर अपडेट देते हुए कहा है कि परफेक्ट रिहैबिलिटेशन से गुजरने के बावजूद, युवा खिलाड़ी को अभी भी थोड़ी परेशान है।

रिंकू सिंह के पिता ने कहा

बहुत उम्मीदें थीं, उसका दिल टूट गया है...

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत की टी20 विश्व कप टीम से रिंकू सिंह को बाहर किए जाने पर उनके पिता खानचंद्र सिंह ने कहा कि परिवार में मिठाइयां और पटाखे तैयार थे क्योंकि बहुत उम्मीदें थीं। बीसीसीआई ने मंगलवार को टी20 विश्व कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। मुख्य टीम में रिंकू शामिल नहीं थे क्योंकि उन्हें रिजर्व खिलाड़ी के रूप में रखा गया है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए, उनके पिता ने भारत 24 के हवाले से कहा,बहुत उम्मीदें थीं और इसलिए थोड़ी निराशा है। हम जश्न मनाने के लिए मिठाइयाँ, पटाखे लाए, हमने सोचा कि रिंकू पहले ग्यारह में खेलेंगे। फिर भी , हम बहुत खुश थे। हां, उसका दिल टूट गया है। उसने अपनी मां से बात की और उन्हें बताया कि उसे 11 या 15 में नहीं चुना गया है। लेकिन उसने यह भी कहा कि वह टीम के साथ यात्रा करेगा।

रिंकू ने 15 टी-20 मैच खेले हैं और 176.24 के स्ट्राइक रेट और 89.0 के औसत के साथ 69 के उच्चतम स्कोर के साथ 356 रन बनाए हैं।

दीपक चाहर की चोट पर सीएसके के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने दिया अपडेट

'चहर अच्छे नहीं दिख रहे'

चेन्नई, एजेंसी। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने तेज गेंदबाज दीपक चाहर की चोट के बारे में अपडेट दिया और कहा कि 31 वर्षीय खिलाड़ी अच्छे नहीं दिखते। बुधवार को पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के मुकाबले के दौरान चाहर गेंदबाजी करते समय चोट लगने के बाद मैदान से बाहर चले गए।

उन्हें दूसरी पारी का पहला ओवर दिया गया। दूसरी डिलीवरी के तुरंत बाद सीएसके के गेंदबाज ने कप्तान रुतुताज गायकवाड़ से बात की और अपने स्पेल में सिर्फ दो गेंदें फेंकने के बाद मैदान से बाहर चले गए। चाहर के स्पेल की बाकी चार गेंदें पूरी करने के लिए शार्दुल ठाकुर को बुलाया गया। मैच के बाद फ्लेमिंग ने कहा कि चाहर की चोट बहुत अच्छी नहीं थी। उन्होंने कहा कि सीएसके टीम प्रबंधन अधिक सकारात्मक रिपोर्ट की प्रतीक्षा कर रहा है। मुख्य कोच ने कहा कि तुषार देशपांडे इस समय फ्लू से पीड़ित हैं जिसके कारण उन्हें अंतिम एकादश में शामिल नहीं किया गया है।

फ्लेमिंग ने कहा, दीपक चाहर अच्छे नहीं दिखते। शुरुआती अहसास अच्छा नहीं था। इसलिए हम और सकारात्मक रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। फिजियो और डॉक्टर देखेंगे। श्रीलंकाई लड़के वीजा लेने के लिए रवाना हो गए हैं। इसलिए हम उम्मीद कर रहे हैं कि उनकी प्रक्रिया ठीक रहेगी। हम उन्हें उत्तर में (धर्मशाला में) अपने अगले मैच के लिए वापस ले आए। रिचर्ड ग्लीसन अच्छे थे, तुषार देशपांडे को फ्लू हो गया था, इसलिए हमें आज कुछ बदलाव करने पड़े, जो थोड़ा असामान्य है यह इसका हिस्सा है और हमारे पास संसाधन हैं। यह सिर्फ इतना है कि उन्हें अपनी भूमिकाओं के बारे में सहज होने का समय नहीं मिला है और हमें उस गेम प्लान के साथ सहज होने का समय नहीं मिला है जिसके साथ हम संघर्ष कर रहे हैं।

चार भारतीय मुक्केबाज सेमीफाइनल में पहुंचे, पदक पक्का

अस्ताना, एजेंसी। भारतीय युवा मुक्केबाज आर्यन, यशवर्धन सिंह, प्रियांशु और साहिल ने बुधवार को कजाकिस्तान के अस्ताना में एएसबीसी एशियन अंडर-22 और यूथ बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2024 में आत्मविश्वास से भरी जीत के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया और अपने लिए पदक पक्का कर लिया। आर्यन ने 51 किग्रा वर्ग में उज्बेकिस्तान के जुराव शकरबॉय के खिलाफ 5-0 के सर्वसम्मत निर्णय से जीत के साथ भारत को बेहतरीन शुरुआत दी। उनकी जीत के बाद यशवर्धन (63.5 किग्रा) ने जीत हासिल की, जिन्होंने ईरान के मिरहमादी बाबाहेदरी पर 4-1 से जीत हासिल की।

दूसरी ओर, प्रियांशु (71 किग्रा) और साहिल (80 किग्रा) को जरा भी पसीना नहीं बहाना पड़ा और उन्होंने क्रमशः चीनी ताइपे के वू यू एन और तुर्कमेनिस्तान के यकलीमोव अब्दिरहमा के खिलाफ रेफरी स्टॉप द कॉन्टेस्ट (आरएससी) के फैसले के साथ मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस बीच, जतिन ने 57 किग्रा वर्ग में अपना

अभियान उज्बेकिस्तान के ए नोदिरबेक के खिलाफ 1-4 से हार के साथ समाप्त किया। यूथ सेमीफाइनल शुक्रवार को खेला जाएगा। आर्यन (92 किग्रा), निशा (52 किग्रा), आकांशा फलसवाल (70 किग्रा) और रुद्रिका (75 किग्रा) अपने-अपने युवा क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में आज उतरेंगे।

मंगलवार देर रात जुगनू (86 किग्रा), तम्मना (50 किग्रा) और प्रीति (54 किग्रा) ने जीत हासिल कर अंडर-22 सेमीफाइनल में प्रवेश किया। गुरुवार को आठ अंडर-22 मुक्केबाज अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबलों के लिए रिंग में उतरेंगे, एम जदुमणि सिंह (51 किग्रा), आशीष (54 किग्रा), निखिल (57 किग्रा), अजय कुमार (63.5 किग्रा), अंकुश (71 किग्रा) और ध्रुव सिंह। पुरुष वर्ग में (80 किग्रा) जबकि महिला वर्ग में गुड्डी (48 किग्रा) और पूनम (57 किग्रा) अपनी चुनौती रखेंगी। यूथ और अंडर-22 वर्ग का फाइनल क्रमशः 6 और 7 मई को खेला जाएगा।

व्यापार

विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि में अप्रैल में साढ़े तीन साल में दूसरा सबसे तेज सुधार

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधि अप्रैल में धीमी रही लेकिन फिर भी परिचालन स्थितियों में साढ़े तीन साल में दूसरा सबसे तेज सुधार दर्ज किया गया जिसे बढ़ती मांग का समर्थन मिला। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक अप्रैल में घटकर 58.8 हो गया जो मार्च में 59.1 था। पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है। एचएसबीसी के मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि मजबूत मांग की स्थिति के कारण उत्पादन में और वृद्धि हुई, हालांकि मार्च की तुलना में यह वृद्धि थोड़ी धीमी रही। रिपोर्ट में कहा गया कि भारतीय विनिर्माताओं ने अप्रैल में घरेलू और बाहरी ग्राहकों से अपने माल की मजबूत मांग की सूचना दी। कुल नए ठेके में तेजी से वृद्धि हुई है और विस्तार की गति 2021 की शुरुआत के बाद से दूसरी सबसे मजबूत रही। इसके अलावा, अप्रैल में नए निर्यात ठेकों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। यद्यपि कुल बिक्री की तुलना में यह वृद्धि धीमी रही, जिससे पता चलता है कि घरेलू बाजार वृद्धि का मुख्य चालक बना रहा।

महार प्रतिशत कंपनी आरईसी के शेयर ने भरी उड़ान, दो दिन में 20 फीसद उछला

नई दिल्ली, एजेंसी। आरईसी के शेयर एक बार फिर उड़ान भरने लगे हैं। एक साल में यह स्टॉक एक लाख के निवेश को 4 लाख से अधिक कर दिया है। आज भी यह 8 फीसद से अधिक ऊपर चढ़ चुका है। सुबह 513 रुपये पर खुलकर यह 555.70 रुपये पर पहुंच गया। यह इसका 52 हफ्ते का हाई है। इसका 52 हफ्ते का लो 127.40 रुपये है। आरईसी के शेयरों में यह उछाल कंपनी द्वारा चौथी तिमाही की आय की घोषणा के बाद आया है। कंपनी का मार्केट कैप बढ़कर 1.44 लाख करोड़ रुपये हो गया है। आरईसी ने मार्च 2024 को समाप्त तिमाही के लिए शुद्ध लाभ में 33 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। फर्म के बोर्ड ने 5 रुपये प्रति शेयर के अंतिम लाभांश की भी घोषणा की। महज दो दिन में यह स्टॉक 20 फीसद से अधिक का रिटर्न दे चुका है। जबकि, पिछले एक महीने में 18.50 फीसद। इस साल अबतक यह 30 फीसद चढ़ चुका है। मार्च 2008

यात्री वाहनों की बिक्री 3.38 लाख के पार, मारुति ने बेचीं 1.37 लाख से अधिक गाड़ियां

नई दिल्ली, एजेंसी। देश में यात्री वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल, 2024 में सालाना आधार पर मामूली 1.17 फीसदी बढ़कर 3,38,341 इकाई पहुंच गई। एक साल पहले की समान अवधि में कुल 3,32,468 यात्री वाहन बिके थे। उच्च तुलनात्मक आधार प्रभाव और आम चुनावों के कारण गाड़ियों की मांग लगभग स्थिर रही है। इस दौरान मारुति सुजुकी इंडिया, ह्यूंडई और टाटा मोटर्स की घरेलू थोक बिक्री में मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई है। आंकड़ों के मुताबिक, मारुति सुजुकी ने अप्रैल में 1,37,952 यात्री वाहन बेचे। यह आंकड़ा अप्रैल, 2023 के 1,37,320 इकाई से ज्यादा है। ह्यूंडई मोटर इंडिया के यात्री वाहनों की बिक्री एक फीसदी बढ़कर 50,201 इकाई पहुंच गई। टाटा मोटर्स के यात्री वाहनों की बिक्री 2 फीसदी बढ़कर 47,883 इकाई पहुंच गई।

चुनाव की वजह से सुस्ती- मारुति के वरिष्ठ कार्यपालक अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) पार्थो बनर्जी ने कहा, अभी देश में चुनाव चल रहे हैं और आदर्श आचार संहिता लागू है। चुनाव के दौरान बाजार थोड़ा सुस्त है। एक बार चुनाव खत्म हो जाएं तो मुझे लगता है कि हम एक अलग बाजार देखेंगे। ह्यूंडई के सीईओ तरुण गर्ग ने कहा, सामान्य मानसून का अनुमान विशेष रूप से ग्रामीण बिक्री के नजरिये से अच्छा है। दोपहिया और वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में भी अप्रैल के दौरान बढ़ोतरी देखने को मिली। टीवीएस मोटर कंपनी की घरेलू बिक्री 29 फीसदी बढ़कर 3,01,449 इकाई पहुंच गई। रॉयल एनफील्ड की बिक्री 9 फीसदी बढ़कर 75,038 इकाई पहुंच गई।अप्रैल, 2023 में यह आंकड़ा 68,881 इकाई था।

विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि में अप्रैल में साढ़े तीन साल में दूसरा सबसे तेज सुधार, आंकड़े जारी

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधि अप्रैल में धीमी रही, लेकिन फिर भी परिचालन स्थितियों में साढ़े तीन साल में दूसरा सबसे तेज सुधार दर्ज किया गया जिसे बढ़ती मांग का समर्थन मिला। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) अप्रैल में घटकर 58.8 हो गया जो मार्च में 59.1 था। पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है। एचएसबीसी के मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि मजबूत मांग की स्थिति के कारण उत्पादन में और वृद्धि हुई, हालांकि मार्च की तुलना में यह वृद्धि थोड़ी धीमी रही। रिपोर्ट में कहा गया कि भारतीय विनिर्माताओं ने अप्रैल में घरेलू और बाहरी ग्राहकों से अपने माल की मजबूत मांग की सूचना दी। कुल नए ठेके में तेजी से वृद्धि हुई है और विस्तार की गति 2021 की शुरुआत के बाद से दूसरी सबसे मजबूत रही। इसके अलावा, अप्रैल में नए निर्यात ठेकों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। यद्यपि कुल बिक्री की तुलना में यह वृद्धि धीमी रही, जिससे पता चलता है कि घरेलू बाजार वृद्धि का मुख्य चालक बना रहा। सामग्री और श्रम लागत में वृद्धि की खबरों के बीच भारतीय विनिर्माताओं ने अप्रैल में अपने विक्रय मूल्यों में वृद्धि की। भंडारी ने कहा, ''कीमत की बात करें तो कच्चे माल और श्रम की उच्च लागत के कारण कच्चे माल की लागत में मामूली वृद्धि हुई है, लेकिन मुद्रास्फीति ऐतिहासिक औसत से नीचे बनी हुई है।'' उन्होंने कहा कि हालांकि, कंपनियों ने उत्पादन शुल्क बढ़ाकर इस वृद्धि का बोझ उपभोक्ताओं पर डाल दिया, क्योंकि मांग मजबूत बनी रही जिसके परिणामस्वरूप मुनाफे में सुधार हुआ।

सीट में थी खराबी; विमान में भारतीय दंपती को रातभर जागना पड़ा, अब सिंगापुर एयरलाइन देगा हर्जाना

नई दिल्ली, एजेंसी। सिंगापुर एयरलाइंस को बिजनेस क्लास में ऑटोमैटिक रिक्लाइनर सीटों में खराबी के कारण एक भारतीय दंपती को 2 लाख रुपये से अधिक का मुआवजा देने का आदेश दिया गया है। तेलंगाना के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) रवि गुप्ता और उनकी प प्रतिशती ने एयरलाइन के खिलाफ मुकदमा दायर किया था। न्यूयॉर्क पोस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, बिजनेस क्लास की सीटों के लिए 66,750 रुपये का भुगतान करने के बावजूद, उन्हें स्वचालित रिक्लाइन सुविधा से लैस सीटों को मैन्युअल रूप से एडजस्ट करने के लिए कहा था।

23 मई, 2023 को गुप्ता और उनकी प प्रतिशती हैदराबाद से सिंगापुर होते हुए ऑस्ट्रेलिया जा रहे थे। दंपती द्वारा दायर शिकायत के अनुसार, एयरलाइन के बिजनेस क्लास में रिक्लाइनर सीटें ठीक नहीं हुईं और एयरलाइन ने उन्हें सीटों को मैन्युअल रूप से एडजस्ट करने के लिए कहा।

अपने टिकटों के लिए पर्याप्त राशि का भुगतान करने के बावजूद अपने उड़ान अनुभव पर असंतोष व्यक्त करते हुए, गुप्ता ने कंपनी से इसकी शिकायत की तो उन्हें मुआवजे के रूप में 10,000 फ्रीक्वेंट फ्लायर मील या लॉयल्टी पॉइंट की पेशकश की गई। हालांकि, दंपति ने इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया और कानूनी कार्रवाई करने का विकल्प चुना।

अब तेलंगाना में जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने भारतीय दंपति के पक्ष में फैसला सुनाया और सिंगापुर एयरलाइंस को उन्हें (दंपती को) कथित मानसिक पीड़ा के एवज में 2,13,585 रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने नीतिगत ब्याज दरों में एक बार फिर नहीं किया बदलाव, जुलाई 2023 से है अपरिवर्तित

नई दिल्ली, एजेंसी। अमेरिका से आर्थिक जगत के लिए एक महत्वपूर्ण खबर आई है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने एक बार फिर प्रमुख ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। ब्याज दरों को 5.25 प्रतिशत से 5.50 प्रतिशत पर स्थिर रखा गया है। बाजार के जानकारों के अनुसार कारोबार के लिहाज से यह बहुत उत्साह बढ़ाने वाली खबर नहीं है। भारतीय समयानुसार बुधवार की मध्यरात्रि (12 बजे) यूएस फेड ने ब्याज दरों पर अपना फैसला सुनाया। इसके साथ ही यूएस फेड ने ट्रेजरी रिडेम्पशन कैप में भी कटौती की है।

बुधवार का फेडरल रिजर्व का निर्णय निवेशकों के लिए काफी उबाऊ रहा। अधिकारियों ने ब्याज दरों को वही रखा, जैसा जुलाई 2023 में रखा गया था। हालांकि कुछ जानकार कारोबारी फेड के एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय को लेकर उत्साहित हैं। फेड ने घोषणा की कि वह जून में शुरुआत करते हुए अपने मात्रात्मक कसावट कार्यक्रम को

महत्वपूर्ण रूप से कम करेगा।

अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की दो दिन की फेडरल ओपन मार्केट कमेटी बैठक बुधवार देर रात खत्म हो गई। बाजार में पहले से ही अनुमान जताया जा रहा था कि यूएस फेड बेंचमार्क ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करेगा और इन्हें लगातार छठी बैठक में भी 5.25 फीसदी से 5.50 फीसदी पर बनाए रखेगा। अमेरिकी शेयर बाजार यानी वॉल स्ट्रीट ने भी यही अनुमान जताया था।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी

हेयरकट करवाना है तुम्हें, पर समझ नहीं आ रहा कि कौन-सा करवाएं। घर पर कोई बताने वाला भी नहीं है। हम है न! हम बताते हैं कि इस साल कौन-सा हेयरकट हिट रहेगा?

हेयरकट हिट जलवा फिट

मम्मा की पसंद का हेयरकट बहुत करवा लिया। कैटरीना, करीना और प्रियंका चोपड़ा जैसा हेयरकट करवाना है तुम्हें, पर मम्मा है कि समझती नहीं हैं। उन्हें लगता है कि तुम पढ़ाई में कम और फैशन में ज्यादा ध्यान देने लगी हो। अब ये बात उन्हें कौन समझाए कि हेयरकट करवाने से तुम कितनी स्मार्ट दिखोगी। सब तारीफ करेंगे तुम्हारी और ये सब मम्मा को अच्छा लगेगा ही। जल्दी से मम्मा को मनाओ कि तुम अपना हेयरकट करवाना चाहती हो, ताकि सब उनसे तुम्हारी तारीफ कर सकें। लेकिन, 2010 के ट्रेंड को ध्यान में रखकर ही हेयरकट करवाना।

एक्स्ट्रा शॉर्ट ब्लॉन्ड: तुम्हारे बाल पतले और हल्के हैं, तो तुम पर ये हेयरकट सूट करेगा, क्योंकि घने बालों पर ही थोड़े लंबे हेयरकट अच्छे लगते हैं, लेकिन इस तरह का हेयरकट हार्ट शेप या ओवल शेप वाले चेहरे पर ही अच्छा लगता है। ये हेयरकट आसानी से कैरी हो जाते हैं। इन्हें आप रोज शैंपू कर सकते हैं। अब मौसम बदल रहा है। एकाध महीने में गर्मियां भी आ जाएंगी। उसके बाद तो मन करेगा कि रोज बाल धोएं। तुम्हारे बालों की क्वालिटी कुछ ऐसी ही है, तो फटाफट अपना हेयरकट करवा डालो।

बॉब कट : प्रियंका चोपड़ा तो तुम्हें जरूर पसंद होगी। उसका फिगर और हेयरकट है ही बड़ा कमाल का। प्रियंका ने प्यार इंपॉसिबल के लिए जो हेयरकट करवाया है, वो यही तो है। छोटे-छोटे बाल कानों तक। अगर तुम्हारा फिगर भी कुछ ऐसा ही है, तो यकीनन तुम पर ये हेयरकट सूट करेगा। कर्ली और वेवी बालों पर भी बॉब कट सूट करता है। इस हेयरकट की सबसे अच्छी बात यह है कि सब तरह के फेसकट पर सूट करता है।

बैंग्स: बैंग्स सुनने में बड़ा अटपटा लगता है, पर है वही पुराना साधना कट जैसा। कुछ-कुछ वैसा ही दिखता है। आगे की तरफ गिरे हुए बाल। कैटरीना कैफ आजकल बैंग्स हेयरकट में दिखती है। पता है, इस हेयरकट में तुम बार्बी डॉल जैसी दिखोगी। लेकिन किसी ऐरू-गेरू पॉर्लर से ये हेयरकट मत करवाना। किसी ढंग के पार्लर में जाकर ही हेयरकट करवाना। उन्हें पता रहता है कि बाल कैसे काटने हैं। थोड़ा खर्च होगा पर तुम्हारे दोस्त कम से कम तुम्हारी हंसी नहीं उड़ाएंगे।

पिक्सी: शॉर्ट हेयरस्टाइल में पिक्सी सबसे ट्रेंडी हेयरकट है, लेकिन ये पतले चेहरे पर ही अच्छा लगते हैं। इसे मैंटेन करना भी आसान है। पिक्सी में चॉपी और शैगी दो ऑप्शन हैं। पिक्सी हेयरकट पीछे से छोटे और आगे से थोड़े गिरे हुए होते हैं। ये हेयरकट सबसे ज्यादा ट्रेंडी और मॉडर्न लुक देता है। तुम्हारे बाल अगर बढ़ते नहीं हैं, तो आंख मूंदकर ये हेयरकट करवा लो। इसी बहाने थोड़ी स्टाइलिश दिखोगी।

बन हेयरस्टाइल: बन बनाने के लिए टाइम चाहिए होता है। दीपिका पादुकोण अक्सर साड़ी में इसी हेयर स्टाइल के साथ दिख चुकी है। बन थोड़े लंबे बालों में ही बन पाता है। बाल कम से कम कंधों तक तो हों, वरना बन बनाने में असुविधा होती है। अगर तुम हेयरकट नहीं करवाना चाहती और फैमिली की शादी में तुम्हें स्टाइलिश भी दिखना है, तो इसी हेयरस्टाइल में वहां जाना।

सेडू हेयरस्टाइल: सेडू यानी सिडक्टिव हेयरकट। थोड़े लंबे और चमकदार बालों में ही सेडू हेयरकट बनता है। सेडू हेयरस्टाइल में हर तरह के कर्ली और वेवी बालों पर सूट करते हैं। तुम्हारे बाल लंबे, चमकदार और स्ट्रेट हैं, तो तुम इस हेयरस्टाइल में स्मार्ट दिखोगी। फ्रिंज हेयरकट तुम अपने चौड़े माथे से परेशान हो और कुछ करवाना चाहती हो, ताकि तुम्हारा माथा छिप सके। फिर हम तुम्हें यह हेयरकट रखने की सलाह देंगे, क्योंकि इससे तुम्हारा चौड़ा माथा छुप जाएगा। हॉलीवुड अभिनेत्री कैट मॉस यही हेयरकट रखती हैं।

घर संभालने की कला

दोस्तों घर का हिसाब-किताब करना हो या रिश्तेदारी निभाना, घरेलू मोर्चा संभालने की जिम्मेदारी तो महिलाओं पर ही रहती है। अक्सर पुरुषों को इन मामलों में फिसड्डी ही समझा जाता है, लेकिन कुछ समय पहले हुए एक शोध के मुताबिक कहानी कुछ और ही है। कैलिफोर्निया में हुए इस शोध का कहना है कि अगर पुरुषों को मौका दिया जाए तो वे एक अच्छे होम मेकर साबित हो सकते हैं। तकरीबन 350 महिलाओं और पुरुषों पर किए गए इस अध्ययन के दौरान यह पाया गया कि अगर एक बार उन्हें घर संभालने की जिम्मेदारी दे दी जाए तो वे उसे काफी अच्छे तरीके से निभाना पंसद करते हैं।

इस रिसर्च के मुख्य शोधकर्ता जेड विडसन आंकड़ों को आधार बनाकर बताते हैं कि करीब 71 फीसदी पुरुष अपनी तनख्वाह के मुताबिक ही खर्च करते हैं, जबकि 53 प्रतिशत महिलाएं क्षमता से ज्यादा। लगभग 73 प्रतिशत पुरुष अपने आमदनी के हिसाब से शेयर बाजार, म्यूचुअल फंड्स, जीवन बीमा व अन्य बचत योजनाओं आदि पर निवेश करने पर प्राथमिकता देते हैं, जबकि केवल 4 फीसदी महिलाएं ही निवेश के बारे में गहरी जानकारी रखती हैं। अब आप कहेंगे कि केवल बचत करने से क्या, उन्हें खाना बनाना भी तो आना चाहिए, लेकिन हम आपको बताते चलें कि अमूमन पुरुष 'मुझे तो खाना बनाना आता ही नहीं' कहकर काम से बचकर निकल जाते हैं। लेकिन अगर एक बार पुरुष पाक कला सीख जाएं तो वह उसमें भी एक्सपर्ट हो जाते हैं। यकीन नहीं आया न, जरा आस-पास नजर दौड़ाइए, आपको सबसे बेहतरीन शेफ पुरुष ही मिलेंगे।

हैंडबैग महिलाओं के लुक को न केवल विशेष बनाता है, बल्कि व्यक्तित्व को उभारता भी है। मौजूदा दौर में हैंडबैग महिलाओं का आवश्यक साथी बन चुका है। हैंडबैग व पर्स का रंग व आकार यदि जूतों, कद काठी व वस्त्रों से मेल खाता हुआ हो तो बात कुछ खास हो जाती है।

पर्सनैलिटी के अनुसार हो हैंडबैग

आम तौर पर सफेद, काल, मैरून, भूरे, सिल्वर व सुनहरी हैंडबैग लगभग सभी पोषकों से मैच कर जाते हैं। अवसर के मुताबिक औपचारिक समारोह में जाते समय या खरीदारी करते समय और नौकरी पर जाते समय आवश्यकतानुसार चीजें भरकर अलग-अलग हैंडबैग का प्रयोग करना चाहिए।

- कॉलेज व ऑफिस जाने वाली युवतियों को खुशनुमा आधुनिक डिजाइन के जूट, कपड़े, रेक्सिन या चमड़े के कमर तक लटकने वाले हैंडबैग काम में लाने चाहिए।
- अध्यापन व प्रशासनिक दायित्वों से जुड़ी महिलाओं को सिम्पल डिजाइन का एकरंगा हैंडबैग व पर्स लेना चाहिए।
- दुबली, पतली छोटे कद की महिलाओं को चौड़े स्टैप वाले बड़े आकार के चपटे हैंडबैग का प्रयोग नहीं करना चाहिए। इन पर हल्के-फुल्के स्टेप वाले गोलाकार या पंचकोणनुमा शेप के हैंडबैग खूब फबते हैं।
- नाटी व मोटी महिलाओं को भी बहुत बड़े या छोटे हैंडबैग का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। इन्हें कमर से लटकने वाले हैंडबैंग की बजाय हैण्डिल वाले मध्यम आकार के हैंडबैग काम में लेने चाहिए।
- लम्बे कद की महिलाओं पर थोड़े बड़े लटकने वाले हैंडबैंग फबते हैं। शादी व स्वागत समारोह जैसे मांगलिक अवसरों पर पोशाक से मेल खाते मखमल या शनील के पर्स बहुत अच्छे लगते हैं।

इन बातों का रखें ध्यान

चमचमाते साफ-सुथरे हैंडबैग जहां सुरुचिपूर्ण व्यक्तित्व के परिचायक हैं, वहीं बेडौल शेप के उखड़ी जिप वाले, बेकार सामान से भरे हैंडबैग फूहड़ व्यक्तित्व की चुगली खाते नजर आते हैं।

- इससे बचने हेतु अनावश्यक चीजें हैंडबैग में न रखें। इससे जिप व तनियों, स्ट्रेपसद्ध पर अनावश्यक बोझ पड़ता है और वे जल्दी खराब हो जाते हैं। फालतू चीजें भरी रहने से चीजें भी तुरंत मिल नहीं पाती।
- बरसात के दिनों में चमड़े व हैंडबैग व पर्स का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए, क्योंकि पानी की नमी से ये बेडौल हो जाते हैं और इनमें फफूंद लग जाती है। हैंडबैग व पर्स का इस्तेमाल करने के बाद उन्हें सुरक्षित स्थान पर रख देना चाहिए।
- अधिक समय तक जब पर्स का प्रयोग न करना हो तो उसमें कागज भर कर रखें, ताकि आकार ठीक बना रहे। इन्हें बच्चों व फालतू जानवरों को खेलने के लिये देना नहीं चाहिए, क्योंकि इससे इनके खराब होने का डर बना रहता है।

प्रारंभ में जब महिलाएं गर्वभती होती थी तब उनका एक ही काम था, अपना व अपने बच्चे का ख्याल रखना और उनका करियर का वही खत्म हो जाना, पर अब महिलाओं ने ऐसा तरीका खोज निकाला है जिससे वे अपना व करियर दोनो को संभाल सकती है।

समझे अपने आपको

कामकाजी महिलाओं को दिन में ऑफिस और रात को घर का काम ये दोनो के मध्य अपना भी ध्यान रखना काफी मुश्किल भरा होता है। आम तौर पर महिलाओं को कुछ ऐसे तकलीफें से गुजरती है जो एक गर्वभती महिला ही समझ सकती है, तो ऐसे मे वे स्वंय अपना ख्याल रखें।

सही समय पर सही काम

कामकाजी गर्वभती महिलाओं को अपने कामो का शेड्यूल बनना चाहिऐ ताकि उनके सारे काम सही समय पर हो सके। घर व ऑफिस का टाइम दोनो को ऐसा संतुलन को बनाए रखना चाहिएं की जिससे किसी भी काम को देरी न हो।

न लें टेंशन

प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं को अपने आपको कूल रखना होता है, इससे डिलिवरी होते समय किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं आती, इसके साथ आपको योगा, मसाज, वॉक आदि को अपनाते रहना चाहिए ताकि आपका आने वाला बच्चा स्वस्थ हो।

ऐसा भी करें

- हेल्दी फूड समय-समय पर लेते रहे।
- हमेशा खुश रहने की कोशिश करती रहे।
- समय-समय पर चेकअप कराते रहना चाहिए।
- एक्सपर्ट की सलाह लें।
- आराम दिलाने वाले तरीकों को अपनाएं

हर महिला को सबसे ज्यादा खुशी तब होती है जब वो मां बनती है, पर कामकाजी महिलाओं के लिए ये खुशी कुछ हद तक मायने रखती है क्यों कि उन्हे इसके लिए अपना करियर को छोड़ना पड़ सकता है।

दिख रही आगे निकलने की चाहत?

परंपरागत माहौल में पली-बढ़ी स्त्री अपने दर्शन में स्पष्ट होती है कि उसका जीवन सिर्फ पर-सेवा और सबकी आंखों को भली लगने के लिए हुआ है। छोटी बच्चियां घर-घर, रसोई-रसोई, पार्लर-पार्लर खेलकर इसी सूत्र को अपनी जिंदगी का हिस्सा बना लेने की ट्रेनिंग लेते देखी जा सकती हैं। ठीक उसी समय जब उसकी उम्र के लड़के गन या पिस्तौल से मर्दानगी के पाठ पढ़ रहे होते हैं या कारों की रेस या बेमतलब की कूद-फांद, लड़ाई-झगड़े के खेल, खेल रहे होते हैं। इसे देखकर क्या कोई कह सकता है कि यही है गहरे संतुलित समाज की नींव? इस पर हमारा जवाब होगा, बिल्कुल नहीं।

आपने कॉलेज की बच्चियों को भी कभी कभी अपने बुजुर्गों से डांट खाते देखा होगा। कारण है कि ज्यादातर निम्न या मध्य वर्गीय परिवारों से आई हुई ये छात्राएं अपने लिए बेहद असुविधाजनक पहनावे को चुनने में पीछे नहीं हटती। गर्मी व उमस में सिंथेटिक कपड़े, बेहद ऊंची हील के सैंडल बार-बार फिसलते दुपट्टे में जड़ी तरह-तरह की लटकनें आदी। रास्तों में बाजारों में काम की जगहों में चमकीले तंग कपड़ों में फंसी, पल्ला और उसकी जगह-जगह उलझती लटकनें संभालती रंगी-पुती स्त्रियां, अपने आप संभलकर चल पाने में असमर्थ पति की बांह का सहारा लिए कभी-कभी लुढ़कने को होती स्त्रियां। अजीब-अजीब प्लेटफार्म वाले सैंडलों की हीक को मेट्रो और उसके प्लेटफार्म की दरार से निकाल कर हड़बड़ाती स्त्रियां। भले ही आज यह सभी की मजबूरी बन गया हो, लेकिन इतना तो साफ है कि समय बदल गया है और कल जो हाथ चूड़ियां पहनते थे वे अब लेपटॉप संथाले हुए हैं। मतलब साफ है कि अब दिख रही है आगे निकलने की चाहत!

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी

...इन फिल्मों ने बदलकर रख दिया कैटरीना का करियर

वर्ष 2003 में कैटरीना कैफ ने फिल्म बूम से बॉलीवुड में कदम रखे। इसके बाद वह कई चर्चित फिल्मों का हिस्सा रही हैं। कैटरीना ने हाल ही में अपनी उन फिल्मों का जिक्र किया, जिन्होंने उनके करियर की दिशा बदल दी। कैटरीना कैफ ने बॉलीवुड में अच्छी पहचान अर्जित की है। अपने दो दशक से अधिक के करियर में कैटरीना ने एक लंबी पारी खेली है और यह जारी है। उन्होंने फिल्म बूम से अभिनय का सफर शुरू किया था। इस साल वह श्रीराम राघवन की फिल्म मैरी क्रिसमस में नजर आई। कई फिल्मों में काम कर चुकीं अभिनेत्री का मानना है कि कुछ फिल्में ऐसी रही हैं, जिन्होंने उनके करियर को एक नई दिशा दी है।

कैटरीना कैफ हाल ही में अपनी इस साल आई फिल्म मैरी क्रिसमस का जिक्र करती दिखीं। इस दौरान उन्होंने निर्देशक श्रीराम राघवन की जमकर तारीफ की। श्रीराम राघवन की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी फिल्मों के किरदारों को जब आप स्क्रीन पर देखते हैं, तो उनमें एक वास्तविकता होती है। कैटरीना का कहना है कि उन्हें सिर्फ फिल्म मैरी क्रिसमस पर ही गर्व नहीं है, बल्कि ऐसी और भी कई फिल्में हैं, जिन्होंने उनके करियर की दिशा बदल दी।

जिंदगी का हिस्सा बन गईं फिल्में

कैटरीना ने कहा कि नमस्ते लंदन, वेलकम, सिंह इज किंग, न्यूयॉर्क, अजब प्रेम की गजब कहानी, राजनीति, जिंदगी ना मिले दोबारा जैसी कई फिल्में हैं, जिन्होंने उनका करियर बदल दिया। अभिनेत्री ने आगे कहा, मैं इन्हें सिर्फ फिल्म नहीं कहूंगी। ये मेरी जिंदगी के कुछ पल हैं। ये भावनाओं और अहसासों से पूरी तरह लबरेज हैं। कैटरीना ने कहा कि एक कलाकार के रूप में इन फिल्मों में काम करते हुए मेरे लिए वे अनोखे पल थे। कैटरीना का कहना है कि दर्शक उनके लिए हमेशा प्राथमिकता रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं हमेशा दर्शकों को पहले रखती हूं। अपने पूरे करियर में अपनी पसंद के हिसाब से रहने की पूरी कोशिश की है। अब मुझे लगता है कि मैं संतुलन बनाने की कोशिश करती हूं। कौन सी स्टोरी मुझे खुद से जुड़ी लगती है और कौन सी स्टोरी दर्शकों से कनेक्ट करेगी। क्या चीज मुझे संतुष्टि देगी और किस चीज से मैं आगे बढ़ूंगी, फिलहाल ये सब मैं करना चाहती हूं।

सबसे ज्यादा टैक्स भरती हैं बॉलीवुड की ये अभिनेत्रियां

बॉलीवुड की कई अभिनेत्रियां कमाई के मामले में हीरो से कम नहीं हैं। फिल्मों के अलावा वे विज्ञापन के जरिए भी अच्छी-खासी कमाई करती हैं। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की ये अभिनेत्रियां टैक्स भरने के मामले में हीरो से कम नहीं हैं। आइए आज आपको बॉलीवुड की कुछ ऐसी ही अभिनेत्रिओं के बारे में बताते हैं -

इस लिस्ट में दीपिका पादुकोण का नाम सबसे पहले आता है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें दीपिका बॉलीवुड में सबसे ज्यादा टैक्स भरती हैं। वहीं अगर अभिनेत्री की कमाई की बात करें तो विज्ञापन और फिल्मों के जरिए करोड़ों में कमाई करती हैं। सोशल मीडिया पर भी उन्हें काफी संख्या में फॉलो करते हैं। रिपोर्ट की मानें तो दीपिका टैक्स भरने के मामले में कई स्टार्स से आगे हैं।

आलिया

बॉलीवुड की खूबसूरत अभिनेत्री आलिया भट्ट इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर आती हैं। आलिया कई हिट फिल्मों का हिस्सा रह चुकी हैं। फिल्मों के अलावा वे कई बड़े ब्रांड्स के लिए भी काम करती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आलिया पांच से छह करोड़ रुपये हर साल का आयकर भरती हैं।

कटरीना कैफ

कटरीना कैफ की गिनती बॉलीवुड की टॉप अभिनेत्रियों में होती है। सोशल मीडिया पर उन्हें करोड़ों लोग उन्हें फॉलो करते हैं। फिल्मों के अलावा विज्ञापनों के जरिए भी वे करोड़ों रुपए कमाती हैं। वहीं टैक्स भरने में भी वे कई हसीनाओं से आगे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मानें तो साल 2013-14 में वे सबसे अधिक टैक्स भरने वाली अभिनेत्रियों में से एक थीं।

कियारा आडवाणी

इस लिस्ट में बॉलीवुड की खूबसूरत अदाकारा कियारा आडवाणी का भी नाम शामिल है। कियारा बॉलीवुड को कई हिट फ़िल्में दे चुकी हैं। फिल्मों के साथ-साथ वे कई बड़े ब्रांड्स के लिए भी काम करती हैं। कियारा की जितनी आमदनी है उस हिसाब से वे करोड़ों रुपये का टैक्स भरती हैं।

विक्की विद्या का वो वाला वीडियो की शूटिंग हुई पूरी, राजकुमार राव ने साझा की जानकारी

राजकुमार राव की गिनती बॉलीवुड के सबसे प्रतिभाशाली अभिनेताओं में होती है। वे अब तक अपनी कई फिल्मों से दर्शकों का मनोरंजन कर चुके हैं। जल्द ही वे एक नई फिल्म के साथ फैंस को खास तोहफा देने वाले हैं। इस फिल्म का नाम विक्की विद्या का वो वाला वीडियो है। फिल्म में उनके साथ तृप्ति डिमरी भी नजर आएंगी। इसका निर्देशन ड्रीम गर्ल और ड्रीम गर्ल 2 बना चुके राज शांडिल्य ने किया है। हाल ही में इस फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। इस फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली गई है। फिल्म में दर्शकों को 90 के दशक की कहानी देखने को मिलेगी। यह फिल्म टी-सीरीज फिल्म्स, बालाजी टेलीफिल्म्स और वकाओ फिल्म्स के साथ थिंकिंग पिक्चर्ज के सहयोग से बनी है। शूटिंग खत्म होने के बाद इससे जुड़ीं तस्वीरें भी अब सामने आ गई हैं। तस्वीरों में फिल्म की पूरी कास्ट नजर आ रही है। एक तस्वीर में राज के साथ राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी दिख रही हैं। शूटिंग खत्म होने की जानकारी राजकुमार राव ने भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट से दी है। वर्क फ्रंट की बात करें तो राजकुमार राव इस समय अपनी आगामी फिल्म श्रीकांत को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में इसका ट्रेलर जारी किया गया था, जिसे देखकर फैंस हैरान रह गए थे। इस फिल्म को 10 मई को रिलीज करने की तैयारी है। वहीं, तृप्ति डिमरी की बात करें तो वे भूल भुलैया 3 और बैड न्यूज जैसी फिल्मों में नजर आने वाली हैं।



वरुण और जान्हवी की सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में सान्या मल्होत्रा की हुई एंट्री

निर्देशक शशांक खेतान की फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में एक नया अपडेट सामने आया है। इस फिल्म में वरुण धवन और जान्हवी कपूर के बाद दो नए कलाकारों की एंट्री हो गई है। वरुण धवन और जान्हवी कपूर की आगामी फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी रोमांस और भरपूर मनोरंजन से भरी होगी। निर्देशक शशांक खेतान की फिल्म में जान्हवी कपूर और वरुण धवन अहम किरदार में नजर आएंगे। यह एक रोमांटिक फिल्म होगी, जिसमें भरपूर मनोरंजन के साथ प्यार, तकरार और खूब सारी मस्ती देखने को मिलेगी। अब इस फिल्म में दो नए चेहरे जुड़ गए हैं। मीडिया सूत्रों की माने तो इस फिल्म में रोहित सराफ और सान्या मल्होत्रा की एंट्री हो गई है। इस फिल्म में सान्या मल्होत्रा और रोहित सराफ का काफी मजेदार रोल होगा। इस फिल्म की शूटिंग राजस्थान और मुंबई में होगी। यह फिल्म इस साल के आखिर तक रिलीज हो जाएगी। इस फिल्म की घोषणा एक सोशल मीडिया पोस्ट के साथ 22 फरवरी 2024 को की गई थी। इस पोस्ट में लिखा था, आपका सनी संस्कारी अपनी तुलसी कुमारी को लेने के लिए रास्ते में है। इस फिल्म में वरुण धवन सनी संस्कारी की भूमिका में नजर आएंगे, जबकि जान्हवी कपूर तुलसी कुमारी की भूमिका निभाएंगी। इस फिल्म से पहले भी वरुण और जान्हवी एक साथ फिल्म बवाल में काम कर चुके हैं। इस फिल्म में दोनों की जोड़ी फैंस को बेहद पसंद भी आई थी। दोनों की लाजवाब केमेस्ट्री ने लोगों का दिल जीत लिया था। एक बार फिर से जान्हवी कपूर और वरुण धवन की जोड़ी को देखने के लिए फैंस बेकरार हैं।

रोहित और सान्या की आगामी फिल्म

रोहित जल्द ही ओटीटी रिलीज मिसमैच्ड 3 के अलावा एक रोमांटिक कॉमेडी इश्क विश्क रिबाउंड की थिएट्रिकल रिलीज के लिए भी तैयारी कर रहे हैं। फिल्म में उन्हें जिबरान खान, पश्मीना रोशन और नैना ग्रेवाल के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करते हुए देखा जाएगा। निपुण अधिकारी द्वारा निर्देशित यह फिल्म 28 जून 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। सान्या मिसेज में नजर आएंगी, जिसे हवाई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2024, पाम स्प्रिंग्स इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2024 और टालिन ब्लैक नाइट्स फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित किया गया था।

इस फिल्म से डेब्यू करेंगे इब्राहिम अली खान

इब्राहिम अली खान अपनी सोशल लाइफ को लेकर अक्सर सुर्खियों में बने रहते हैं। उनका नाम अक्सर किसी ना किसी अभिनेत्री से जुड़ता आया है। हाल ही में इब्राहिम को सिटी में सपॉट किया गया। इस मौके पर पैपराजी ने इब्राहिम से उनके इंस्टाग्राम अकाउंट के बारे में पूछा। तब इब्राहिम ने खुलासा करते हुए कहा कि वह सोशल मीडिया पर अपनी डेब्यू फिल्म को लेकर एक बड़ा खुलासा करने वाले हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो इब्राहिम ने कुछ फिल्मों को साइन भी कर लिया है। अब इंट्राग्राम पर इब्राहिम अपनी फिल्मों को लेकर चर्चा करेंगे। इब्राहिम की इन बातों को सुनने के बाद उनके फैंस इस उलझन में फंस हुए हैं कि आखिर इब्राहिम किस तरह का एलान करने वाले हैं। क्योंकि वह तो पहले ही फिल्म सरजमीन में काम कर रहे हैं। तो फिर वह किस डेब्यू फिल्म के बारे में बात करना चाहते हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो इब्राहिम के पास करण जौहर की धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म सरजमीन है। इब्राहिम की फिल्म सरजमीन की शूटिंग चल रही है। यह फिल्म साल 2025 तक सिनेमाघरों में आ सकती है। इस फिल्म में इब्राहिम के अलावा काजोल भी नजर आ सकती हैं। अब देखना यह है कि कल सुबह इब्राहिम अपनी किस डेब्यू फिल्म के बारे में बात करते हैं। इस फिल्म से बोमन ईरानी के बेटे कायोज ईरानी भी बतौर डायरेक्टर अपनी शुरुआत करने वाले हैं। इब्राहिम की इस फिल्म के लिए अभीतक किसी अभिनेत्री को अप्रोच नहीं किया गया है। इब्राहिम का अंदाज अपने पिता से बहुत मेल खाता है। इससे पहले इब्राहिम की बहन और एक्ट्रेस सारा अली खान ने ही यह कंफर्म किया था कि उनका भाई फिल्मों में डेब्यू करने वाला है। सारा ने यह भी बताया था कि इब्राहिम ने हाल ही अपनी पहली फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। हो सकता है कि सारा उनकी फिल्म सरजमीन के बारे में ही बात कर रही हो।

नौ साल बाद पर्दे पर वापसी करने वाले हैं इमरान? वीर दास के साथ इस फिल्म में दिखेगी जुगलबंदी

अभिनेता इमरान खान अपनी पहली फिल्म से ही रातों-रात बॉलीवुड के चॉकेलेटी ब्वॉय बन गए थे। फिलहाल वह लंबे समय से फिल्मों में नजर नहीं आए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इमरान एक बार फिर से फिल्मी पर्दे पर वापसी करने को तैयार हैं। लंबे वक्त तक फिल्मी पर्दे से दूर रहे अभिनेता इमरान खान एक बार फिर अपने अभिनय का जलवा बिखेरते नजर आ सकते हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वह एक बार फिर से पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। बता दें कि इमरान खान एक समय पर बॉलीवुड के आगामी सुपरस्टार के तौर पर देखे जा रहे थे। वह पहली बार मुख्य भूमिका में फिल्म जाने तू या जाने ना में नजर आए थे। फिल्म में इमरान खान को काफी पसंद भी किया गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अभिनेता इमरान खान फिल्मों में वापसी करने का मन बना लिया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक वह इस प्रोजेक्ट में काफी दिलचस्पी ले रहे हैं। यह एक कॉमेडी फिल्म होगी। इस फिल्म का निर्माण उनके मामा आमिर खान कर रहे हैं। वहीं, कॉमेडियन सह अभिनेता वीर दास इस फिल्म से अपने निर्देशन करियर की शुरुआत करेंगे। कहा जा रहा है कि इससे पहले वह एक वेब सीरीज में नजर आने वाले थे, लेकिन वह सीरीज फिलहाल ठंडे बस्ते में चली गई है।

हैप्पी पटेल की भूमिका में दिखेंगे

अभिनेता की फिल्मी पर्दे पर वापसी की खबरों से उनके फैंस में काफी उत्साह है। लंबे समय से उनके फैंस इस दिन का इंतजार कर रहे थे। एक रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म की शूटिंग गोवा में शुरू भी हो चुकी है। फिल्म का नाम हैप्पी पटेल बताया जा रहा है। फिल्म में वह हैप्पी पटेल नाम के व्यक्ति का किरदार करेंगे। यह फिल्म इमरान की पुरानी फिल्मों के जैसी ही होगी, जिसमें कॉमेडी का तड़का नया होगा।फिल्म को कॉमेडियन सह अभिनेता वीर दास निर्देशित करेंगे। यह उनकी बतौर निर्देशक पहली फिल्म होगी। वीर और इमरान इससे पहले फिल्म डेल्ही बेली में नजर आ चुके हैं। इस फिल्म में भी उनके मामा आमिर खान निर्माता थे। इमरान खान ने बतौर मुख्य अभिनेता फिल्म जाने तू या जाने ना से डेब्यू किया था। इस फिल्म में उनके साथ अभिनेत्री जेनेलिया डिसूज़ा भी नजर आई थीं। फिल्म के रिलीज के साथ ही वह बॉलीवुड के नए चॉकलेटी ब्वॉय बन गए थे। हालांकि, फिल्मों को लेकर अपने चयन और लगातार फ्लॉप फिल्में देने की वजह से उनका करियर लंबा नहीं चल सका। वह आखिरी बार फिल्म कट्टी बट्टी में नजर आए थे। यह फिल्म साल 2015 में रिलीज हुई थी। इसमें उनके साथ चर्चित अदाकारा कंगना रनौत भी नजर आई थीं।